YouTube kanwhizztimes
@kanwhizztimes
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❑ वर्ष-14 ❑ अंक-218 ❑ गुरुवार, 11 सितम्बर 2025 ❑ नगर संस्करण ❑ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❑ मूल्य- ₹ 3.00 ❑ पृष्ठ-12



पं. बल्लभ पंत सादगी के साथ लोक सेवा को समर्पित व्यक्ति थे, जिन्होनें अपने जीवन में विभिन्न पदों पर रहते हुए ईमानदारी की राह को कभी नही छोड़ा। ओम बिरला

एससीओ की क्षेत्रीय परिषद ने पहलगाम आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा की 11

मोदी ने कतर के अमीर से बात की, दोहा पर हमले पर जताई चिंता 11

# सेना ने सुरक्षा की कमान संभाली प्रतिबंधात्मक आदेश लागू किए

## नेपाल हिंसा : प्रदर्शन की आड़ में लूटपाट, आगजनी रोकने के लिए सेना की टुकड़ियां तैनात

एजेंसी

काठमांडू। नेपाल की सेना ने विरोध प्रदर्शन की आड़ में संभावित हिंसा को रोकने के लिए बुधवार को देशव्यापी प्रतिबंधात्मक आदेश लागू कर दिए और कर्फ्यू लगा दिया है।

यह कदम ऐसे समय में उठाया गया है कि जब एक दिन पहले ही सरकार विरोधी हिंसक प्रदर्शनों के कारण के पी ओली को प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देना पड़ा। प्रदर्शन के दौरान देश की प्रमुख इमारतों में आग लगा दी गयी, जिसके बाद देश में तनाव व्याप्त हो गया। देशभर में सेना की टुकड़ियां तैनात किए जाने के बाद नेपाल की राजधानी काठमांडू और अन्य प्रमुख शहर वीरान नजर आए।

सेना ने एक बयान में कहा कि प्रतिबंधात्मक आदेश पूरे देश में सुबह से शाम पांच बजे तक प्रभावी रहेंगे और उसके बाद बृहस्पतिवार सुबह छह बजे तक कर्फ्यू लागू रहेगा। सेना ने कहा कि प्रदर्शन की आड़ में लूटपाट, आगजनी और अन्य विनाशकारी गतिविधियों की संभावित घटनाओं को रोकने के लिए ये कदम ज़रूरी हैं। मंगलवार रात 10 बजे से देशभर में सुरक्षा अभियान की कमान संभालने वाली सेना ने चेतावनी दी कि प्रतिबंधात्मक अवधि के दौरान किसी भी प्रकार के प्रदर्शन, तोड़फोड़, ● शेष पेज 11 पर



### अंतरिम पीएम के लिए पूर्व चीफ जस्टिस सुशीला कार्की का नाम सबसे आगे



नेपाल में जेनजेड प्रदर्शनकारियों के बीच अंतरिम पीएम के लिए पूर्व चीफ जस्टिस सुशीला कार्की के नाम पर सहमति बनी है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, सुशीला कार्की ने इसके लिए सहमति दे दी है। आज 5000 आंदोलनकारी युवाओं ने वर्चुअल बैठक की थी। बैठक में काठमांडू के मेयर बालेन शाह के नाम पर भी चर्चा की गई थी, लेकिन उन्होंने युवाओं की अपील का कोई जवाब नहीं दिया। इससे बाद दूसरे नाम पर चर्चा की गई।

## डीजीपी और एडीजी कानून व्यवस्था लगातार सीमा से जानकारी लेते रहे

❑ नेपाल सीमा पर सतर्कता और बढ़ी, दो-दो कम्पनी पीएसी के साथ अतिरिक्त पुलिस बल तैनात

लखनऊ। नेपाल में संवेदनशील स्थिति को देखते हुए सीमा से सटे यूपी के जिलों में सतर्कता और बढ़ा दी गई है। इन जिलों में दो-दो कंपनियां पीएसी तैनात करने के अलावा अतिरिक्त फोर्स भी लगा दी गई है। डीजीपी राजीव कृष्ण और एडीजी कानून-व्यवस्था अमिताभ यश नेपाल सीमा के जिलों के एसपी से लगातार सम्पर्क बनाए हुए हैं। उनसे नेपाल के हालातों की वजह से सीमा पर होने वाली हलचल को लेकर लगातार जानकारी ले रहे हैं। यूपी पुलिस एसएसबी के अलावा नेपाल की पुलिस से भी सम्पर्क में है। हालांकि वहां के वर्तमान हालत में नेपाल के पुलिस अफसर ज्यादा बात करने की स्थिति में नहीं है। डीजीपी राजीव कृष्ण ने बताया कि नेपाल में वर्तमान स्थिति अभी सामान्य नहीं हुई है। दो दिन पहले से ही यूपी पुलिस अलर्ट है। वहां के बदलते हालातों को देखते हुए यहां भी सतर्कता बढ़ाई गई है। हर गतिविधि पर नजर रखी जा रही है। नेपाल से सटे जिलों श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर, ● शेष पेज 11 पर

# देशभर में एक साथ होगा वोटर्स लिस्ट वेरिफिकेशन

एजेंसी

नई दिल्ली। बिहार में वोटर्स लिस्ट के स्पेशल इंटेसिव रिविजन (एसआईआर) यानी वोटर्स लिस्ट वेरिफिकेशन के बाद, अब चुनाव आयोग पूरे देश में एक साथ एसआईआर कराएगा। एजेंसी ने सूत्रों के हवाले से बताया कि एसआईआर की शुरुआत कब होगी, अभी तक इसकी आधिकारिक तारीख तय नहीं हुई है।

सूत्रों ने बताया कि बिहार में इस साल के अंत में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं, इसलिए चुनाव आयोग ने सबसे पहले बिहार में एसआईआर किया। देश के बाकी हिस्सों के लिए एसआईआर की तारीख का ऐलान अलग से जारी किया जाएगा। चुनाव आयोग ने इस साल 24 जून को अपने एक आदेश के जरिए पूरे देश में एसआईआर करने की घोषणा की थी। चुनाव आयोग ने देशभर में एसआईआर की रूपरेखा पर चर्चा करने के लिए बुधवार को दिल्ली में सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों के साथ मीटिंग की थी। इसमें मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार भी मौजूद थे। चुनाव आयोग के इस विशिष्ट आयोजन में राज्यों के सीईओ के समक्ष विभिन्न सत्रों में एसआईआर की तैयारियों सहित साढ़े तीन घंटे से अधिक के प्रेजेंटेशन दिए गए। आयोग ने अलग अलग राज्यों के मुख्य निर्वाचन आधिकारियों को वहां होने वाले विशेष गहन पुनरीक्षण के लिए मतदाताओं की तस्दीक के लिए जमा कराए जाने वाले सनदी प्रमाणपत्रों की सूची बनाने को भी कहा गया है।




❑ दावा- बिहार में चुनाव हैं, इसलिए एसआईआर पहले हुआ; अन्य राज्यों में तारीख की घोषणा अलग से होगी

ये सूची राज्य में स्थानीय स्तर पर मान्य सहज उपलब्ध दस्तावेजों पर आधारित होगी। अलग-अलग राज्यों में दस्तावेजों के नाम और प्रकार होंगे। जैसे आदिवासी बहुल राज्यों में, उत्तर पूर्वी समीवर्ती राज्यों में, समुद्र तटीय राज्यों में कई जगह पहचान और आवास के विशिष्ट प्रमाणपत्र भी होते हैं। कई जगह क्षेत्रीय स्वायत्त बोर्ड और निकाय भी ऐसे प्रमाण पत्र जारी करते हैं। चुनाव आयोग द्वारा 25 जून से शुरू हुई एसआईआर प्रक्रिया के तहत मतदाता सूची को अपडेट करने का कार्य किया। इस प्रक्रिया के पहले चरण में एक अगस्त को मसौदा मतदाता सूची जारी की गई थी, जिसमें 7।24 करोड़ नाम दर्ज थे जो पहले की तुलना में 65 लाख कम थे। एक अगस्त से एक सितंबर तक दावों और आपत्तियों की अवधि के दौरान कुल 16 लाख 56 हजार 886 लोगों ने नए नाम जोड़ने के लिए आवेदन किया। इसके अलावा 2 लाख 17 हजार 49 लोगों ने नाम हटाने और 36 हजार 475 लोगों ने मतदाता सूची में सुधार के लिए आवेदन जमा किए। ● शेष पेज 11 पर

## संक्षेप

### अब से स्मार्ट प्रीपेड मीटर के साथ ही दिए जाएंगे नए बिजली कनेक्शन

**लखनऊ।** प्रदेश में नए बिजली कनेक्शन अब स्मार्ट प्रीपेड मीटर के साथ ही दिए जाएंगे। इसे प्रीपेड मोड में ही चालू करके दिया जाएगा। पावर कॉरपोरेशन प्रबंध निदेशक पंकज कुमार ने बुधवार को आदेश जारी किया। पंकज कुमार ने कहा है कि जहां अभी स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाए जा रहे हैं, वहां अनिवार्य रूप से इस पर अमल किया जाएगा। किसी उपभोक्ता के यहां अगर खराबी की वजह से मीटर बदलने पड़ रहे हैं या लोड बढ़ने से मीटर बदले की स्थिति आ रही है, तो वहां पर भी उसकी जगह स्मार्ट प्रीपेड मीटर ही लगाए जाएं। जिन क्षेत्रों में अभी मीटर बदलने का काम नहीं हो रहा है, वहां भी जब पुराने मीटर बदले जाएंगे, तो यही व्यवस्था लागू होगी। आदेशों में फिलहाल कृषि उपभोक्ताओं को रियायत दी गई हैं। प्रदेश में अभी तक आरडीएसएस योजना के तहत पुराने मीटरों को स्मार्ट प्रीपेड मीटरों से बदला जा रहा था, लेकिन नए कनेक्शन देने के लिए पुराने मीटर ही इस्तेमाल हो रहे थे। ऐसे में मीटरों पर दोहरा खर्च आ रहा था। नए कनेक्शन भी स्मार्ट प्रीपेड मीटर के साथ ही दिए जाएंगे, तो इससे प्रदेश में प्रीपेड मीटर लगाने की प्रक्रिया में तेजी आएगी।

### मनमोहन सिंह को अर्थशास्त्र के लिए मरणोपरांत पीवी नरसिम्हा राव स्मृति पुरस्कार

**नई दिल्ली।** पूर्व प्रधानमंत्री और प्रख्यात अर्थशास्त्री डॉ. मनमोहन सिंह को भारत के आर्थिक बदलाव और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान के लिए मरणोपरांत पीवी नरसिम्हा राव स्मृति अर्थशास्त्र पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। हैदराबाद स्थित पीवी नरसिम्हा राव स्मृति संस्थान (पीवीएनएमएफ) ने बुधवार को एक बयान में बताया कि पिछले हफ्ते राष्ट्रीय राजधानी में उनकी पत्नी गुरशरण कौर ने यह पुरस्कार ग्रहण किया। यह पुरस्कार पूर्ववर्ती योजना आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष और सेंटर फॉर सोशल एंड इकॉनमिक प्रोग्रेस के विशिष्ट फ़ेलो मोंटेक सिंह अहलूवालिया ने प्रदान किया। इस अवसर पर पीवीएनएमएफ के अध्यक्ष के रामचंद्र मूर्ति और महासचिव माधमचेट्टी अनिल कुमार भी उपस्थित थे। अर्थशास्त्र में उत्कृष्ट योगदान को मान्यता देने के लिए पीवीएनएमएफ ने इस पुरस्कार की स्थापना की थी।

### कैंसर संस्थान में बढ़ेंगे 220 बेड, मरीजों को मिलेगी राहत

**लखनऊ।** लखनऊ के चक गंजरिया स्थित कल्याण सिंह सुपर स्पेशयलिटी कैंसर संस्थान ने 220 बेड बढ़ाने के निर्णय लिया है। संस्थान के निदेशक डॉ. एमएलबी भट्ट ने बुधवार को पत्रकारों को बताया कि अभी 280 बेड पर मरीज भर्ती किए जा रहे हैं। जल्द ही 500 बेड पर मरीजों की भर्ती शुरू होगी। लगभग 220 बेड की वृद्धि की जा रही है। ऑपरेशन की संख्या में भी तेजी से इजाफा हो रहा है। संस्थान में 24 ऑपरेशन थिएटर हैं।

# हमें अपने संविधान पर गर्व

एजेंसी

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को एक केस की सुनवाई के दौरान नेपाल और बांग्लादेश में हुए तख्तापलट और हिंसक आंदोलन का जिक्र किया है। अदालत ने कहा कि हमें अपने संविधान पर गर्व है। आप देखिए कि पड़ोसी देशों नेपाल और बांग्लादेश में कैसे हालात बने हैं। सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस बीआर गवई ने यह टिप्पणी राज्यपालों और राष्ट्रपति के लिए बिल पास करने पर टाइमलाइन तय किए जाने को लेकर की। इस मामले में राष्ट्रपति की ओर से रेफरेंस दाखिल किया गया है, जिस पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई चल रही है और कई दिनों से लंबी बहस जारी है।

आज एक बार फिर से इस मामले में दिलचस्प बहस देखने को मिली। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने राज्यपालों की ओर से विधेयक रोके जाने की जानकारी दी तो वहीं कपिल सिब्बल ने कहा कि 2014 के बाद ऐसे मामले बढ़ गए हैं और उससे पहले ऐसा होता ही नहीं था। इस पर सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि मैं तो आपकी सरकार की भी

❑ नेपाल विद्रोह पर सीजेआई बोले- देखिए पड़ोसी देशों में क्या हाल है, राष्ट्रपति-गवर्नर डेडलाइन केस के दौरान टिप्पणी की



तारीफ कर रहा हूं। 1970 के बाद से अब तक डेटा मैंने पेश किया है। इस पर कपिल सिब्बल ने कहा कि आपको तारीफ करनी ही चाहिए क्योंकि 2014 से पहले ऐसा हुआ भी नहीं था। इस पर मेहता ने कहा कि मैंने तो सटीक डेटा दिया है कि कैसे संविधान काम करता है।

इस दौरान सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने यह भी कहा कि हम पहले ही कह चुके हैं कि राज्यपाल केंद्र सरकार का एजेंट नहीं होता है। वह एक न्यूट्रल संवैधानिक पदाधिकारी होता है, जो निष्पक्ष होकर ही काम करता है। वह संविधान के अनुसार ही काम करता है और उसके अनुसार फैसले लेने में राज्य सरकार को मदद करता है। वह राज्य सरकार और केंद्र के बीच किसी भी ● शेष पेज 11 पर

## नागरिकता से पहले मतदाता बनने का सोनिया पर आरोप, अदालत का फैसला सुरक्षित

नयी दिल्ली। दिल्ली की एक अदालत ने कंग्रेस नेता सोनिया गांधी के कथित तौर पर भारत की नागरिकता लेने से पहले यहां की मतदाता सूची में नाम शामिल होने के आरोप मामले में उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग को लेकर पेश याचिका पर बुधवार को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। राउज एवेन्यू स्थित अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट वैभव चौरसिया ने शिकायतकर्ता विकास त्रिपाठी की याचिका पर सुनवाई के बाद यह फैसला लिया। अदालत ने याचिकाकर्ता की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता पवन नारंग की दलीलें सुनने के बाद यह फैसला सुरक्षित रख लिया। श्री त्रिपाठी की याचिका में श्रीमती गांधी पर गंभीर आरोप लगाये गए हैं। याचिका में श्रीमती गांधी का नाम भारत की नागरिकता हासिल करने से पहले 1980 में नई दिल्ली निर्वाचन क्षेत्र की मतदाता सूची में शामिल किया गया था। याचिकाकर्ता का दावा है कि श्रीमती गांधी ने अप्रैल 1983 में भारत की नागरिकता हासिल की थीं। उनका यह भी दावा है कि श्रीमती गांधी का ● शेष पेज 11 पर

# टम्प, मोदी के बयानों से व्यापार समझौते की उम्मीद बढ़ी

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारत और अमेरिका के व्यापारिक और रणनीतिक संबंधों को लेकर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हाल के बयानों से दोनों पक्षों के बीच व्यापार समझौते के जल्द होने की उम्मीद जग गयी है।

श्री ट्रम्प ने इसी माह भारत और अमेरिका के आपसी संबंधों के महत्व और प्रधानमंत्री मोदी के साथ अपनी दोस्ती को लेकर सोशल मीडिया पर दो बार बयान दिये। श्री मोदी ने भी दोनों बार उनका सोशल मीडिया पर रचनात्मक और उत्साह जनक जवाब दिया है। भारत के निर्यात पर अमेरिका में 50 प्रतिशत का भारी आयात शुल्क लागू किये जाने के से दोनों देशों के बीच संबंधों में तनाव बना हुआ है। भारत में अमेरिकी राष्ट्रपति के उन बयानों को भी अच्छी दृष्टि से नहीं देखा गया है जिनमें उन्होंने मई में भारत और पाकिस्तान के



बीच भड़के सैन्य संघर्ष को व्यापार संबंध खत्म करने की धमकी के जरिये रुकवाने का दावा किया गया था। श्री ट्रम्प ने अमेरिकी समय के अनुसार मंगलवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि , 'मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि भारत और अमेरिका दोनों देशों के बीच व्यापार की बाधाओं के समाधान के लिए बातचीत में लगे हुए हैं। मुझे आने वाले सप्ताहों में अपने बहुत अच्छे मित्र प्रधानमंत्री मोदी से बातचीत की प्रतीक्षा है। मुझे यकीन है कि हमारे दोनों महान देशों के लिए सफल समापन तक पहुंचने में कोई कठिनाई नहीं होगी। इसके जवाब में आज श्री मोदी ने एक्स पर लिखा, ' भारत और अमेरिका आपस में गहरे मित्र और स्वाभाविक भागीदार हैं। मुझे विश्वास है कि हमारी व्यापार वार्ताओं से भारत-अमेरिका भागीदारी की असीम संभावनाओं का मार्ग प्रशस्त होगा। श्री मोदी ने कहा, 'हमारी टीमें इन वार्ताओं को अतिशीघ्र सम्पन्न करने के लिए प्रयासरत ● शेष पेज 11 पर

# वाराणसी पहुंचे मॉरीशस के प्रधानमंत्री रामगुलाम

एजेंसी

नई दिल्ली/वाराणसी। मॉरीशस के प्रधानमंत्री नवीनचंद्र रामगुलाम बुधवार शाम तीन दिवसीय यात्रा पर काशी पहुंचे। लाल बहादुर शास्त्री अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से सड़क मार्ग द्वारा वे होटल ताज पहुंचे। रास्ते में छह स्थानों पर स्वागत प्वाइंट बनाए गए थे, जहां काशीवासियों और भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया।

हवाई अड्डे पर उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और प्रदेश सरकार के मंत्री सुरेश खन्ना ने उनका स्वागत किया। गिलट बाजार में मॉरीशस के प्रधानमंत्री के स्वागत में आजमगढ़ के कलाकार लिल्ली घोड़ी धोबिया नृत्य पेश किए तो स्कूली बच्चे विभिन्न रूपों में दोनों देशों के फ्लैग के साथ खड़े होकर स्वागत किए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गुरुवार पूर्वाह्न वाराणसी में मारीशस के प्रधानमंत्री डॉ. नवीनचंद्र रामगुलाम की मेज़बानी

❑ मोदी आज मारीशस के प्रधानमंत्री रामगुलाम का वाराणसी में करेंगे स्वागत, वहां से जाएंगे उत्तराखंड

करेंगे और इसके बाद वहां से उत्तराखंड के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के हवाई सर्वेक्षण के लिए देहरादून जाएंगे।

प्रधानमंत्री कार्यालय की एक विज्ञप्ति के अनुसार श्री मोदी कल लगभग 11:30 बजे प्रधानमंत्री श्री रामगुलाम का वाराणसी में स्वागत करेंगे। वह 9 से 16 सितंबर तक भारत की राजकीय यात्रा पर हैं। श्री मोदी वहां से देहरादून जाएँगे और लगभग 4:15 बजे, उत्तराखंड के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का हवाई सर्वेक्षण करेंगे। प्रधानमंत्री लगभग पांच बजे अधिकारियों के साथ एक उच्च-स्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय ने कहा है कि ऐतिहासिक शहर वाराणसी में दोनों नेताओं के बीच यह बैठक स्थायी सभ्यतागत जुड़ाव, आध्यात्मिक बंधन और लोगों के बीच गहरे संबंधों ● शेष पेज 11 पर

## ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा में बोले गोरक्षपीठाधीश्वर

# योग्य गुरु मिले तो कोई भी मनुष्य अयोग्य नहीं : योगी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोरखपुर। गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि मनुष्य ईश्वर की सर्वश्रेष्ठ कृति है। अगर कोई मनुष्य अयोग्य है तो मानकर चलिए उसे योग्य योजक नहीं मिला। योग्य गुरु मिलने पर मनुष्य अयोग्य हो ही नहीं सकता। इस परिप्रेक्ष्य में युगपुरुष ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ महाराज और राष्ट्रसंत ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की सर्वस्वीकार्य प्रतिष्ठा सुयोग्य योजक की रही है।

सीएम योगी को युगपुरुष ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ महाराज की 56वीं तथा राष्ट्रसंत ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ महाराज की 11वीं पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में आयोजित साप्ताहिक श्रद्धांजलि समारोह के अंतर्गत बुधवार को महंत दिग्विजयनाथ की पुण्यतिथि पर अपनी भावाभिव्यक्ति कर रहे थे। 'अमन्त्रमक्षरं नास्ति, नास्ति मूलमनौषधम्, अयोग्यः पुरुषो नास्ति योजकस्तत्र दुर्लभः' का उद्धरण देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसा कोई अक्षर नहीं

❑ समाज और राष्ट्र को दिशा दिखाई गोरक्षपीठ के ब्रह्मलीन महंतद्वय ने : मुख्यमंत्री

है जिसमें मंत्र बनने का सामर्थ्य न हो और ऐसी कोई वनस्पति नहीं है जिसमें औषधीय गुण न हो। ऐसे ही कोई व्यक्ति अयोग्य नहीं होता, जरूरत होती है व्यक्ति की योग्यता को पहचान कर उसे सही दिशा देने वाले गुरु की। गोरक्षपीठ के ब्रह्मलीन महंतद्वय ने सदैव योजक की भूमिका का निर्वहन कर समाज और राष्ट्र को दिशा दिखाई। पूर्ववर्ती दोनों पीठाधीश्वरों युगपुरुष ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ जी महाराज और राष्ट्र संत ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ महाराज का पूरा जीवन देश और धर्म के लिए समर्पित था।

मुख्यमंत्री ने कहा कि साधु अकेला होता है। समाज उसका परिवार, राष्ट्र उसका कुटुंब होता है और उसकी जाति सिर्फ सनातन होती है। उन्होंने कहा कि संतों के संकल्प में पवित्रता, दृढ़ता होती है, संकल्प में उसकी साधना के अंश होते हैं। और, जब सच्चा संत कोई संकल्प लेता है तो



उसके परिणाम अवश्य आते हैं। ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ और ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ ऐसे ही संकल्पों वाले संत थे। अयोध्या के श्रीराम मंदिर निर्माण के उनके संकल्प और संकल्प के प्रति किए गए संघर्ष का परिणाम आज पूरी दुनिया के सामने है। मुख्यमंत्री ने ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ जी महाराज की पुण्य स्मृति को नमन करते हुए कहा कि महंतश्री का जन्म इतिहास प्रसिद्ध मेवाड़ की उस कुल परम्परा में हुआ था जिसने विदेशी आक्रांताओं के सामने कभी समर्पण नहीं किया। वह हिंदुआ सूर्य महाराणा प्रताप की परम्परा से गोरखपुर आए। उनका जीवन सिर्फ आध्यात्मिक उन्नयन तक सीमित नहीं रहा बल्कि उन्होंने धर्म के अभ्युदय के साथ समाज और राष्ट्र के हित में सांसारिक उत्कर्ष को भी शिक्षा और सेवा के माध्यम से आमजन के लिए महत्व दिया। यही कार्य महंत अवेद्यनाथ जी ने भी किया। सीएम योगी ने कहा कि सच्चा साधु धर्म के अभ्युदय और निः श्रेयस, दोनों को साथ लेकर चलता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि महंत दिग्विजयनाथ जी गोरखनाथ मंदिर के वर्तमान स्वरूप के शिल्पी थे। उन्होंने इसे सनातन परंपरा के वैभवशाली मंदिर के रूप में स्थापित किया। इसके साथ ही उनकी ख्याति पूर्वी उत्तर प्रदेश में शैक्षिक क्रांति के पुरोधा के रूप में भी है। 1932 में उन्होंने महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद की स्थापना के साथ ही गोरखपुर में विश्वविद्यालय स्थापित करने का संकल्प लिया था। देश की आजादी के बाद जब गोरखपुर में विश्वविद्यालय स्थापित करने की बात आगे बढ़ी तो बहुत से लोग पीछे हट गए। तब महंत दिग्विजयनाथ जी ने अपने दो डिग्री कॉलेज दान में देकर विश्वविद्यालय की स्थापना सुनिश्चित कराई। उन्होंने बालिका शिक्षा के केंद्र को भी स्थापित करने का संकल्प बालिका विद्यालय बनवाकर पूरा किया। सीएम योगी ने कहा कि ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ ने गुलामी के प्रतीकों का हटाने का संकल्प लिया था। अयोध्या में गुलामी की निशानी ढांचे को हटाकर भव्य श्रीराम मंदिर बनाना उनका और ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ जी का संकल्प और सपना था। आज दोनों आचार्यों का यह संकल्प गुलामी के निशान को हटाकर पूरा हो चुका है। उन्होंने कहा कि आज ऐसा कौन भारतीय होगा जिसे अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि पर भव्य मंदिर देखकर गर्व न होता हो। कोई ऐसा होगा तो उसके भारतीय होने पर ही ● शेष पेज 11 पर

# सुगम पोर्टल से विभागों के बीच बेहतर समन्वय बनेगा और जनता को राहत मिलेगी : शर्मा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा की अभिनव पहल पर नगरीय क्षेत्रों में विभिन्न विभागों के कार्यों को सुचारु और पारदर्शी तरीके से क्रियानवित करने के लिए 'सुगम पोर्टल' विकसित किया जा रहा है। इस पोर्टल के माध्यम से विभागीय कार्यों के दौरान सार्वजनिक संपत्तियों को नुकसान से बचाया जाएगा और नागरिकों को भी किसी प्रकार की असुविधा नहीं होगी।इस संबंध में नगर विकास मंत्री की उपस्थिति में विभाग द्वारा लखनऊ स्थित संगम सभागार में विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर गहन चर्चा की गई।

इस अवसर पर मंत्री श्री शर्मा ने कहा कि ई-गवर्नेंस के माध्यम से तकनीक के प्रभावी उपयोग से हम परियोजनाओं को समयबद्धता और गुणवत्ता के साथ पूरा करेंगे। सुगम पोर्टल से विभागों के बीच बेहतर समन्वय बनेगा और जनता को राहत मिलेगी।

जल निगम, बीएसएनएल, पीडब्ल्यूडी, ऊर्जा विभाग, वन विभाग या अन्य विभाग नगरीय क्षेत्र में कोई भी कार्य प्रारंभ करने से पहले इस पोर्टल पर आवेदन करेंगे। आवेदन के साथ उन्हें यूजर चार्ज जमा करना होगा। कार्य पूर्ण होने के बाद, यह सुनिश्चित करने पर कि किसी अन्य विभाग की परिसंपत्तियों को नुकसान नहीं पहुँचा है, या पहुँचा है तो उसे रिपेयरिंग करके पूर्ववत कर दिया गया है, उक्त राशि वापस कर दी जाएगी। नगर विकास मंत्री ने बताया कि अक्सर एक विभाग का कार्य दूसरे विभाग की परिसंपत्तियों को प्रभावित कर देता है। जैसे ऊर्जा विभाग द्वारा तार लगाते समय दूरसंचार विभाग की लाइनें क्षतिग्रस्त हो जाती हैं या जल निगम कार्य करते समय बनी बनाई सड़के खोदकर खुली छोड़ देता है। निकाय या पीडब्ल्यूडी द्वारा रोड के कार्य करते हुए बिजली की अंडरग्राउंड लाइन छतिग्रस्त कर दी जाती है। इससे विभिन्न विभागों की परिसंपत्तियों को क्षति पहुंचने के साथ ही आम जनता को भी असुविधा होती है। सुगम पोर्टल लागू होने के बाद ऐसी समस्याओं पर पूरी तरह अंकुश लगेगा। नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री श्री ए.के. शर्मा के नेतृत्व में यह कदम शहरी अवसंरचना के क्षेत्र में एक बड़ी तकनीकी उपलब्धि साबित होगा, इससे विभागीय समन्वय के साथ विकास कार्यों को गति मिलेगी और आम नागरिकों को भी इसका सीधा लाभ होगा।इस तरह का अभिनव पहल प्रदेश में पहली बार किया जा रहा है।

निदेशक नगरीय निकाय अनुज झा ने बताया कि यह पोर्टल म्युनिस्पलिटी एक्ट के प्रावधानों के अंतर्गत कार्य करेगा।इस पोर्टल पर आवेदन के साथ ही अन्य सभी संबंधित विभागों को मैसेज अलर्ट भी जाएगा जिससे कि उन्हें क्षेत्र विशेष में होने वाले कार्य की जानकारी रहे और वे अपनी विभागीय एसेट्स की सुरक्षा हेतु सजग रहें।कार्य पूर्ण होने के पश्चात सभी संबंधित विभाग के अधिकारियों द्वारा सामूहिक अवलोकन/निरीक्षण कर यह सुनिश्चित किया जाएगा कि कार्य के दौरान अन्य विभाग को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है और रेस्टोरेशन आदि का कार्य पूर्ण गुणवत्ता के साथ किया गया है। इस बैठक में विद्युत विभाग से पंकज कुमार,जलनिगम से रमाकांत पांडेय,नगरीय निकाय से ऋतु सुहास सहित बीएसएनएल, पीडब्ल्यूडी, गेल आदि के अधिकारी व्यक्तिगत या वर्चुवल जुड़े रहे।

## एनीमिया की ट्रैकिंग एवं उपचार कर लाई जा सकती है मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ उत्तर प्रदेश के प्रमुख सचिव, स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा पार्थ सारथी सेन शर्मा ने कहा कि गर्भावस्था के दौरान एनीमिया की ट्रैकिंग एवं उपचार कर मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लायी जा सकती है। श्री शर्मा ने बुधवार को कहा कि एनीमिया एक गंभीर स्वास्थ्य चुनौती है, जो मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को सीधे प्रभावित करती है। एनीमिया मातृ एवं नवजात मृत्यु का प्रमुख कारण है, क्योंकि यह प्रसूति जटिलताओं को बढ़ाता है। एड्रेसिंग मैटरनल एनीमिया इन उत्तर प्रदेश हैंडबुक का विमोचन करते हुए उन्होंने कहा कि यह हैंडबुक एनीमिया नियंत्रण के लिए व्यापक दृष्टिकोण प्रस्तुत करती है और दूरदराज़ की स्वास्थ्य इकाइयों पर कार्यरत स्वास्थ्यकर्मियों को भी एनीमिया प्रबंधन में सक्षम बनाएगी। किंग जार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी की कुलपति प्रो. सोनिया नित्यानंद ने कहा कि एनीमिया केवल चिकित्सीय नहीं, बल्कि सामाजिक समस्या भी है, जो पोषण, जागरूकता और स्वास्थ्य सेवाओं की पहुँच से जुड़ी है। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि एनीमिया से निपटने के लिए व्यापक दृष्टिकोण अपनाना जरूरी है, जिसमें हीमोग्लोबिनोपैथी, हीमोलिटिक एनीमिया और दीर्घकालिक बीमारियों से होने वाले एनीमिया की जाँच और प्रबंधन को भी शामिल किया जाना चाहिए।

उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह हैंडबुक स्वास्थ्यकर्मियों को व्यावहारिक एवं वैज्ञानिक मार्गदर्शन प्रदान करेगी और मातृ स्वास्थ्य तथा सुरक्षित मातृत्व सुनिश्चित करने में मील का पत्थर साबित होगी। इस मौके पर कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ अधिकारियों और विशेषज्ञों ने कहा कि इस हैंडबुक के प्रभावी क्रियान्वयन से एनीमिया मुक्त उत्तर प्रदेश का लक्ष्य शीघ्र ही साकार होगा और मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य में उल्लेखनीय सुधार सुनिश्चित होगा।

### राष्ट्रीय लोक अदालत में लंबित वादों के निस्तारण हेतु होटल, केबल ऑपरेटरों व वीडियो सीडी लाइब्रेरी संचालकों से अपील

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** उत्तर प्रदेश आमोद एवं पणकर अधिनियम, 1979 तथा उत्तर प्रदेश चलचित्र (विनियमन) अधिनियम, 1955 के अंतर्गत विभिन्न होटल संचालकों, वीडियो सीडी लाइब्रेरी/चिप डाउनलोडिंग सेंटर्स तथा केबिल टीवी ऑपरेटरों पर दाखिल वाद मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, प्रयागराज के न्यायालय में विचाराधीन हैं। दिनांक 13 सितम्बर 2025 (द्वितीय शनिवार) को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर प्रतिवादी अपने लंबित वादों का शीघ्र निस्तारण करा सकते हैं। सहायक आयुक्त, राज्य कर (पूर्व मनोरंजन कर), संजय कुमार गिरि ने सूचित किया है कि सभी संबंधित मल्टी सिस्टम केबिल ऑपरेटर, उनके फ्रेंचाइजी लोकल केबिल टीवी ऑपरेटर्स, होटल संचालक तथा वीडियो सीडी लाइब्रेरी/चिप डाउनलोडिंग सेंटर्स के स्वामी/संचालक इस अवसर का अधिकतम लाभ उठाएं। किसी भी सहायता, सहयोग, समस्या अथवा जानकारी के लिए सहायक आयुक्त, राज्य कर/पूर्व मनोरंजन कर, कलेक्ट्रेट, प्रयागराज के कार्यालय से संपर्क स्थापित किया जा सकता है।

### 18वीं अखिल भारतीय रेलवे सुरक्षा बल श्वान प्रतियोगिता-2025



**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज द्वारा 08 सितम्बर 2025 से 12 सितम्बर 2025 तक क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्र, सूबेदारगंज में 18वीं अखिल भारतीय रेलवे सुरक्षा बल (आर.पी.एफ.) श्वान प्रतियोगिता-2025 का आयोजन किया जा रहा है। दिनांक 09 सितम्बर 2025 को आयोजित प्रतियोगिता में सभी 16 जोनल रेलवे के कुल 66 श्वानों ने विस्फोटक एवं नारकोटिक्स ट्रेड के अंतर्गत बेसिक ओबीडिएंस, रिफ्यूजल ऑफ फूड इवेंट्स तथा ट्रैकिंग ट्रेड के सीक एंड फाइंड, सेंट आइडेंटिफिकेशन और सेंट डिस्क्रिमिनेशन इवेंट्स में भाग लिया और उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। वहीं, दिनांक 10 सितम्बर 2025 को विस्फोटक एवं नारकोटिक्स ट्रेड के 50 श्वानों ने ग्राउंड सर्च, व्हीकल सर्च, लगेज सर्च तथा ह्यूमन बॉडी सर्च जैसे कुल 08 इवेंट्स में प्रतिभाग किया और अपनी श्रेष्ठ क्षमता का प्रदर्शन किया। यह चैंपियनशिप 12 सितम्बर 2025 तक जारी रहेगी।

### जानकीपुरम पुलिस ने 3 अभियुक्तों को दबोचा

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** को जानकीपुरम थाने मे वादी द्वारा मुकदमा पंजीकृत कराया गया था कि अज्ञात व्यक्ति द्वारा उनके घर का ताला तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है इसी मामले की पड़ताल मे जुटी जानकीपुरम पुलिस द्वारा सघन चेकिंग लगाकर तीन अभियुक्तों को सामान सहित गिरफ्तार कर लिया गया है। बताया जा रहा है कि भटौली क्रासिंग पर जब पुलिस चेकिंग मे मशगूल थी तभी मुखबिर खास से सूचना मिली कि नौवा खेड़ा मंदिर के पास कुछ लोग संदिग्ध है जिसपर विश्वास करते हुए पुलिस ने वहां पहुंचकर अभियुक्त रावेन्द्र कुमार गौतम ,शिवा चौरसिया उर्फ़ जॉन और अभियुक्त मुन्ना बाबू उर्फ़ सोनू को अपनी गिरफ्त मे ले लिया अभियुक्तों के पास से घटना ने प्रयुक्त मोटरसाइकिल और अन्य जेवरात भी बरामद कर लिए जाने की बात कही गई है।अभियुक्तों पर दर्ज मुकदमे के आधार पर विधिक कार्यवाही कर दी गई है।

### प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर की गई सफाई



**वाराणसी।** मारीशस के प्रधानमंत्री एवं भारत के प्रधानमंत्री के वाराणसी आगमन तथा आगामी 17 सितम्बर को प्रधानमंत्री के जन्म दिवस के अवसर पर चलाये जा रहे स्वच्छता पखवाड़ा के दृष्टिगत आज सुबह महापौर अशोक कुमार तिवारी एवं नगर आयुक्त अक्षत वर्मा के द्वारा संयुक्त रूप से स्वच्छता अभियान चलाते हुये सफाई की गयी। सफाई अभियान खजुरी वार्ड के पांडेयपुर चौराहा एवं यादव बस्ती में स्वच्छता महा अभियान के अंतर्गत झाडू लगाकर सफाई किया गया। साथ इस टीम के द्वारा पुलिस लाइन से ताज होटल तक नगर निगम द्वारा की जा रही सफाई अभियान का निरीक्षण किया गया। साथ ही नगर निगम द्वारा की जा रही तैयारियों का जायजा लिया गया, जिसमें मार्ग प्रकाश, अतिक्रमण, सड़कों की सफाई, की जा रही सजावट को देखा परखा गया तथा पाये गये कमियों को तत्काल ठीक कराने के निर्देश दिये गये। निरीक्षण के समय नगर आयुक्त अक्षत वर्मा, अपर नगर आयुक्त सविता यादव, क्षेत्रीय पार्षद, सामान्य विभाग, जलकर विभाग, आलोक विभाग के अधिकारीगण, विधान परिषद सदस्य अश्वनी त्यागी, महानगर अध्यक्ष प्रदीप अग्रहरि, जिला अध्यक्ष हंसराज विश्वकर्मा, जगदीश त्रिपाठी आदि उपस्थित थे।

### महाना दोबारा सीपीए के सदस्य नामित

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** उत्तर प्रदेश विधान सभा के अध्यक्ष सतीश महाना को दोबारा कॉमनवेल्थ पार्लियामेंटरी एसोसिएशन (सीपीए) इंडिया रीजन कार्यकारी समिति का सदस्य नामित किया गया है। महाना की नियुक्ति वर्ष 2025 से 2028 तक तीन वर्ष की अवधि के लिए होगी। इससे पूर्व महाना 2022 से 2025 तक सदस्य रहे हैं। सीपीए विश्व के सर्वाधिक प्रतिष्ठित संसदीय संगठनों में से एक है, जिसका उद्देश्य संसदीय लोकतंत्र को सुदृढ़ करना और सदस्य देशों की विधानसभाओं के मध्य संवाद एवं सहयोग को बढ़ावा देना है। महाना के मीडिया सलाहकार श्रीधर अग्निहोत्री ने बताया कि सीपीए इंडिया रीजन की 11वीं कॉन्फ्रेंस 11 से 13 सितम्बर तक बेंगलुरु में होगी। इस दौरान कार्यकारी समिति की महत्वपूर्ण बैठक 11 सितम्बर रखी गई है। जिसमे सतीश महाना उत्तर प्रदेश विधान सभा की ओर से शामिल होंगे और प्रदेश विधान सभा की गरिमामयी परंपरा एवं दृष्टिकोण का प्रतिनिधित्व करेंगे। गौरतलब है कि महाना लगातार आठ बार विधान सभा के लिए निर्वाचित हुए हैं और विभिन्न संसदीय समितियों तथा मंत्रिमंडल में महत्त्वपूर्ण दायित्व निभा चुके हैं। विधानसभा अध्यक्ष के रूप में उन्होंने सदन की कार्यवाही को अधिक पारदर्शी, सुचारु और संवादपरक बनाने के लिए अनेक नवाचार किए हैं। जनता से सीधा जुड़ाव, लोकतांत्रिक संस्थाओं के प्रति आस्था और निरंतर सक्रियता उनकी विशेष पहचान है।

### सपा पार्टी कार्यालय के बाहर युवक ने ज्वलनशील पदार्थ डालकर खुद को आग लगाई

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के विक्रमादित्य मार्ग स्थित समाजवादी पार्टी (सपा) कार्यालय के बाहर बुधवार को युवक ने ज्वलनशील पदार्थ डालकर खुद को आग लगा ली। स्थीनीय लोगों ने उसे बचाकर सिविल अस्पताल में भर्ती कराया है। सूचना पाकर मौके पर पहुंची गौतमपल्ली थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है थाना प्रभारी पंकज कुमार अम्बष्ट ने बताया कि युवक की पहचान अलीगढ़ के टीन वाली मस्जिद के पीछे रहने वाले योगेंद्र उर्फ बॉबी के रूप में हुई है।

## यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो-2025: आगंतुक चखेंगे यूपी का स्वाद

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। योगी सरकार की पहल पर आयोजित यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो-2025 इस बार आगंतुकों को केवल प्रदेश के शिल्प और संस्कृति से ही नहीं, बल्कि खानपान की विविधता से भी रूबरू कराएगा।

''स्वाद उत्तर प्रदेश'' थीम के तहत आगंतुक गेट नंबर 3 से लेकर हॉल नंबर 7 तक प्रदेश के हर कोने के व्यंजनों का स्वाद ले सकेंगे। यहां 25 आकर्षक फूड स्टॉल्स लगाए जाएंगे, जहां देशी और विदेशी खरीदारों को यूपी के खानपान की समृद्ध परम्परा का अनुभव मिलेगा। 25 से 29 सितम्बर तक ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो मार्ट में उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो के तीसरे संस्करण का आयोजन होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 25 को आयोजन का शुभारम्भ करेंगे।

इन्फ्रास्ट्रक्चर और तैयारियांइस महाआयोजन में आने वाले बायर्स यूपी के स्वाद को भी चख सकेंगे। इसकी वृहद तैयारियां की जा रही हैं। फूड एंड बेवरेज सेक्शन के लिए खास तौर पर 3ƒ3 मीटर आकार के 25 ऑक्टोनॉम स्टॉल्स बनाए जा रहे हैं। इन्हें 75 मीटर 6 मीटर के विशाल हैंगर के भीतर प्लेटफॉर्म पर सजाया जाएगा। स्टॉल्स को बिजली की पर्याप्त आपूर्ति (100 किलोवॉट लोड) सुनिश्चित की जाएगी ताकि प्रस्तुति और सेवा में किसी तरह की कमी न रहे।

व्यंजनों के जरिए होगी ब्रांडिंगट्रेड शो का यह सेक्शन केवल खानपान तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि यह यूपी के फूड ब्रांड्स और एमएसएमई उद्यमियों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाजार तक पहुंचाने का माध्यम भी बनेगा। स्वाद यूपी का सेक्शन में पेश किए जा रहे व्यंजन यूपी के हर जिले की पहचान को वैश्विक मंच पर स्थापित करेंगे। यूपीआईटीएस-2025 में आने वाले विदेशी खरीदारों के लिए यह सेक्शन किसी फूड फ़ेस्टिवल से कम नहीं होगा। यहां वे एक ही जगह पर पूरे प्रदेश के व्यंजनों का स्वाद ले सकेंगे। योगी सरकार का यह प्रयास न केवल गैस्ट्रोनॉमी टूरिज्म को बढ़ावा देगा बल्कि राज्य के छोटे कारोबारियों को भी बड़ा बाजार उपलब्ध कराएगा। यूपी के हर क्षेत्र का स्वाद इस शो में खास आकर्षण रहेगामुरादाबाद का स्वाद : यहां आने वाले लोग मशहूर मुरादाबादी दाल और बिस्कुट रोटी का जायका लेंगे। इसके साथ मुरादाबादी चिकन कॉर्नर भी अलग पहचान बनाएगा।

बनारस का स्वाद : बनारसी पान (वर्क वाला, मीठा, चॉकलेट, सादाबाद का और फायर पान) खास आकर्षण होगा। साथ ही दही-जलेबी, दही-इमरती और बनारसी लस्सी आगंतुकों को लुभाएगी।मोदीनगर का स्वाद : मशहूर जैन शिकंजी यहां विशेष पेशकश होगी।आगरा का स्वाद : दुनिया भर में चर्चित पंछी पेठा (अंगूरी, केसर और ड्राई फ्रूट) तो मिलेगा ही, साथ में छोले-भटूरे और मटर कुल्चा भी परोसे जाएंगे।अवध का स्वाद : लखनऊ की मटन-चिकन जुगलबंदी के साथ-साथ अवध के उड़द के फर्रे, निमोना भात, बाजरे की रबड़ी और गुलाब खीर खास पकवान होंगे।मथुरा का स्वाद : यहां मालपुआ और मथुरा का पेठा आगंतुकों को आकर्षित करेंगे।जौनपुर का स्वाद : यहां की देसी रसोई का जायका मिलेगा।अलीगढ़ का स्वाद : पराठों की विभिन्न श्रेणियां लोगों को खूब पसंद आएंगी।खुर्जा का स्वाद : खुरचन और आलू टिक्की लोगों का मन मोह लेंगी।नोएडा का स्वाद : यहां स्पेशल गोजरी थाली परोसी जाएगी।

### विकसित यूपी 2047: आत्मनिर्भर हो रही नारी, बम्पर हुआ व्यापार

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा बीते साढ़े आठ साल में किये गये लगातार प्रयासों के फलीभूत प्रदेश में आज बेटी और व्यापारी दोनों सुरक्षित महसूस कर रहे हैं। यही वजह है कि लक्ष्मी स्वरूप महिलाएं स्वयं को तेजी से सशक्त बना रही हैं, साथ ही प्रदेश में उद्योग-व्यापार का माहौल स्थापित होने लगा है। इसी सोच के साथ अब सीएम योगी ने ''विकसित यूपी अ2047'' का विजन सामने रखा है, जिसमें आत्मनिर्भर नारी और बम्पर व्यापार को राज्य की प्रगति का मूल आधार माना गया है। 2017 से 2025 : बदलाव की नई इबारतयोगी सरकार ने बीते साढ़े आठ साल में अपराध और अपराधियों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई। अपराधी या तो जेल की सलाखों के पीछे नजर आने लगे या परलोक सिधार गये, बचे खुचे अपनी जान की परवाह करते हुए प्रदेश छोड़कर भाग खड़े हुए। इसके बाद महिला सुरक्षा के साथ ही महिलाओं के सशक्तिकरण के द्वार तो खुले ही निवेश के क्षेत्र में भी व्यापक तौर पर बुनियादी बदलाव दिखने शुरू हो गये। प्रदेश का एलएफपीआर 44.6 प्रतिशत से बढ़कर 56.9 प्रतिशत हो गया। महिला श्रम भागीदारी दर में भी ऐतिहासिक उछाल आया और यह 13.5 से बढ़कर सीधे 34.5 प्रतिशत तक पहुंच गई। बेरोजगारी दर घटकर 3 प्रतिशत पर आ गई और अकेले एमएसएमई सेक्टर से 1.65 करोड़ रोजगार सृजित हुए। औद्योगिक ऋण 3.54 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर 9.24 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचा। इसी दौरान 45 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्तावों पर समझौते हुए, जिनमें से 15 लाख करोड़ रुपये की परियोजनाएं जमीन पर उतर भी चुकी हैं।

## कार्यशाला एवं गोष्ठी आयोजित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज। मोतीलाल नेहरू इंजीनियरिंग कॉलेज व इलाहाबाद मेडिकल एसोसिएशन हॉल में मंगलवार को ्समर्थ उत्तर प्रदेश ऽ विकसित उत्तर प्रदेश 2047 अभियान के तहत कार्यशाला एवं गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संजय आर. भूसरेड्डी (अध्यक्ष, उत्तर प्रदेश भू-संपदा विनियामक प्राधिकरण/नोडल अधिकारी) ने की। कार्यशाला में छात्रों, अध्यापकों, चिकित्सकों, उद्योगपतियों, उद्यमियों और प्रबुद्धजनों ने विकसित उत्तर प्रदेश की परिकल्पना पर अपने विचार साझा किए। नोडल अधिकारी ने प्रतिभागियों से ड्ट कोड के माध्यम से विकास संबंधी सुझाव अपलोड करने की अपील की और कहा कि उपयोगी सुझाव देने वालों को पुरस्कृत किया जाएगा। कार्यशाला में वर्ष 2047 तक उत्तर प्रदेश को विकसित राज्य बनाने की रूपरेखा पर चर्चा की गई। श्री भूसरेड्डी ने बताया कि इस अभियान की तीन मुख्य थीम हैं – अर्थशक्ति, सृजनशक्ति और जीवनशक्ति। इन थीम्स के तहत 12 प्रमुख सेक्टरों पर फोकस किया गया, जिनमें कृषि, पशुधन, उद्योग, डिजिटल नवाचार, पर्यटन, नगर व ग्राम विकास, अवसंरचना, संतुलित विकास, सामाजिक कल्याण, स्वास्थ्य, शिक्षा और सुरक्षा व सुशासन शामिल हैं। कार्यशाला में प्रमुख सचिव एम. देवराज, जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा, शिक्षाविद् प्रशांत कुमार घोष और अन्य विशेषज्ञों ने अपने विचार रखे। प्रयागराज को ग्लोबल नॉलेज हब और विश्व स्तरीय पर्यटन गंतव्य बनाने, स्वच्छ गंगा-यमुना, हरित विकास, औद्योगिक निवेश, डिजिटल शिक्षा और युवाओं के लिए रोजगार सृजन पर विशेष जोर दिया गया। कार्यक्रम में पत्रकारों, रंगकर्मियों, शिक्षाविदों और विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया गया।

## यात्रियों को बेहतर सुविधा देने पर की चर्चा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



वाराणसी। मंडल की मंडल रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति की बैठक मंडल रेल प्रबंधक आशीष जैन की अध्यक्षता में भारतेन्दु सभागार कक्ष में सम्पन्न हुई । बैठक में सभी मंडलीय शाखाधिकारी एवं समिति के छः सदस्यों ने भाग लिया ।

बैठक कि अध्यक्षता करते हुये मंडल रेल प्रबंधक आशीष जैन ने मण्डल रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति की नवगठित समिति की प्रथम बैठक मे उपस्थित सभी सम्मानित सदस्यों का हार्दिक स्वागत करते हुए कहा की मंडल प्रशासन के साथ आप सभी सदस्यों की बैठक का मूल उद्देश्य मंडल के स्थानीय यात्रियों की आवश्यकताओं और सुविधाओं के बारे में विचार विमर्श करना है ताकि हम आपके माध्यम से अपने क्षेत्र के यात्रियों / ग्राहकों को बेहतर सेवा दे सकें । आप द्वारा दिये गये सुझावों एवं स्थलीय निरीक्षण के उपरान्त यात्री सुविधा के दृष्टिकोण से मंडल स्तर पर यात्री सुविधा के विभिन्न कार्य कराये गये है और साथ ही बहुत से कार्य स्वीकृत किये गये हैं । जिन पर चरण बद्ध कार्य किये जा रहे हैं । हमारे लिये स्टेशनों की स्थानीय आवश्यकताएं महत्वपूर्ण है और हम उसे पूरा करने हेतु निरंतर प्रयत्नशील है ।

पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मंडल की प्रणाली उत्तर प्रदेश एवं बिहार से होते हुये पश्चिम से पूर्व की ओर गुजरती है । इस मंडल के क्षेत्राधिकार में उत्तर प्रदेश एवं बिहार के 15 जिलों के अन्तर्गत आते है। वर्तमान में वाराणसी मंडल में कुल 204 स्टेशन हैं जिनमें 115 क्रॉसिंग स्टेशन एवं 89 हॉल्ट स्टेशन है। चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 में माह अगस्त तक इस मण्डल की यात्री यातायात सं0 2.45 करोड़ तथा यात्री आय 528.68 करोड रुपये रही है। यात्री यातायात सं0 गत वर्ष की तुलना में 5.48% अधिक दर्ज हुई है। वर्ष 2025-26 में माह अगस्त- 25 तक सघन टिकट जांच कार्यवाही के अन्तर्गत बिना टिकट उच्च प्रभार के कुल 206909 केसेज की चार्जिंग से 14.41 करोड रुपये का रेल राजस्व प्राप्त हुआ। मंडल के 115 अनारक्षित काउन्टरो पर यात्रियों की सुविधा को देखते हुए टिकटों के किराये के भुगतान हेतु UPI पेमेंट (क्यूआरकोड) की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। जिसमें टिकट विंडोपर ठ्घ्क्र इ्घ्छ के माध्यम से क्यूआर कोड को स्कैन कर किराये भुगतान किया जा सकता है। यात्रियों को टिकट प्राप्त करने में असुविधा न हो इसके दृष्टिगत मंडल के 36 स्टेशनों पर 78 ATVM की स्थापना करायी गई। मंडल के सभी 10 पार्सल लोकेशन पर पार्सल यातायात हेतु पीएमएस (पार्सल मैनेजमेंट सिस्टम) लगा दिया गया है। जिससे यात्री/व्यापारी अपने पार्सल की स्थिति जान सकते हैं एंव पार्सल की बुकिंग भी ठ्घ्क्रके माध्यम से किया जा सकता हैं। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत मंडल के थावे तथा सुरेमनपुर स्टेशन का अमृत भारत के विकास कार्यो के पूर्ण होने पर माननीय प्रधानमंत्री भारत सरकार के द्वारा विडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से उद्घाटन/लोकार्पण किया गया।

## विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज। उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार और माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण संजीव कुमार के मार्गदर्शन में आज दिनांक 10 सितंबर 2025 को मध्यस्थता अभियान-2025 (1 जुलाई से 30 सितंबर तक) के अंतर्गत जनपद न्यायालय, प्रयागराज में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता दिनेश कुमार गौतम, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, प्रयागराज ने की।

शिविर के दौरान प्रतिष्ठा का संघर्ष, क्रूरता की दीवार और दर्द की जड़ शीर्षक से पति-पत्नी के आपसी विवादों पर आधारित तीन लघु नाटकों का मंचन किया गया। इन नाटकों के माध्यम से दर्शकों को यह संदेश दिया गया कि मेडिएशन (सुलह-समझौते की प्रक्रिया) से पारिवारिक विवादों का समाधान अदालत की दहलीज तक पहुंचे बिना भी किया जा सकता है। नाटकों में दिखाया गया कि गलतफहमियों और संवादहीनता के चलते उत्पन्न वैवाहिक तनाव अक्सर न्यायालय तक पहुँच जाता है, लेकिन मध्यस्थता के माध्यम से रिश्तों को नया जीवन दिया जा सकता है। मंचन में न्यायाधीश की भूमिका दिनेश कुमार गौतम ने निभाई। वहीं, पति, पत्नी, वकील, मेडिएटर और अन्य भूमिकाओं में डॉ. अजय मेहरा, प्रज्ञा शर्मा, अनुष्का कुशवाहा, विकास गुप्ता, निखिल मिश्रा, देवेश शुक्ला, रेनू देवी, प्रतिभा मिश्रा, अमित यादव सहित कई कलाकारों ने प्रभावी अभिनय किया। नाट्य लेखन एवं निर्देशन ऋतंधरा मिश्रा द्वारा किया गया। उन्होंने बताया कि प्रस्तुतियों का मुख्य उद्देश्य समाज को यह जागरूक करना है कि संवाद, सहयोग और संवेदना के जरिए मतभेदों को अदालत तक पहुंचे बिना हल किया जा सकता है। कार्यक्रम में उपस्थित वरिष्ठ पत्रकार शरद द्विवेदी, श्रीकांत शास्त्री, आनंद राज (आज तक) एवं वरिष्ठ रंगकर्मी विनय श्रीवास्तव को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही, नाटक प्रस्तुत करने वाले सभी कलाकारों को भी सम्मानित किया गया। अंत में श्री दिनेश कुमार गौतम ने समाज से अपील की कि पति-पत्नी के मतभेद संवाद और समझदारी से सुलझाएँ। उन्होंने कहा, अदालत समाधान का अंतिम रास्ता हो, पहला नहीं।


**उत्तर रेलवे**

**खुली निविदा सूचना (ई-निविदा)**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, **लखनऊ** द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक **01.10.2025** को **15:00** बजे तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुयल आफर स्वीकार नहीं किये जायेगें यदि कोई **मैनुयल आफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा।**

| | | | |
|---|---|---|---|
| निविदा सूचना संख्या | 09702025 दिनांक 09.09.2025 | | |
| निविदा संख्या | 17/ Sr.DEN-I/LKO/2025-26 | | |
| कार्य का नाम | सहायक मण्डल इंजीनियर/ आलमबाग/ लखनऊ के अधीन वरि. खण्ड अभियन्ता/ कार्य/ वर्कशॉप के अनुभाग में लोको वर्कशॉप, सीपीएच, यूरोपीय क्लब/ चारबाग के अंदर एल्यूमीनियम कार्य, ईएलपीओएच और डीईएमयू शॉप में छत की शीटिंग और गटर का प्रतिस्थापन और निराकरण कार्य और इंजीनियरिंग परिसंपत्तियों के दिन-प्रतिदिन के रखरखाव के लिए वार्षिक मरम्मत/ छोटी मरम्मत का प्रावधान, दीवार प्लास्टर, फर्श, ईटवर्क, छत पेंटिंग, ओबीडी, पुट्टी, सड़क कार्य, नाली कार्य, विभिन्न शॉप और एड बिल्डिंग में एल्यूमीनियम कार्य। | | |
| अनुमानित लागत | ₹2,11,08,112.59/- | धरोहर राशि | ₹2,55,600/- |
| कार्य की समापन अवधि | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से छः माह। | | |
| निविदा डालने की प्रारंभ तिथि | 17.09.2025 | | |
| निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | 01.10.2025 15:00 बजे | | |
| बेबसाईट | www.ireps.gov.in | | |

**नोट:** निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है।

2753/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# लखनऊ जिला संगठन का हुआ विस्तार, पत्रकारों की सुरक्षा और सम्मान परिषद की प्राथमिकता

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद (रजि.) के लखनऊ जिला संगठन का विस्तार बुधवार को वृंदावन योजना सेक्टर-6सी, पीजीआई क्षेत्र स्थित जिला कार्यालय पर किया गया। बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेंद्र कुमार मिश्रा ने की। बैठक में प्रदेश संगठन मंत्री दिलीप श्रीवास्तव, प्रदेश सचिव दिलीप शुक्ला व श्री राजपूत करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष दुर्गेश सिंह दीपु विशेष अतिथि के रूप में मौजूद रहे।बैठक में सर्वसम्मति से जिले के लिए नई कार्यकारिणी घोषित की गई। इस अवसर पर मुकेश द्विवेदी को जिला संरक्षक, दिलीप कुमार मिश्र को जिलाध्यक्ष, आशीष तिवारी, हिमांशु रावत और अमन द्विवेदी को जिला महासचिव, रघुनाथ सिंह को जिला प्रभारी, जयशरण शुक्ला को जिला प्रवक्ता और विमल नारायण सिंह को जिला संगठन महामंत्री बनाया गया। इसी प्रकार दिव्यांशु त्रिपाठी और नासिर बेग को जिला संगठन मंत्री, पार्थ कुमार, हरिओम दीक्षित, शैलेंद्र शुक्ला शीलू और सुमित पांडे सनी को जिला उपाध्यक्ष, जबकि अरुण सिंह, आदित्य दीक्षित, अवनीश पांडे, चाँद मोहम्मद, अशोक मिश्रा, नीरज मिश्रा, सुशलेंद्र यादव, युवराज गौतम और शमशेर सिंह को जिला सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई।रोहित दीक्षित को जिला मीडिया प्रभारी, गौरव शुक्ला को आईटी सेल प्रभारी, एडवोकेट मुकेश सिंह को विधिक सलाहकार, रिंकू शर्मा को कोषाध्यक्ष और विनीत मिश्रा को सह-कोषाध्यक्ष नामित किया गया। कई अन्य पत्रकार साथियों को जिला कार्यकारिणी सदस्य के रूप में जगह दी गई।राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेंद्र कुमार मिश्रा ने कहा कि परिषद पत्रकारों की

### राजपूत करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष दुर्गेश सिंह दीपू मुख्य अतिथि के रूप में रहें मौजूद

ढाल बनकर खड़ी है। पत्रकारों की सुरक्षा और सम्मान संगठन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि जिले से लेकर गांव स्तर तक पत्रकारों की समस्याओं का समाधान हर हाल में किया जाएगा।नवनियुक्त जिलाध्यक्ष दिलीप कुमार मिश्र ने कहा कि लखनऊ जिला संगठन पूरी मजबूती और संघर्षशीलता के साथ पत्रकारों की आवाज को उठाएगा। परिषद हर सुख-दुख में पत्रकार साथियों के साथ खड़ी है और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष करेगी। बैठक का संचालन शिवा मिश्रा ने किया। पदाधिकारियों का स्वागत फूल-मालाओं से किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में पत्रकार व सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# राजस्थान की तरह पूरे देश में लागू हो मतांतरण विरोधी विधेयक एवं दोषियों को हो आजीवन कारावास व एक करोड़ रुपये का जुर्माना : गोपाल राय

कैनविज टाइम्स संवाददाता



विश्व हिन्दू रक्षा परिषद के सनातन हेल्पलाइन कॉल द्वारा मिली जानकारी के अनुसार पूरे भारत में प्रतिवर्ष 24 लाख हिंदुओं का धर्मांतरण चिंता का विषय

लखनऊ । विश्व हिन्दू रक्षा परिषद के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री गोपाल राय ने राजस्थान में विधान सभा में हुए प्रस्ताव पास का स्वागत करते हुए कहा कि जिस तरह वहाँ सामूहिक रूप से मतांतरण करवाने वाली संस्थाओं पर एक करोड़ रुपये का जुर्माना लगाने के साथ उनके भवनों को सीज करने का प्रावधान लागू किया गया है जिसमें सामूहिक मतांतरण पर कम से कम 20 साल और अधिकतम उम्रकैद की सजा होगी। मतांतरण करवाने वाली संस्थाओं द्वारा नियमों का उल्लंघन या अतिक्रमण कर भवनों का निर्माण करने पर उन्हें तोड़ा भी जाएगा। स्थानीय निकाय और प्रशासन द्वारा जांच के बाद बुलडोजर भी चलेगा। जिस भवन में मतांतरण हुआ है उसे प्रशासन जब्त करेगा। ये प्रविधान मंगलवार को विधानसभा में पारित राजस्थान विधि विरुद्ध धर्म संपरिर्तन प्रतिषेध विधेयक-2025 (मतांतरण विरोधी विधेयक) में किए गए हैं। विधेयक के अनुसार गलत तरीके से सामूहिक रूप से मतांतरण पर न्यूनतम 25 लाख रुपये का जुर्माना होगा। मतांतरण के लिए विदेशी और अवैध संस्थान से आर्थिक सहायता लेने पर 10 से 20 साल की सजा और न्यूनतम 20 लाख रुपये के जुर्माने की सजा होगी। विधेयक के अनुसार धर्म परिवर्तन के उद्देश्य से शादी करने को मतांतरण की परिभाषा में शामिल किया है। अगर कोई बहला-फुसलाकर, झूठे वादे कर या गलत जानकारी देकर किसी से शादी करता है और बाद में धर्म बदलवाता है तो इसे मतांतरण माना जाएगा। ऐसे मामलों में सजा होगी और इसको लव जिहाद से जोड़कर देखा जाएगा। धर्म परिवर्तन के उद्देश्य से की गई शादी को न्यायालय से शून्य घोषित किया जा सकेगा। विधेयक में यह स्पष्ट किया गया है कि 'घर वापसी' (अपने मूल धर्म में लौटना) को मतांतरण नहीं माना जाएगा। विधेयक में जबरन मतांतरण को गैर जमानती अपराध मानने का प्रविधान किया गया है। अवैध मतांतरण पर कम से कम सात साल और अधिकतम 14 साल की सजा व पांच लाख रुपये जुर्माने का प्रविधान किया गया । नाबालिग, दिव्यांग, महिला, अनुसूचित जाति और जनजाति के व्यक्ति का जबरन मतांतरण करवाने पर कम से कम 10 और अधिकतम 20 साल की सजा के साथ ही न्यूनतम 10 लाख रुपये का जुर्माना देना होगा। यदि कोई एक से अधिक बार अपराध करता है और लगातार मतांतरण करवाता है तो उसे आजीवन कारावास की सजा और न्यूनतम 50 लाख रुपये का जुर्माना लगेगा। श्री राय ने कहा कि विश्व हिन्दू रक्षा परिषद सनातन हेल्पलाइन नंबर पर लगातार आ रहे धर्मांतरण के मामले गहन चिंता का विषय है प्रतिसप्ताह ठ्ठक्ष्ट्ठ द्वारा प्रेस कॉन्फ्रेंस करके धर्मांतरण के रैकेट का भंडाफोड़ किया जा रहा है ज्ञातव्य हो कि छांगुर गैंग द्वारा हजारों हिन्दू बेटियों का जिस प्रकार से अंतर्राष्ट्रीय सहयोग से धर्मांतरण कराया जा रहा था केंद्र और प्रदेश सरकार के सहयोग से हजारों हिन्दू बेटियों को जिहादियों के चंगुल से बचाया है मेरी देश के यशस्वी प्रधानमंत्री एवं हिन्दू हृदय सम्राट मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से अपील है कि राजस्थान की भांति धर्म संपरिर्तन प्रतिषेध विधेयक (मतांतरण विरोधी विधेयक) पूरे भारतवर्ष में लागू किया जाए ।

# सोसाइटी फॉर एनिमल वेलफ़ेयर सदस्य मुकेश ने बचाई जहरीले सर्प से लोगों की जान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। सोसाइटी फॉर एनिमल वेलफ़ेयर बेज़ुबानो की आवाज़ बन कर पिछले कई वर्षों से उनके लिए कार्य कर रहा है बात चाहे उनपर हो रहे अत्याचार की हो या लोगों को परेशानी की हर जगह एक सूचना पर इस सोसाइटी द्वारा तत्परता के साथ कार्य को अंजाम तक पहुँचाया जाता है इसी क्रम मे पारा क्षेत्र के चंद्रोदय नगर के एक घर की छत पर बने स्टोर रूम में लगभग 7 फिट का अजगर होने की सूचना सोसाइटी फॉर एनिमल वेलफ़ेयर को प्राप्त हुई जिसके बाद सदस्य मुकेश कुमार मौर्य और अनूप यादव तुरंत वहां गए और कुशलता पूर्वक रेस्क्यू पूरा किया तथा उस अजगर के बारे में पूरी जानकारी दी और बचाव के तरीके बताए जिसके बाद अजगर को दुबग्गा के मूसा बाग के जंगल में आज़ाद कर दिया इसके अतिरिक्त रात लगभग 11 -30 पे सोसायटी फॉर एनिमल वेलफ़ेयर के सदस्य मुकेश कुमार मौर्य को सूचना मिली कि किसी घर मे कोई सांप पलंग के बगल में है समय न गंवाते हुए रेस्क्यु करने चल दिए और बड़ी ही सूझ बूझ से बिना किसी संसाधन के रेस्क्यू पूरा किया, रेस्क्यू किया गया सांप कॉमन करैत था जो कि बहुत जहरीला होता है और रात में बिस्तर में आ जाता है दबाव पड़ने पर काट लेता है समय पर इलाज न मिलने पर इंसान की मौत हो जाती है ये जानकारी भी उन्होंने दी, इस जानकारी से पूरा परिवार सदमे में आ गया,सोसायटी फॉर एनिमल वेलफ़ेयर को बहुत धन्यवाद दिया और रात में ही अमौसी के पास जंगल में आज़ाद कर दिया गया।

# नगराम में श्रीमद्भागवत कथा का दूसरा दिन भक्तिमय माहौल में सम्पन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नगराम, लखनऊ। नगर पंचायत नगराम के कटरा मोहल्ले में सोमवार से शुरू हुई सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन मंगलवार को कथा व्यास आचार्य कमलेश कुमार पांडेय मृदुल जी महाराज ने राजा परीक्षित की कथा का वर्णन कर श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। कथा की शुरुआत नटवर नागर ''नंदा भजो रे मन गोविंदा'' भजन के साथ हुई। इस दौरान बीच-बीच में दिखाई गई सुंदर झांकियों ने श्रद्धालुओं को अध्यात्म और भक्ति रस में डुबो दिया। कथा व्यास आचार्य कमलेश पांडेय ने राजा परीक्षित के जीवन प्रसंग को विस्तार से बताते हुए कहा कि वे अर्जुन के पोते और अभिमन्यु के पुत्र थे। पांडवों ने संसार त्यागने से पूर्व उनका राज्याभिषेक किया था। उन्होंने नीति के अनुसार प्रजा का पालन पुत्रवत किया। कथा व्यास ने बताया कि संसार सागर से पार कराने वाली नौका स्वरूप भागवत का प्रचार राजा परीक्षित ने ही किया। उन्होंने श्रोताओं को समझाया कि जैसे साबुन कपड़े को साफ करता है, वैसे ही श्रीराम नाम का जाप मनुष्य के मन को पवित्र कर देता है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में कस्बा निवासी संदीप शुक्ला उर्फ नीलू भैया ने शिरकत की। कथा में सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और भक्ति रस में सराबोर हो गए।

### राजा परीक्षित की कथा सुन भक्त भावविभोर , सुंदर झांकियों ने मोहा मन

कार्यक्रम में अध्यक्ष सुनील गुप्ता, माता प्रसाद, अनूप कुमार पिंटू, डॉ. आशीष वर्मा, कन्हैया वर्मा, उपाध्यक्ष व सभासद सज्जन लाल कश्यप, सभासद सुरेंद्र कुमार, अवधेश गुप्ता, शिव भगवान गुप्ता, कोषाध्यक्ष राम सुमिरन, कमल शर्मा, हरिशंकर उर्फ मुन्ना गुप्ता, विनय गुप्ता, प्रबंधक आचार्य सचिन तिवारी, राम आधार वर्मा, डॉ. रमेश चौरसिया, डॉ. पंकज वर्मा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।प्रबंधक आचार्य सचिन तिवारी ने बताया कि नगर पंचायत गेस्ट हाउस के पास कटरा मोहल्ले में यह सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा 8 सितंबर से आरंभ हुई है, जो 14 सितंबर तक प्रतिदिन सायं भक्ति रस की अमृत धारा प्रवाहित करेगी।

## सुयश श्रीवास्तव को उत्तर प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत किया गया

लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा द्वारा समाजसेवी एवं भारत गौरव अवार्ड से सम्मानित सुयश श्रीवास्तव को उत्तर प्रदेश का प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। यह मनोनयन उत्तर प्रदेश सरकार में वन एवं पर्यावरण मंत्री अरुण सक्सेना की स्वीकृति तथा प्रदेश प्रभारी गुंजन माथुर के अनुमोदन से किया गया सुयश श्रीवास्तव सामाजिक सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दे चुके हैं और समाज में उनके कार्यों को सराहा गया है। संगठन को पूर्ण विश्वास है कि उनके नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में संगठन का विस्तार होगा तथा सांस्कृतिक गरिमा, सामाजिक सम्मान और जनसेवा के कार्यों को नई दिशा मिलेगी महासभा ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए आशा व्यक्त की है कि वे अपने विशाल परिवार की सांस्कृतिक परंपरा को बनाए रखते हुए समाज के हित में सदैव प्रयासरत रहेंगे।

# भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय के 09 शोधार्थियों को मिली पीएचडी की उपाधि

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बुधवार को भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय, लखनऊ के कलामण्डपम् प्रेक्षागृह में आयोजित 15 वें दीक्षान्त समारोह में मेधावियों को 40 पदक प्रदान कर छात्र-छात्राओं को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इसके अलावा 09 शोधार्थियों को वर्ष 2025 के लिए पीएचडी की उपाधि प्रादान की गयी। जयवीर सिंह ने कहा कि भारत को वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनाने में मेधावी छात्र-छात्राओं की प्रमुख भूमिका होगी। उन्होंने कहा कि वैश्विक परिदृश्य बदल रहा है। आज देश प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व तथा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी के मार्गदर्शन में नई-नई उपलब्धियां हासिल की जा रही है। उन्होंने कहा कि 2047 तक भारत को विकसित भारत बनाने के साथ ही विश्वगुरू भी बनाना है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश तभी विकसित होगा, जब प्रदेश का हर जनपद विकसित होगा और प्रदेश की जनता इसमें अपना सकारात्मक योगदान देगी। पर्यटन मंत्री मेधावियों को स्वर्ण, रजत तथा कांस्य पदक वितरित करने के बाद उपस्थित छात्र-छात्राओं एवं विभिन्न स्कूलों के बच्चों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि लगभग 100 वर्ष पहले पं0 विष्णु नारांयण भातखण्डे ने इस संस्था की स्थापना की थी। राज सरकार ने वर्ष 2022 में इसे राज्य विश्वविद्यालय का दर्ज़ा देते हुए पठन-पाटन के सभी संसाधन उपलब्ध कराये। अब यह संस्थान उतरोत्तर प्रगति के पद पर उग्रसर है। विश्वविद्यालय द्वारा संगीत, नाट्य, कला आदि के क्षेत्र में नई-नई विभूतियों को पैदा किया है। उन्होंने कहा कि मेडल पाने में 51 प्रतिशत महिलाओं की भागीदारी रही है। महिला शक्ति ने बाजी मारने का कार्य किया है। सभी विधाओं में बालिकाओं का उत्कृष्ठ प्रदर्शन रहा है। भगवान श्री कृष्ण की बांसुरी को इस पीढ़ी के संगीत के साथ जोड़ कर अपने भविष्य को उज्जवल बना सकते है और कला के क्षेत्र में अपना श्रेष्ठतम योगदान दे सकते है। पर्यटन मंत्री ने मेधावी छात्र-छात्राओं को कुल 40 पदक प्रदान किये, जिसमें 25 स्वर्ण पदक, 07 रजत पदक तथा 08 कंस्य पदक शामिल है। पदक पाने वालों में अंशिका कटारिया को एमपीए कथक नृत्य में सर्वाधिक 08 पदक, वैभवी को एमपीए 02 रजत पदक, अभय सिंह एमपीए गायन में 04 पदक, शीवम कुमार बीपीए तबला में 05 पदक, स्वर्णिमा वर्मा बीपीए गायन में 05 पदक मिला। इसी प्रकार शिवांशी श्रीवास्तव बीपीए गायन में 02 पदक, याशिका गौड़ एमपीए गायन में 01 पदक, सहस उपाध्याय एमपीए गायन 01 पदक, ओमकार तिवारी बीपीए 01 पदक मिला। मनसा तिवारी बीपीए गायत 01 पदक, राजर्षी मिश्रा एमपीए तबला में 02 पदक, गौरव मिश्रा एमपीए तबला में 01 पदक, सक्षम श्रीवास्तव एमपीए तबला में 01 पदक, अमित कुमार बीपीए तबला में 01 पदक, प्रशान्त भारती बीपीए तबला में 01 पदक, अनंत शर्मा एमपीए भरतनाट्यम में 03 पदक तथा दैवांश प्रसाद एमडीए नाट्यकला में 01 पदक प्रदान किये गये।

इनमें रश्मि उपाध्याय, अमिता चौहान, पूजा द्विवेदी, शिवरूचि सिंह, अस्मिता श्रीवास्तव, अर्चना तिवारी, मंजू मलकानी, शैलजा शुक्ला तथा उपास्ना दीक्षित शामिल है। दीक्षांत समारोह का शुभारम्भ शोभा यात्रा से हुआ। इसी क्रम में राष्ट्रगीत एवं विश्वविद्यालय के कुल गीत विश्वविद्यालय की छात्राओं द्वारा प्रस्तुत किया गया। विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो़फ़ेसर मांडवी सिंह ने विश्वविद्यालय के बारे में जानकरी दी। उन्होंने विश्वविद्यालय के संस्थापक को श्रद्धासुमन पेश किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि राज्य मंत्री उच्च शिक्षा रजनी तिवारी रही। उन्होंने अपने सम्बोधन में कहा कि महिलाओं को प्राप्त मेडल यह संकेत देता है कि बेटियों को मौका मिले तो नई उचाइया छू सकती है। विश्वविद्यालय की कुलसचिव डॉ0 सृष्टि धवन ने अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

# शिक्षक एम.एल.सी. चुनाव हेतु भरवाए गए फार्म



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बंथरा । शिक्षक एम0एल0सी0 चुनाव हेतु भाजपा सरोजनी नगर विधानसभा संयोजक व सैनिक प्रकोष्ठ जिला संयोजक भाजपा मनोज सिंह चौहान ने अमावा के श्री गांधी आदर्श विधालय पहुँचकर कु0 राजेन्द्र सिंह राजू पूर्व जिला महामंत्री विधालय संरक्षक से मिलकर शिक्षक एम0एल0सी0 के फ़ार्म भरवाये गये जिसमें विद्यालय अध्यापक राधेश्याम सिंह, आर0पी0सिह,संजीव गौतम, संतराम,अवधेश पाण्डेय, निर्मेश पाण्डेय, मंयक श्रीवास्तव, रीता देवी,देश दीपक वर्मा,नरेन्द्र कुमार यादव,शिवरात्रि वर्मा,काजिम सुलेमान, सहित भारतीय जनता पार्टी के खुशहाल गंज मण्डल अध्यक्ष शिव बक्स सिंह चौहान, योगेश तिवारी नवीन मण्डल महामंत्री,बृज मोहन बूथ अध्यक्ष उपस्थित रहे ।

# निगोहां हत्या काण्ड: प्रेम विवाह के बाद मिल रही धमकियों के बीच नाले में मिला था युवक का शव

कैनविज टाइम्स संवाददाता




### पुलिस की तीन टीमें आरोपियों की तलाश में जुटी लेकिन कामयाबी नहीं हुई हासिल

निगोहां, लखनऊ । क्षेत्र के गौतम खेड़ा गांव स्थित बांक नाले में मंगलवार सुबह मिले युवक के शव से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान मोहनलालगंज के शंकर बक्शखेड़ा गांव निवासी शनि रावत (24)के रूप में हुई। परिजनों ने युवक की हत्या किए जाने का आरोप लगाते हुए तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने मामले के खुलासे के लिए सर्विलांस सहित तीन टीमें गठित कर दी हैं, जो नामजद आरोपियों के साथ ही अन्य संदिग्धों की भी तलाश कर रही हैं।प्रेम विवाह के बाद मिल रही थीं धमकियां मृतक शनि रावत ने प्रेम विवाह किया था। परिजनों का आरोप है कि विवाह के बाद से ही उसे लगातार जान से मारने की धमकियां मिल रही थीं। इसी कड़ी में शनि के पिता ने तहरीर देते हुए मस्तीपुर गांव निवासी जीतू यादव, देवेश यादव उर्फ बुग्गा और जीतू के साले संतोष यादव पर हत्या का आरोप लगाया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।पुलिस सूत्रों के अनुसार, पोस्टमार्टम रिपोर्ट में शनि की मौत पानी में डूबने और सिर पर चोट लगने की वजह से होना बताया गया है। हालांकि, रिपोर्ट में स्पष्ट नहीं हो पाया कि मौत हादसा थी या हत्या। इस कारण पुलिस हर पहलू को ध्यान में रखते हुए जांच कर रही है।

एसओ निगोहां अनुज कुमार तिवारी ने बताया कि हत्याकांड के खुलासे के लिए तीन टीमें बनाई गई हैं। पुलिस ने कई संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है, जबकि गैर जनपद में भी दबिश दी जा रही है। अब तक मृतक का मोबाइल फोन और बाइक बरामद नहीं हो पाए हैं, जिसकी तलाश में पुलिस जुटी हुई है। मामले में एसीपी मोहनलालगंज रजनीश वर्मा ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस की टीमें लगातार काम कर रही हैं। कई संदिग्धों से पूछताछ की जा रही है और अन्य लोगों की भूमिका की भी गहनता से जांच की जा रही है , जल्द ही पूरे हत्याकांड का पर्दाफाश कर दिया जाएगा।

# रिकवरी एजेंट की सनसनीखेज हत्या का पुलिस ने किया खुलासा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बंथरा। क्षेत्र के दादूपुर गांव में सोमवार रात रिकवरी एजेंट की हत्या का पुलिस ने खुलासा कर दिया । थाना पुलिस व सर्विलांस सेल की संयुक्त टीम ने घटना का खुलासा करते हुए घटना में शामिल दो शातिर अभियुक्तों विवेक सिंह (34), पुत्र स्व. शिवनरेश सिंह, निवासी दादूपुर,व वसीम अली खान (35), पुत्र स्व. एजाज, निवासी महेन थाना करीमुद्दीनपुर, जिला गाजीपुर, हालपता गौरीबाजार थाना सरोजनीनगर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। मंगलवार सुबह दादूपुर में स्वास्तिक एसोसिएट्स के रिकवरी एजेंट कुनाल शुक्ला (26) का शव उसके ऑफिस में बरामद हुआ था। मृतक के भाई सौरभ शुक्ला की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर

### दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

पुलिस की चार टीमों का गठन कर हत्याकांड की गुत्थी सुलझाने का प्रयास किया जा रहा था। सर्विलांस व तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर विवेक सिंह व वसीम अली खान की संलिप्तता सामने आई।पुलिस पूछताछ में सामने आया कि मृतक कुनाल शुक्ला का विवेक सिंह की पत्नी से प्रेम संबंध था। इसके अलावा दोनों के बीच पैसों को लेकर विवाद भी चल रहा था। जिसका आरोप मृतक की माँ ने भी लगाया था। बदनामी और विवाद से परेशान होकर विवेक सिंह ने अपने कर्मचारी वसीम अली खान के साथ

मिलकर हत्या की योजना बनाई और सोमवार की विवेक सिंह ने कुनाल को शराब पिलाई फिर रात करीब 9:30 बजे विवेक ने वसीम को फोन कर बुलाया। वसीम ने ऑफिस में सो रहे कुनाल पर वहीं रखे लोहे के सब्बल से कई वार कर उसकी हत्या कर दी। हत्या के बाद सब्बल को बगल के प्लॉट में फंक दिया गया जबकि मृतक का मोबाइल पास के नाले में डाल दिया।

#### हत्या में प्रयुक्त औजार बरामद

हत्या में प्रयुक्त लोहे का सब्बल वसीम की निशानदेही पर बरामद हुआ है साथ ही पुलिस ने खून से सने कपड़े भी झाड़ियों से बरामद किए।पूछताछ में दोनों आरोपियों ने जुर्म स्वीकार किया। विवेक सिंह ने बताया कि मृतक के

उसकी पत्नी से संबंध और पैसों के विवाद के चलते उसने हत्या की योजना बनाई थी।

# पुण्यतिथि पर याद किए गए वीर अब्दुल हमीद

कैनविज टाइम्स संवाददाता


लखनऊ। पसमांदा मुस्लिम समाज के लालबाग स्थित कार्यालय में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें भारत-पाक युद्ध 1965 के महान शहीद, परमवीर चक्र विजेता वीर अब्दुल हमीद (इदरीसी) की यौमे शहादत (पुण्यतिथि) पर ईसाल-ए-सवाब का आयोजन कर उनकी आत्मा की शांति के लिए दुआ की गई। कार्यक्रम की शुरुआत तक़रीब -ए-फातेहा से हुई, जिसमें उपस्थित लोगों ने उनके लिए दरूद-ए-पाक और कुरआन की तिलावत के माध्यम से फातेहा पढ़ी। उसके बाद खिराज-ए-अक़ीदत अर्पित किया गया, जिसमें सभी ने वीर अब्दुल हमीद के अद्भुत बलिदान को याद करते हुए उन्हें सलाम किया और उनके क़ुरबानी को सराहा। पसमांदा मुस्लिम समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष, पूर्व मंत्री अनीस मंसूरी ने कहा कि आज 10 सितंबर को हम भारत माता के वीर सपूत, परमवीर चक्र विजेता वीर अब्दुल हमीद को याद कर उनके बलिदान और देशभक्ति को सलाम करते हैं। शहीद अब्दुल हमीद ने एक सच्चा मुसलमान और निस्वार्थ सैनिक का रोल अदा करते हुए अपने प्राणों की आहुति दी। उन्होंने 'ला इलाहा इल्लल्लाह, मुहम्मदुर रसूलुल्लाह' की बात कहते हुए देश की रक्षा की और शहीद हुए। यह हमारा फ़र्ज़ बनता है कि हम उनके बलिदान को आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाएं। अंत में अनीस मंसूरी ने शहीद अब्दुल हमीद की आत्मा की शांति और उनके परिवार के लिए ईश्वर से दुआ की, साथ ही समाज के सभी वर्गों को एकजुट होकर देश सेवा और इंसानियत की राह पर चलने का आह्वान किया। इस बीच, अबू बक्र इदरीसी ने उत्तर प्रदेश सरकार से मांग कि वीर अब्दुल हमीद के नाम से सैन्य महाविद्यालय खोला जाये। इस मौके पर मोहम्मद असलम एडवोकेट, मौलाना इलियास मंसूरी, फैसल सिद्दीकी, मोहम्मद कलीम गुड्डू, नरेंद्र सिंह यादव, राम प्रकाश मौर्या, सिराज मंसूरी के अतरिक्त काफी लोग मौजूद थे।

# खैराबाद में झोलाछाप डॉक्टरों की लापरवाही से नवजात की मौत

**परिजनों ने लगाया अपोलो अस्पताल पर गंभीर आरोप**

**सीतापुर स्वास्थ्य विभाग विभाग की लापरवाही से पहले भी जा चुकी है जाने**

**सीएमओ ऑफिस में भ्रष्टाचार का हो रहा बड़ा खेल, अस्तपाल बंद व खुलवाने में चल रहा धन बल**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। खैराबाद क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं की लापरवाही और निजी अस्पतालों की मनमानी से एक नवजात की मौत का सनसनीखेज मामला सामने आया है। ग्राम सोहरहिया निवासी प्रदीप कुमार ने थाना खैराबाद में तहरीर देकर आरोप लगाया है कि झोलाछाप डॉक्टरों और अस्पताल संचालकों की मिलीभगत से उनकी नवजात बच्ची की जान चली गई।प्रदीप कुमार के अनुसार, उनकी पत्नी नीलम को 13 अगस्त को प्रसव पीड़ा होने पर खैराबाद सीएचसी में भर्ती कराया गया, जहाँ डिलीवरी के बाद बच्ची का जन्म हुआ। जन्म के तुरंत बाद बच्ची की हालत गंभीर बताकर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। इस बीच एक अज्ञात व्यक्ति ने मदद का भरोसा दिलाकर परिवार को खैराबाद स्थित अपोलो अस्पताल ले गया।अपोलो अस्पताल में डॉ. महताब ने बच्ची को देखकर कहा कि इलाज संभव है, लेकिन करीब 80 हजार रुपये खर्च होंगे। परिजनों की मजबूरी का फायदा उठाते हुए इलाज के नाम पर लगातार भारी-भरकम रकम वसूली गई। इसी दौरान अपोलो अस्पताल संचालकों ने परिवार को अपने साधन से लखनऊ के माही अस्पताल ले जाकर बच्ची को भर्ती करा दिया, जहाँ करीब 95 हजार रुपये वसूले गए। इसके बाद ऑपरेशन और अन्य खर्च के नाम पर 1 लाख रुपये और ऐंठे गए।जब परिजनों ने अधिक पैसे की मांग पर सवाल उठाए तो डॉक्टरों ने कहा कि इलाज में 8 से 10 लाख रुपये और लगेंगे। गरीब परिवार ने जेवर गिरवी रखकर व कर्ज लेकर अब तक का खर्च किसी तरह उठाया था, लेकिन आगे और पैसे देना उनके लिए असंभव था। पैसे न होने पर परिजन बच्ची को वापस खैराबाद अपोलो अस्पताल ले आए। आरोप है कि वहाँ डॉ. महताब ने उन्हें धमकाते हुए बच्ची को वापस लाने पर आपत्ति जताई।इसके बाद परिजन नवजात को लेकर लखनऊ मेडिकल कॉलेज पहुँचे, जहाँ डॉक्टरों ने साफ कहा कि पहले से किया गया ऑपरेशन गलत था और इसी कारण बच्ची को भर्ती नहीं किया जा सकता। कई दिनों तक भटकने और इलाज के प्रयासों के बावजूद 7 सितंबर को मासूम ने दम तोड़ दिया।शिकायतकर्ता प्रदीप कुमार ने थाना खैराबाद में दी तहरीर में झोलाछाप डॉक्टरों और अपोलो अस्पताल के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

उनका कहना है कि यह पूरा खेल गरीब मरीजों को फँसाकर उनसे मोटी रकम ऐंठने का है, और उनकी बच्ची की मौत इसी लापरवाही का परिणाम है।ग्रामीणों और परिजनों का आरोप है कि यदि सीएमओ कार्यालय और स्वास्थ्य विभाग ने समय रहते फर्जी अस्पतालों पर कार्रवाई की होती, तो यह दर्दनाक हादसा टल सकता था। लोगों ने शासन से इस पूरे प्रकरण की उच्चस्तरीय जांच कर दोषी डॉक्टरों और लापरवाह अधिकारियों पर कठोर कार्रवाई की मांग की है।

# एल्पिस ग्लोबल स्कूल में स्काउट-गाइड त्रिदिवसीय प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ

**प्रथम दिवस में छात्रों ने सीखी अनुशासन व सेवा की सीख**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर । छात्रों के सर्वांगीण विकास एवं व्यक्तित्व निर्माण की दिशा में प्रतिबद्ध एल्पिस ग्लोबल स्कूल में दिनांक 10 सितम्बर 2025 को भारत स्काउट एवं गाइड उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में आयोजित त्रिदिवसीय विशेष प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ हुआ। शिविर के प्रथम दिवस की शुरुआत विद्यालय प्रांगण में प्रार्थना एवं स्काउट-गाइड झंडा गीत के साथ हुई। तत्पश्चात टोली निर्माण एवं विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से बच्चों को स्काउट-गाइड आंदोलन की प्रारंभिक जानकारी दी गई। कार्यक्रम में बच्चों ने टीम भावना, अनुशासन, आत्मनिर्भरता और समाज सेवा जैसे मूलभूत गुणों को व्यवहारिक रूप से समझा।इस अवसर पर श्री मंगली प्रसाद (लीडर ट्रेनिंग स्काउट), श्री अनिल बंशवार (स्काउट मास्टर), सुश्री प्रतिभा श्रीवास्तव (एडवांस गाइड), श्री रूपेश अवस्थी (सहायक जिला आयुक्त) तथा विद्यालय के स्काउट-गाइड प्रशिक्षक श्री दिलशाद अली एवं सुश्री नेहा मौर्या की गरिमामयी उपस्थिति और मार्गदर्शन में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।प्रशिक्षकों ने बच्चों को स्काउट-गाइड आंदोलन का इतिहास, आदर्श व सिद्धांतों से अवगत कराया तथा यह संदेश दिया कि सच्चा स्काउट-गाइड वही है जो ल्लसेवा ही धर्मङ्क की भावना को आत्मसात कर समाज के हित में सदैव तत्पर रहे। विद्यालय प्रबंधक श्री उमंग राजवंशी एवं प्रधानाचार्या श्रीमती दीपा चंद्रा ने कार्यक्रम के प्रथम सोपान के प्रारंभ की अनुमति के साथ ही इस आयोजन को बच्चों के उज्ज्वल भविष्य और सर्वांगीण विकास हेतु एक महत्वपूर्ण कदम बताते हुए प्रशिक्षकों का आभार व्यक्त किया।

# प्रेरणा कार्यक्रम 2024-25 पर रिपोर्ट

कैनविज टाइम्स संवाददाता




सीतापुर। शैक्षणिक सत्र 2024-25 में शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा संचालित प्रेरणा कार्यक्रम एक अभिनव पहल के रूप में देशभर के विद्यार्थियों के लिए आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, राष्ट्रप्रेम, अनुशासन, सामाजिक उत्तरदायित्व तथा नवाचार की भावना को विकसित करना है। चयनित विद्यार्थियों को गुजरात राज्य के वडनगर स्थित प्रेरणा विद्यालय में एक सप्ताह के प्रशिक्षण हेतु आमंत्रित किया जाता है। इस वर्ष खैराबाद के लिए यह अत्यंत गर्व का विषय रहा कि दो मेधावी विद्यार्थियों का चयन इस कार्यक्रम में हुआ। इनमें पहला नाम है अनन्या, जीवन ज्योति स्कूल, खैराबाद की छात्रा, तथा दूसरा नाम है शिवम, केंद्रीय विद्यालय का छात्र। दोनों ने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा, अनुशासन और परिश्रम के आधार पर स्थान प्राप्त किया।दिनांकित सप्ताह भर के प्रवास में अनन्या और शिवम ने वडनगर स्थित प्रेरणा विद्यालय में विभिन्न गतिविधियों एवं प्रशिक्षण सत्रों में सक्रिय भागीदारी की। यहाँ उन्हें नेतृत्व गुण, टीम भावना, समय प्रबंधन, समाज सेवा, सांस्कृतिक विविधता एवं देशभक्ति जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। साथ ही, उन्होंने देश के विभिन्न राज्यों से आए विद्यार्थियों के साथ अनुभव साझा किए और नये दृष्टिकोणों से परिचित हुए।कार्यक्रम से लौटने के पश्चात दोनों छात्रों ने अपने विद्यालयों एवं जनपद का नाम रोशन किया। शिक्षकों और अभिभावकों ने इसे बच्चों के भविष्य के लिए प्रेरणादायी अनुभव बताया। अनन्या और शिवम का चयन न केवल उनकी व्यक्तिगत उपलब्धि है, बल्कि संपूर्ण खैराबाद क्षेत्र एवं विद्यालय परिवार के लिए सम्मान की बात है।निस्संदेह, यह अनुभव आने वाली पीढ़ियों को शिक्षा, अनुशासन और राष्ट्र निर्माण की दिशा में प्रेरित करेगा।

## परिषदीय स्कूल के शिक्षकों ने चलाया साक्षरता अभियान, लोगों को किया जागरूक

महराजगंज,रायबरेली। परिषदीय स्कूल के शिक्षकों ने साक्षरता अभियान चलाकर निरक्षर लोगों को शिक्षा के महत्व से परिचित कराना है। अभियान के तहत,कम्पोजिट विद्यालय महराजगंज व कम्पोजिट विद्यालय मोन के शिक्षकों ने पढ़ने लिखने में अक्षम लोगों को साक्षरता के प्रति जागरूक किया। बुधवार को क्षेत्र के मोन व महराजगंज के कम्पोजिट विद्यालयों द्वारा साक्षरता सप्ताह मिशन के तहत रैली निकाल कर लोगों को शिक्षित होने का संदेश दिया। वही अम्पोजिट विद्यालय मोन के शिक्षकों ने गांव में भ्रमण कर निरक्षर बुजुर्गों को कापी पेन देते हुए उन्हें साक्षर बनाने का संकल्प लिया। मोन के शिक्षक नंदकुमार व शिक्षिका स्वेता श्रीवास्तव ने गांव में जाकर लोगों से संवाद कर साक्षरता के महत्व को समझाया। खण्ड शिक्षा अधिकारी राम मिलन यादव ने बताया कि शासन के निर्देश पर सभी परिषदीय स्कूलों में साक्षरता अभियान चलाकर लोगों को शिक्षा के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

# निजी अस्पतालों पर कार्रवाई के बाद समझौते के आरोप

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**स्वास्थ्य विभाग की कार्यशैली पर सवाल, 72 अस्पतालों पर ताले डलवाने के बाद कथित रूप से मोटी रकम लेकर दोबारा खोलने की अनुमति, एनसीपी**

**कुछ माह पूर्व एडिशनल सीएमओ डॉ. अनूप श्रीवास्तव द्वारा जनपद में लगभग 72 निजी व झोलाछाप अस्पतालों पर छापेमारी कर ताले डलवाए गए थे**

सीतापुर । एनसीपी पार्टी के प्रदेश महासचिव प्रवीण सिंह ने लखनऊ स्थित स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के महा निदेशक को शिकायती पत्र सौंपकर सीतापुर में स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ माह पूर्व एडिशनल सीएमओ डॉ. अनूप श्रीवास्तव द्वारा जनपद में लगभग 72 निजी व झोलाछाप अस्पतालों पर छापेमारी कर ताले डलवाए गए थे। लेकिन कुछ ही दिनों बाद इन्हीं अस्पतालों को ऑफिस बुलाकर कथित रूप से मोटी रकम लेकर दोबारा खोलने की अनुमति दे दी गई।

प्रवीण सिंह ने शिकायती पत्र में लिखा है कि अगर ये अस्पताल मानक अनुसार सही थे तो उन्हें बंद क्यों कराया गया? और यदि वे गलत तरीके से संचालित हो रहे थे, तो आगे कड़ी कार्रवाई क्यों नहीं की गई। इस दोहरी नीति से स्वास्थ्य विभाग पर आमजन का भरोसा उठता जा रहा है। ज्ञात हो कि कुछ माह पहले कमिश्नर रोशन जैकब के निर्देश पर बड़ी कार्रवाई की गई थी। उस समय एसीएमओ डॉ. अनूप श्रीवास्तव और एसडीएम अंजली सिंह ने मिलकर जिले भर में दर्जनों झोलाछाप और अपंजीकृत अस्पतालों पर धड़ाधड़ छापेमारी की थी। तत्कालीन कार्रवाई में कई अस्पतालों पर ताले लटक गए थे और जनता को उम्मीद जगी थी कि अब स्वास्थ्य विभाग सख्ती दिखाएगा। लेकिन कुछ ही हफ्तों बाद ज्यादातर अस्पताल फिर से पहले की तरह संचालित होने लगे। स्थानीय लोगों का कहना है कि मानकविहीन और अपंजीकृत अस्पतालों के खिलाफ कार्रवाई सिर्फ कागजों तक सीमित रही। अधिकांश संचालकों को नोटिस देकर सीएमओ ऑफिस बुलाया गया और कथित रूप से समझौते के बाद उन्हें अस्पताल चलाने की हरी झंडी दे दी गई।

इससे अस्पताल संचालकों में भी आक्रोश है और जनता में निराशा फैल गई है। एनसीपी महासचिव प्रवीण सिंह ने मांग की है कि इस पूरे मामले की जांच शासन-स्तरीय कमेटी से कराई जाए और जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में जनता की जान के साथ खिलवाड़ करने वालों पर लगाम लग सके।

# नेपाल घटनाक्रम पर खीरी बॉर्डर अलर्ट

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**डीएम-एसपी की सघन मॉनिटरिंग, एसएसबी-पुलिस की संयुक्त गश्त तेज**

लखीमपुर खीरी । पड़ोसी राष्ट्र नेपाल में हुए घटनाक्रम के बाद भारत-नेपाल सीमा पर सुरक्षा चाक-चौबंद कर दी गई है। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल और एसपी संकल्प शर्मा खुद बॉर्डर की हर हलचल पर पैनी नजर रखे हुए हैं। दोनों अधिकारी लगातार मॉनिटरिंग कर स्थिति का जायजा ले रहे हैं।एसएसबी और स्थानीय पुलिस को हाई अलर्ट पर रखा गया है। पुलिस की कवच प्वाइंट्स और एसएसबी के जवान आपसी सहयोग से सीमा पर सघन गश्त कर रहे हैं। नदी पार जाने वाले रास्तों तक पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। प्रशासन का साफ संदेश है कि नेपाल से कोई भी अराजक तत्व भारतीय सीमा में घुसपैठ न कर पाए।

### गांवों में बैठक, लोगों से अपील

डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल के निर्देश पर निघासन और पलिया तहसील के एसडीएम ने सीमा से जुड़े गांवों के ग्राम प्रधान, सचिव, लेखपाल और कोटेदारों संग बैठक की। अधिकारियों ने कहा कि ग्रामवासी ऐसे लोगों की सूचना दें जो नेपाल गए हों और अब तक वापस न लौटे हों।

### सीमा पार आवागमन नियंत्रित

भारतीय सीमा से नेपाल के नागरिकों को नेपाल जाने की अनुमति दी जा रही है, जबकि नेपाल से भारतीय नागरिकों को प्रवेश मिल रहा है। भारी वाहनों का बॉर्डर से आना-जाना पूरी तरह से प्रतिबंधित कर दिया गया है। एसएसबी के मुताबिक, 10 सितंबर को सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक भारत से नेपाल की ओर 343 नेपाली नागरिक भेजे गए, जबकि नेपाल से भारत में 177 भारतीय नागरिकों ने प्रवेश किया।

### फंसे भारतीयों के लिए कंट्रोल रूम

नेपाल घटनाक्रम को देखते हुए जिला प्रशासन ने 24×7 कंट्रोल रूम स्थापित किया है। जनपद खीरी का कोई भी भारतीय नागरिक नेपाल में फंसा हो तो सहायता हेतु दिए गए फोन नंबर 05872-298410, 9454416588 पर संपर्क कर सकता है।

### ड्रोन की अफवाहों से रहें दूर

कानपुर । ड्रोन की अफवाहों से दूर रहें यदि रात में कोई संदिग्ध दिखे तो उसके साथ मारपीट ना करें। उसे रोकने के बाद पुलिस को सूचना दें। पुलिस उस पर कार्रवाई करेगी। यदि आप किसी के साथ मारपीट करते हैं, तो आप भी कानूनी कार्रवाई के दायरे में फंस सकते हैं। यह बातें बुधवार को डीसीपी साउथ दीपेंद्र नाथ चौधरी ने ग्रामीणों से कही।घाटमपुर सर्किल क्षेत्र के बिधनू, साढ़, घाटमपुर, सजेती व पतारा चौकी पहुंचे डीसीपी साउथ दीपेंद्र नाथ चौधरी, एडीसीपी राजेश कुमार, एसीपी कृष्णकांत यादव ने ग्राम प्रधानों और ग्रामीणों संग बैठक कर उन्हें क्षेत्र में फैली ड्रोन उड़ने की अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की है। इस दौरान ग्राम प्रधान तरगांव पति मोहन सिंह चंदेल ने बताया कि हम पिछले 15 दिनों से रात-रात भर ग्रामीणों संग जाकर गांव में गश्त कर रहे हैं।

# सीडीओ बोले, 75% अनुदान सरकार देगी , 25% वहन करेंगे प्रबंधक, हर स्कूल से मांगा गया प्रस्ताव

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी। जिले के अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों की तस्वीर बदलने के लिए शासन की महत्वाकांक्षी योजना ''प्रोजेक्ट अलंकार'' पर बुधवार को अटल सभागार में अहम बैठक हुई। बैठक में सीडीओ अभिषेक कुमार ने विद्यालयों के प्रधानाचार्य और प्रबंधकों को योजना की जानकारी दी। संचालन डीआईओएस विनोद कुमार मिश्रा ने किया।बैठक की अध्यक्षता करते हुए सीडीओ ने कहा कि प्रोजेक्ट अलंकार के तहत विद्यालयों के आधुनिकीकरण व भवनों के कायाकल्प के लिए सरकार 75% तक अनुदान देगी, जबकि 25% भागीदारी विद्यालय प्रबंधन को करनी होगी। उन्होंने प्रबंधकों व प्रधानाचार्यों से अपील की कि हर विद्यालय से कम से कम एक प्रस्ताव अवश्य भेजा जाए, ताकि अधिक से अधिक संस्थान योजना का लाभ ले सकें। बैठक के दौरान कुछ प्रधानाचार्यों और प्रबंधकों ने वित्तीय हिस्सेदारी, प्रस्ताव की प्रक्रिया और तकनीकी पहलुओं को लेकर सवाल पूछे। सीडीओ ने सभी बिंदुओं पर विस्तार से जानकारी दी और भ्रम दूर किए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि विद्यालयों की जरूरत और प्राथमिकता के हिसाब से प्रस्ताव तैयार कर भेजे जाएं।डीआईओएस विनोद कुमार मिश्रा ने कहा कि यह योजना न केवल भवनों को नया रूप देगी, बल्कि शिक्षा के वातावरण को भी बेहतर बनाएगी। विद्यालय तभी आकर्षक होंगे, जब उनका ढांचा आधुनिक होगा।

## रताशिया के गौशाला का बुराहाल, मानक विहीन कार्य में जमकर भ्रष्टाचार, अधिकारी मौन

लखीमपुर खीरी। जिले के ब्लॉक बेहजम की ग्राम पंचायत रताशिया में चल रहे गौशाला में ग्राम प्रधान व ग्राम पंचायत अधिकारी की मिली भगत से गौशाला में मवेशियों का हो रहा बुरा हाल, सूत्र बताते हैं कि गायों और उसके बच्चों की आंखें तक चील कौवे लेते हैं निकाल , क्योंकि देखने वाला कोई है ही नहीं जब कि हर गौशालाओं में कम से कम दो केयरटेकर तो होने ही चाहिए, लेकिन यहां पर एक ही केयर टेकर करता है 24 घंटे ड्यूटी,फिर तो ऐसा होना संभावित है, इतना ही नहीं चारे की बात करें तो सिर्फ एक छोटे से कमरे में थोड़ा सा भूसा रखकर सैकड़ो गायों के चारा व अन्य सुविधाओं का पैसा निकाल लिया जाता है ।क्षेत्र वासियों ने अपना नाम ना बताने की शर्त पर बताया कि जो पैसा आता है वह अधिकारी और प्रधान की मेहरबानी की भेंट चढ़ जाता है ।मवेशियों को न तो भोजन टाइम पर मिलता है और ना ही ट्रीटमेंट, जिसके चलते आए दिन पशु होते हैं बीमार और आए दिन उनकी होती है मौतें। सूत्र बताते हैं उच्च अधिकारियों को बगैर सूचना दिए ही पशुओं को गुप्त तरीके से जमीन के अंदर दफना दिया जाता है , योगी आदित्यनाथ सरकार की महत्वाकांक्षी योजना पर पानी फ़ेरा जा रहा है ,इतना ही नहीं इस ग्राम पंचायत में जितनी योजनाओं पर काम किया गया है या किया जा रहा है, सब में मानक को ताक पर रख कर कार्य किया गया है। जबकि हर कार्य का बजट अपने हिसाब से सरकार तय करती है जिससे लाभार्थियों को योजना का लाभ मिल सके।लेकिन उसमें भी बचा कर प्रधान अपनी जेब भरने में लगे हुए हैं। अब देखना है कि खंड विकास अधिकारी बेहजम द्वारा इस ग्राम पंचायत की जांच कराई जाती है या फिर यूं ऐसे ही चलता रहेगा ।

## बॉयोकैमिस्ट्री की मेधावी छात्रा अंशिका त्रिवेदी को एलयू में मिले दो गोल्ड मेडल



लखनऊ,। लखनऊ विश्वविद्यालय में बॉयोकैमिस्ट्री विभाग में एम.एससी में वर्ष 2025 की परीक्षा में सर्वाधिक अंक पाने वाली मेधावी छात्रा अंशिका त्रिवेदी को दो गोल्ड मेडल मिले हैं। बुधवार को संपन्न हुए लखनऊ विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने ये पदक अंशिका त्रिवेदी को प्रदान किए। अंशिका को अपने विभाग सहित पूरे विज्ञान संकाय में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए दो गोल्ट मेडल मिले हैं। उन्हें राज्यपाल ने प्रोफ़ेसर एसके अग्रवाल स्वर्ण पदक और प्रोफ़ेसर एसके कृष्णन स्वर्ण पदक देकर सम्मानित किया है। आईटी कालेज से स्नातक करने के बाद अंशिका ने लखनऊ विश्वविद्यालय के बॉयोकैमिस्ट्री विभाग में परास्नातक में में शैक्षिक सत्र 2023-24 में दाखिला लिया था। लखनऊ विश्वविद्यालय से एम.एससी में सर्वश्रेष्ठ अंक प्राप्त करने के बाद अब अंशिका त्रिवेदी का चयन आईआईटी धारवाड़ में शोध के लिए हुआ है। अंशिका के पिता आचार्य अजय त्रिवेदी वरिष्ठ पत्रकार जबकि माता श्रीमती संध्या त्रिवेदी गृहणी हैं। अंशिका ने बताया कि वह आईआईटी से शोध के चयन हुआ ।

## उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल (पूर्व माध्यमिक) शिक्षक संघ ने सौंपा ज्ञापन

लखनऊ। उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल (पूर्व माध्यमिक) शिक्षक संघ लखनऊ द्वारा प्रदेश नेतृत्व के आव्हान पर मा उच्चतम न्यायालय द्वारा दिए गए सेवारत शिक्षकों को टीईटी उत्तीर्ण अनिवार्य किये जाने सम्बन्धित पारित आदेश में विसंगति एवं त्रुटिपूर्ण होने के संबंध में प्रधानमंत्रीजी एवं मानव संसाधन विकास मंत्री सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से प्रेषित किया गया। अतः महोदय अपने समाचार पत्र/चैनल में प्रासारित कर हम सभी शिक्षकों की आवाज को शासन/प्रशासन तक पहुंचानें कि कृपा करें। धन्यवाद!ज्ञापन देने वालों में डॉ प्रभा कान्त मिश्रा जिला अध्यक्ष सुधीर सहगल जिला महामंत्री मनोज मौर्य जिला कोषाध्यक्ष विमला चन्द्रा मण्डल उपाध्यक्ष/ब्लॉक अध्यक्ष मलिहाबाद रेखा शुक्ला जिला मंत्री अंजय कुमार दास संजीव श्रीवास्तव रीना चौधरी कविता छावड़ा उपाध्यक्ष दीपक मिश्रा ब्लॉक अध्यक्ष बक्शी तालाब संजय पांडे ब्लॉक अध्यक्ष काकोरी प्रेम कुमार चिनहट सहित शिक्षक उपस्थित रहे।

# कंदुनी में बनेगी मिनी फिल्म सिटी

**बिसवां में प्रबुद्धजनों की कार्यशाला : आत्मनिर्भर भारत 2047 के विजन पर चर्चा**

कैनविज टाइम्स संवाददाता




बिसवां सीतापुर। आत्मनिर्भर भारत एवं समर्थ, विकसित,आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश शताब्दी संकल्प वर्ष 2047 के लक्ष्य को पाने के लिए प्रबुद्धजनों की कार्यशाला का आयोजन आई टी आई परिसर कंदुनी मे किया गया। समाजसेवी शरद चौधरी के द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रिटायर्ड आई एस प्रवीर कुमार ने कहा प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री का संकलप है।कि 2047 का भारत कैसा है। जब इसकी बात होती है । तो इसके लिए जब हमारा गांव विकसित होगा जिला एवं प्रदेश विकसित होगा तभी भारत विकसित होगा। उसी का विजन बनाने की बात के लिए आज यहाँ यह प्रबुद्धजनों के चर्चा की जा रही है।जन सामान्य से भी सुझाव मांगे गये है। इसी को लेकर खेती किसानो,ग्रामीण महिलाओ को भी सुना गया है और सभी से अपील की गई है कि वो अपना सुझाव दे। ताकि हमारे सपनो का भारत कैसा हो इसके लिए ही अलग ग्रुप से सुझाव लिये जा रहे है। वही कार्यशाला मे ही फिल्मो के निर्माता व निदेशक स्व0 सतीश कौसिक के भतीजे निशांत कौशिक ने मिनी फिल्म सिटी कंदूनी मे बनाने की घोषणा की और उन्होंने कहा कि दिसम्बर तक हम इस पर यहाँ काम शुरु करेंगे।

उन्होंने कहा ग्रामीण क्षेत्र मे तमाम प्रतिभाएं है उनको छोटी छोटी फिल्मो के माध्यम से दुनिया के सामने लाने का काम किया जायेगा जिससे ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को रोजगार और उनकी छुपी प्रतिभा भी सब के सामने होगी।इस अवसर पर राजस्व परिषद के अध्यक्ष पी गुरु प्रसाद, जिलाधिकारी अभिषेक आंनद, मुख्य विकास अधिकारी अपर्णा ऐसवर्य, उपजिलाधिकारी बिसवां शिखा शुक्ला,खंड विकास अधिकारी बिसवां सुमित सिंह, अशोक बाजपेई, सहित तहसील एवं ब्लाक स्त्ररीय कर्मचारी मौजूद रहे।

# कोई भी पात्र विद्यार्थी छात्रवृत्ति से वंचित न रहे: सीडीओ

**प्रधानाचार्यों को निर्देश : समय पर आवेदन कराना सुनिश्चित करें, लापरवाही पर होगी सख्त कार्रवाई**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी। शासन की महत्वाकांक्षी छात्रवृत्ति योजना को लेकर बुधवार को कलेक्ट्रेट स्थित अटल सभागार में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता सीडीओ अभिषेक कुमार ने की। इस बैठक में जिले के सभी विद्यालयों के प्रधानाचार्य मौजूद रहे।सीडीओ अभिषेक कुमार ने साफ शब्दों में कहा कि शासन की मंशा है कि छात्रवृत्ति का लाभ हर पात्र विद्यार्थी तक पहुँचे। किसी भी कारणवश कोई बच्चा वंचित न रह जाए, यह सभी विद्यालयों की जिम्मेदारी है। यह विद्यार्थियों का हक है, इसे लेकर लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। हर विद्यालय यह सुनिश्चित करे कि सभी पात्र छात्रों का आवेदन निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा हो और नियमानुसार फॉरवर्ड किया जाए।बैठक में सीडीओ ने स्पष्ट किया कि यदि किसी विद्यालय ने समयसीमा में आवेदन प्रक्रिया पूरी नहीं की तो उसकी पूरी जिम्मेदारी संबंधित प्रधानाचार्य की होगी। उन्होंने कहा कि विद्यालय स्तर पर कोई भी आवेदन लंबित न रखा जाए।

### अधिकारियों ने दी विस्तृत जानकारी

बैठक में जिला समाज कल्याण अधिकारी वंदना सिंह, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी अभय कुमार सागर और जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी रोहित कुमार मौजूद रहे। तीनों अधिकारियों ने विद्यालय प्रबंधकों व प्रधानाचार्यों को छात्रवृत्ति योजना से जुड़ी हर छोटी-बड़ी जानकारी विस्तार से दी। उन्होंने पात्रता, आय सीमा, ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया और फॉरवर्डिंग की समयसीमा पर विशेष जोर दिया।

### किस वर्ग के लिए कितनी आय सीमा

सामान्य वर्ग पूर्व दशम : 2.5 लाख, दशमोत्तर : 2 लाख , एससी/एसटी दोनों स्तरों पर : 2.5 लाख ,ओबीसी दोनों स्तरों पर : 2 लाख, अल्पसंख्यक वर्ग पूर्व दशम : 2.5 लाख, दशमोत्तर : 2 लाख

# मण्डलायुक्त की अध्यक्षता में मुरादाबाद स्मार्ट सिटी,एसपीवी बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स की बैठक

**बैठक में एडिशनल सीईओ द्वारा निदेशक मण्डल के समक्ष एजेंडा प्रस्तुत किया गया, जिसके पश्चात निर्णय लिए गये**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सम्पन्न। मण्डलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह की अध्यक्षता में कमिश्नरी सभागार में मुरादाबाद स्मार्ट सिटी, एसपीवी बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स की बैठक आयोजित हुई। बैठक में एडिशनल सीईओ द्वारा निदेशक मण्डल के समक्ष एजेंडा प्रस्तुत किया गया, जिसके पश्चात निर्णय लिए गये। बैठक में निदेशक मण्डल/मण्डलायुक्त द्वारा मुरादाबाद स्मार्ट सिटी लिमिटेड के निदेशक के रुप में श्री अशोक कुमार चौरसिया, मुख्य अभियन्ता पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड को निदेशक/अंशधारी नियुक्त किए जाने का अनुमोदन प्रदान किया गया। मण्डलायुक्त द्वारा मुरादाबाद स्मार्ट सिटी लिमिटेड के निदेशक के रुप में श्री परमेश कुमार सहयुक्त नियोजक टाउन एण्ड कन्ट्ररी प्लानिंग मुरादाबाद को निदेशक नियुक्त किए जाने का अनुमोदन प्रदान किया गया। मुरादाबाद स्मार्ट सिटी लिमिटेड परियोजना के अन्तर्गत निर्मित पीएनजी आधारित शवदाह गृह के संचालन हेतु नगर निगम मुरादाबाद को हस्तगत किए जाने का अनुमोदन भी प्रदान किया गया। स्मार्ट सिटी परियोजना सोलर बेस्ड वाटर एटीएम के ऑपरेशन और मेंटनेंस अवधि की समाप्ति से पूर्व परियोजना संचालन तथा संचालन से प्राप्त आय की शेयरिंग किए जाने हेतु निविदा आदि की कार्यवाही करते हुए एजेंसी का चयन किए जाने के प्रस्ताव का मण्डलायुक्त द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया। इसके साथ ही स्मार्ट सिटी लिमिटेड की समस्त पूर्ण हो चुकी परियोजनाओं को सेल्फ सस्टेनेबल बनाये जाने एवं इन कार्यों से रेवन्यू प्राप्त किए जाने हेतु आवश्यक प्लानिंग शीघ्र बनाये जाने के मण्डलायुक्त ने निर्देश दिए।इस अवसर पर उपाध्यक्ष मुरादाबाद विकास प्राधिकरण श्री अनुभव सिंह, एडिशनल सीईओ मुरादाबाद स्मार्ट सिटी लिमिटेड श्री अतुल कुमार, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व श्रीमती ममता मालवीय, मुख्य अभियंता पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड श्री अशोक कुमार चौरसिया सहित अन्य अधिकारी गण मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार वाहन को जनपद न्यायाधीश ने दिखाई हरी झंडी

संभल। उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के दिशा-निर्देशों के अनुपालन में आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु बुधवार को चंदौसी स्थित जनपद न्यायालय से एक विशेष प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सम्भल दुर्ग नरायन सिंह ने वाहन को रवाना करते हुए कहा कि 13 सितम्बर को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत का उद्देश्य नागरिकों को त्वरित, सुलभ और निःशुल्क न्याय दिलाना है। इसमें छोटे-मोटे झगड़े, पारिवारिक विवाद, बैंक ऋण, बिजली-पानी के बिल, यातायात चालान और श्रम विवाद जैसे मामलों का आपसी सुलह से निपटारा कराया जाएगा। प्रचार वाहन विभिन्न क्षेत्रों में जाकर आमजन को लोक अदालत की प्रक्रिया, उसके लाभ और नागरिकों के अधिकारों की जानकारी देगा। वाहन में पोस्टर, बैनर, ध्वनि यंत्र और जनजागरूकता सामग्री शामिल की गई हैं। इस मौके पर प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय चंदौसी वीरकनेडी लाल, अपर सत्र न्यायाधीश चंदौसी आरती फौजदार, अपर सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट अवधेश कुमार सिंह, प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/सिविल जज (सी.डी.)/एसीजेएम आदित्य सिंह, सिविल जज (जू.डी.) जेएम दिव्या गर्ग, न्यायिक मजिस्ट्रेट दिव्या चिंडालिया, बार एसोसिएशन चंदौसी के अध्यक्ष विनोद कुमार सिंह और सचिव तीरथ राज यादव सहित न्यायिक अधिकारी व अधिवक्ता उपस्थित रहे।

## ग्राम खजरा भूड़ में बुलडोजर कार्रवाई से किसान की मौत

**सपा नेता अखिलेश यादव ने एसडीएम गुन्नौर को सौंपा ज्ञापन**

संभल , गुन्नौर। ग्राम खजरा भूड़ में लेखपाल और कानूनगो द्वारा बिना नोटिस बुलडोजर कार्रवाई किए जाने से सदमे में एक किसान की मौत के मामले में समाजवादी पार्टी के विधायक रामखिलाड़ी यादव के पुत्र व सपा नेता अखिलेश यादव ने उपजिलाधिकारी गुन्नौर अवधेश कुमार को ज्ञापन सौंपकर दोषियों पर कठोर कार्रवाई की मांग की। सपा नेता अखिलेश यादव ने कहा कि बिना नोटिस दिए प्रशासन द्वारा की गई कार्रवाई सीधा अन्याय है, जिसकी कीमत एक किसान को अपनी जान देकर चुकानी पड़ी। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर पीड़ित परिवार को न्याय नहीं मिला तो समाजवादी पार्टी बड़ा संघर्ष करेगी। ज्ञापन में मांग की गई कि मृतक किसान के परिवार को आर्थिक सहायता दी जाए, दोषी लेखपाल और कानूनगो को तत्काल निलंबित किया जाए तथा उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जाए।

## बिखरते परिवारों को एक डोर से बांधने का सहारा बनी पुलिस

बदायूं। रिजर्व पुलिस लाईन बदायूं में आयोजित परिवार परामर्श केंद्र के सहयोग से तथा मौजूद काउंसलर भीमसेन सागर, गिरधारी सिंह राठौड़, ज्वाला प्रसाद गुप्ता, एस डी शर्मा, शिव स्वरूप गुप्ता, मधु गौतम, प्यारे सिंह यादव, अशोक खुराना व संबंधित पुलिस अधिकारी/कर्मचारीगण उ0 नि0 माया देवी महिला कांस्टेबल राखी महिला कांस्टेबल डोली महिला कांस्टेबल स्वाति सिसोदिया द्वारा पारिवारिक समस्याओं की कुल 45 फाइलें लगाई गई। जिनमें से 31 फाइलों की काउंसलिंग हुई, 01 फाइल में समझौता हुआ 03 फाइल निरस्त शेष फाइलो में अग्रिम तिथि दी गई एवं उपस्थित पक्षों को सुना गया और उनकी समस्याओं के निवारण का विचार किया गया।

## विधायक के स्कूल से नकदी और चांदी की मूर्तियां चोरी

बदायूँ। मुरादाबाद-फर्रुखाबाद हाईवे किनारे गांव भटपुरा में चोरों ने मंगलवार की रात तीन अलग-अलग स्थानों पर धावा बोलकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। बेखौफ चोरों ने विधायक के स्कूल, खाद-बीज की दुकान और आयुर्वेदिक दवाखाना को निशाना बनाया।पहला मामला रुद्रांश खाद-बीज भंडार का है। खाद विक्रेता ने बताया कि चोरों ने उनकी दुकान में नकब लगाकर अंदर घुसे। दो दरवाजों के ताले तोड़े। दुकान से 17500 रुपये नकद व बीज-दवाइयां चुरा ले गए। दूसरी वारदात अनमोल चौधरी के आयुर्वेदिक दवाखाने में हुई, जहां शटर तोड़कर चोरों ने करीब 12000 रुपये नकद और दवाइयां चोरी कर ली। स्कूल से नकदी व चांदी की मूर्तियां चोरी तीसरी वारदात बिसौली के विधायक आशुतोष मौर्य के पिनेकल इंटरनेशनल स्कूल में हुई। यहां चोरों ने डायरेक्टर ऑफिस में रखी सेफ का लाकर तोड़कर 80 हजार रुपये व मंदिर में रखी चांदी की गणेश, लक्ष्मी और कुबेर की मूर्तियां चोरी कर लीं। इसके अलावा स्कूल में फर्नीचर और शीशों को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। बुधवार सुबह जब घटनाओं की जानकारी हुई तो इलाके में खलबली मच गई। व्यापारियों और क्षेत्रीय लोगों ने आक्रोश जताया। ग्रामीणों का कहना है कि चोर बेखौफ होकर घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। पुलिस गश्त का दावा कर रही है। उन्होंने इलाके में गश्त बढ़ाने की मांग की। वही बिसौली इंस्पेक्टर से इस घटना की जानकारी करने की कोशिश की तो उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया। इससे ऐसा प्रतीत होता है कि नीचे के अधिकारी लापरवाह है।

## एलआईसी ने परदादा पादरी कालेज को बस भेंट की

अनूपशहर। भारतीय जीवन बीमा निगम द्वारा परदादा-परदादी एजुकेशन सोसाइटी में अध्ययनरत छात्राओं के आवागमन के लिए बस भेंट की। परदादा-परदादा के प्रधानाचार्य के के शर्मा ने बताया कि विद्यालय में 3 हजार छात्राएं निः शुल्क शिक्षा ग्रहण करती है। जिसमें प्रतिदिन हजारों छात्राएं दूर-दराज के ग्रामीण अंचल से विद्यालय में आती है। छात्राओं की सुविधा के लिए एलआईसी के वरिष्ठ मंडल प्रबंधक अखिलेश कुमार अमन व सीईओ सपना वर्मा ने एलआईसी के 69 वर्ष पूर्ण होने पर विद्यालय के प्रधानाचार्य को पूजा-अर्चना कर बस को रवाना किया। उन्होंने बताया कि पूर्व में भी एलआईसी द्वारा विद्यालय को दो बस प्रदान की जा चुकी हैं। सपना वर्मा ने कहा कि परदादा परदादी एजुकेशन सोसाइटी द्वारा जनहित तथा राष्ट्रहित में सराहनीय कार्य किया जा रहा है। इसी के चलते एलआईसी प्रबंधन द्वारा लगातार मदद का प्रयास किया जाता है। इस मौके पर रोहतास सिंह चौहान, डीके शर्मा, उमेश गुप्ता, सतीश चंद्र, सुनील दत्त शर्मा आदि मौजूद रहे।

## एसडीएम ने की सर्वदलीय बैठक

अनूपशहर। चुनाव आयोग के निर्देश पर आगामी कुछ समय बाद एमएलसी चुनाव प्रक्रिया को लेकर सर्व दलीय बैठक में एसडीएम ने जन प्रतिनिधियों से वार्ता की। बुधवार को एसडीएम कार्यालय में एसडीएम प्रियंका गोयल ने भाजपा, कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, बसपा के पदाधिकारी को आमंत्रित कर आगामी नवंबर से एमएलसी चुनाव को लेकर नामावली आदि प्रक्रिया शुरू होने की जानकारी दी। अनूप शहर के एलडीएवी इंटर कालेज तथा जहांगीराबाद के ब्लॉक परिसर मतदेय स्थल को लेकर चर्चा की। सभी राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों से इन मतदेय स्थल को लेकर किसी प्रकार का मतभेद समस्या आदि की जानकारी ली तथा संशोधन के लिए सुझाव आमंत्रित किए। मौके पर मौजूद सभी दलों के प्रतिनिधियों ने दोनों मतदेय स्थल को चुनाव आयोग द्वारा निर्धारित मानक के अनुकूल बताते हुए उचित बताया। इस मौके पर तहसीलदार संजय कुमार, नायब तहसीलदार खुशबू सिंह, सलाम खां, मुनेश शर्मा, अभय गर्ग, रशीद गाजी, विजय गौतम, मोहसिन गाजी आदि मौजूद रहे।

## सम्भल में एटीएस की यूनिट की स्थापना, सुरक्षा व्यवस्था होगी और मजबूत

सम्भल। उत्तर प्रदेश शासन ने सम्भल जनपद में एण्टी टेररिस्ट स्क्वॉड (एटीएस) की यूनिट स्थापित करने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। इस कदम को जिले की सुरक्षा व्यवस्था और कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिहाज़ से अहम माना जा रहा है। अब सम्भल में किसी भी आतंकी गतिविधि, संदिग्ध मूवमेंट या संगठित अपराध की सूचना पर पुलिस को तत्काल विशेषज्ञ सहायता उपलब्ध होगी। पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार ने बताया कि एटीएस यूनिट की स्थापना सम्भल के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि जिले में पहले किसी घटना या संदिग्ध गतिविधि की स्थिति में एटीएस टीमों को अन्य जनपदों से बुलाना पड़ता था, जिससे कार्रवाई में विलंब हो जाता था। लेकिन अब सम्भल में यूनिट होने से न केवल तुरंत प्रतिक्रिया संभव होगी बल्कि जिले की शांति व्यवस्था को बनाए रखने में भी बड़ी मदद मिलेगी। एसपी ने यह भी कहा कि एटीएस टीम के सक्रिय होने से अपराध और आतंकवाद से जुड़े नेटवर्क पर अंकुश लगेगा। संदिग्ध व्यक्तियों की निगरानी, छानबीन और किसी भी आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई सम्भव हो पाएगी। इससे आम जनता के बीच सुरक्षा का भरोसा और मजबूत होगा।

## मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला व निराश्रित महिला पेंशन योजना में संभल सूबे में अव्वल

संभल। महिला कल्याण विभाग की मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना और निराश्रित महिला पेंशन योजना में संभल ने प्रदेश में पहला स्थान हासिल किया है। यह उपलब्धि डीएम और सीडीओ के मार्गदर्शन में जिले के अधिकारियों और कर्मचारियों की टीमवर्क से संभव हुई।कन्या सुमंगला योजना में संभल ने अगस्त 2024 से लगातार बेहतर प्रदर्शन किया है। खासतौर पर अक्टूबर 2024, दिसंबर 2024, जनवरी 2025 से लेकर अगस्त 2025 तक कई बार प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त किया। वहीं, निराश्रित महिला पेंशन योजना में भी मार्च 2025 से अगस्त 2025 तक लगातार प्रथम स्थान पर रहा।जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पेंसिया ने इस सफलता के लिए सभी अधिकारियों, उपजिलाधिकारियों, खंड विकास अधिकारियों और कर्मचारियों को बधाई दी। उन्होंने निर्देश दिया कि पात्र बालिकाओं और महिलाओं के आवेदन समय पर पूरे कराए जाएं और उनका स्थलीय सत्यापन एक सप्ताह के भीतर किया जाए, ताकि लाभार्थियों को समय पर योजना का फायदा मिल सके।

# प्रभारी मंत्री ने प्रभावित क्षेत्र का दौरा कर पीड़ितों को कराया भोजन

**हर संभव मदद का दिया आश्वासन**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बदायूँ। जनपद की प्रभारी मंत्री गुलाब देवी ने बुधवार को तहसील दातागंज के बाढ़ प्रभावित क्षेत्र ग्र्राम जटा का भ्रमण कर ग्रामवासियों से संवाद स्थापित करते हुए कहा कि मा0 मुख्यमंत्री जी आपको अपने परिवार का हिस्सा मानते हैं। सरकार व जिला प्रशासन पूरी तरह से आपके साथ खड़ा है, आपको किसी भी प्रकार की कोई समस्या नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने अधिकारियां के साथ क्षेत्र का भ्रमण कर स्थिति का जायजा लिया। प्रभारी मंत्री, जनप्रतिनिधियों व जिलाधिकारी ने बाढ़ पीड़ितों को भोजन भी कराया। उत्तर प्रदेश सरकार में राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार माध्यमिक शिक्षा व जनपद की प्रभारी मंत्री गुलाब देवी ने ग्राम वासियों से कहा कि किसी भी ग्रामवासी व पीड़ित को भोजन, शुद्ध जल, स्वास्थ्य सेवाओ आदि किसी प्रकार की समस्या नहीं रहने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी को मा0 मुख्यमंत्री द्वारा भेजी गई राहत सामग्री भी वितरित कराई गई है और जरूरत पड़ी तो आगे भी वितरित कराई जाएगी। प्रभारी मंत्री ने कहा कि स्थिति सामान्य व नियंत्रण में है। उन्होंने अधिकारियों से नियमित रूप से क्षेत्र का भ्रमण कर ग्राम वासियों की समस्याओं का निस्तारण करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने जिलाधिकारी के नेतृत्व में जिला प्रशासन द्वारा किए गए कार्यों की प्रशंसा भी की।जिलाधिकारी अवनीश राय ने बताया कि उन्होंने तहसील दातागंज, सहसवान व बदायूं के विभिन्न प्रभावित क्षेत्र का दौरा कर विभिन्न व्यवस्थाओं का होना सुनिश्चित कराया है। उन्होंने कहा कि किसी भी ग्रामवासी को कोई समस्या नहीं होने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की सहायता लेने व सूचना देने के लिए सिंचाई विभाग बाढ़ खण्ड के कंट्रोल रूम नम्बर 05832-451362 अथवा कलेक्ट्रेट स्थित कंट्रोल रूम नम्बर 7505395940, 7505389289 व 05832-266052 पर सम्पर्क कर सकते हैं। यह दोनों कंट्रोल रूम 24 घंटे संचालित हैं। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख अतेंद्र विक्रम सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व वैभव शर्मा, एसडीएम दातागंज सहित अन्य अधिकारी व ग्रामवासी मौजूद रहे।

# डीएम ने की कल्कि देव तीर्थ समिति एवं पर्यटन विभाग के कार्यों की समीक्षा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

संभल, बहजोई। कलक्ट्रेट सभागार बहजोई में जिलाधिकारी डॉ राजेंद्र पैंसिया की अध्यक्षता में संभल कल्कि देव तीर्थ समिति एवं पर्यटन विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के अंतर्गत सम्भल के प्राचीन 68 तीर्थ एवं 19 महाकूपों के विषय में चर्चा की गयी। जिलाधिकारी द्वारा प्राचीन तीर्थों एवं महाकूपों पर नगर पालिका एवं पर्यटन विभाग द्वारा क्या क्या कार्य किए जा रहे हैं उसको लेकर जानकारी प्राप्त की एवं संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिला पर्यटन अधिकारी प्रदीप टमटा ने बताया कि कुरुक्षेत्र तीर्थ के विकास के लिए शासन द्वारा 175.20 लाख की धनराशि स्वीकृत की है जबकि मनोकामना तीर्थ के विकास के लिए 224.40 लाख की धनराशि तथा नैमिषारण्य तीर्थ के विकास के लिए 205.60 लाख की धनराशि स्वीकृत की है। प्राचीन कल्कि मंदिर एवं हरि बाबा धाम तथा मॉ कैलादेवी मंदिर के विकास कार्यों को लेकर भी चर्चा की गयी एवं संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। डिप्टी कलक्टर सौरभ कुमार पाण्डेय द्वारा भारत के भारत रत्न प्राप्त, परमवीर चक्र प्राप्त तथा अशोक चक्र प्राप्त महान विभूतियों तथा शहीदों के लिए एक आर्ट गैलरी का सुझाव रखा गया। जिलाधिकारी द्वारा संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। नैमिषारण्य तीर्थ के महंत बाल योगी दीनानाथ जी महाराज द्वारा परिक्रमा मार्ग के कुछ स्थान पर खराब होने की जानकारी दी गयी। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि शीघ्र ही मार्ग को सही कराया जाए। जिलाधिकारी ने बूढ़े बाबा एवं अन्य प्रमुख स्थानों की कनेक्टिविटी को लेकर भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

# न्यायालय की सुरक्षा व्यवस्था का एसपी ने लिया जायजा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बदायूँ। बुधवार को सुबह एसपी सिटी विजयेन्द्र द्ववेदी अचानक न्यायालय में पहुंच गए। कोर्ट की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। मुख्य गेट पर लगे बैग स्कैनर, मेटल डोर डिटेक्टर व परिसर स्थित कंट्रोल रूम का मुआयना किया और संचालन की स्थिति को देखे। सुरक्षा व्यवस्था से एसपी सिटी संतुष्ट नजर आए। उन्होंने बिना चेकिग के किसी भी व्यक्ति को अंदर नहीं जाने की हिदायत भी दी। वहीं उन्होंने न्यायालय परिसर की सुरक्षा व्यवस्था और मजबूत कर दी गई। परिसर की आंतरिक सुरक्षा के लिए रात में पुलिस की तैनाती भी की गई है। बिना पहचान पत्र के कचहरी परिसर में आने जाने वालों पर रोक लगा दी गई। सीसीटीवी में कैद होने वाली गतिविधियों पर कंट्रोल रूम से निगरानी की जाने लगी। बुधवार को एसपी सिटी खुद निरीक्षण करने पहुंच गए। गेट के अंदर लगे बैग स्कैनर का मुआयना किया। वे मेटल डिटेक्टर को देखने पहुंच गए। तकनीकी रूप से दो सीसीटीवी बंद मिले। एसपी ने कहा कि सुरक्षा व्यवस्था चौकस मिली, जहां खामियां मिलीं, उसे ठीक करा लिया जाएगा।

# समूह की दीदीयों, कृषकों, वैज्ञानिकों व एफपीओ ने दिए विकसित उप्र 2047 के लिये सुझाव

**कृषि विज्ञान केन्द्र उझानी में आयोजित गोष्ठी में कृषकों, कृषक उत्पादक संगठन (एफपीओ) व कृषि वैज्ञानिकों ने भी अपने-अपने सुझाव दिए**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। विकास भवन सभागार में समृद्ध उत्तर प्रदेश विकसित उत्तर प्रदेश 2047 अभियान अन्तर्गत नोडल अधिकारी एव प्रबुद्धजनों द्वारा एनआरएलएम द्वारा संचालित स्वंय सहायता समूहों की दीदीयां के साथ विगत आठ वर्षों में प्रदेश की विकास यात्रा के सम्बन्ध में अवगत कराते हुए विजन डॉक्यूमेंट 2047 के रोड मैप पर चर्चा कर समूह की दीदीयों से सुझाव भी मांगे। वहीं कृषि विज्ञान केन्द्र उझानी में आयोजित गोष्ठी में कृषकों, कृषक उत्पादक संगठन (एफपीओ) व कृषि वैज्ञानिकों ने भी अपने-अपने सुझाव दिए। शासन से नामित प्रबुद्धजन व नोडल अधिकारी के समक्ष राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अन्तर्गत गठित स्वयं सहायता समूहों की दीदियों ने अपने सुझाव दिए। चर्चा मे विशेष रूप से ड्रोन दीदी बैंक सखी, विद्युत सखी बी0सी0 सखी, सीएलएफ प्रबन्धक एवं स्वास्थ सखी तथा अन्य दीदीयो ने वार्ता कर अपने सुझाव एवं अपनी उपलब्धिया बताईं। जनपद के नोडल अधिकारी नितिन बंसल ने दक्षिण भारत में चल रहे सफल स्वंय सहायता समूह के तर्ज पर महिलाओं को स्वंय के रोजगार स्थापित करने हेतु प्रोत्साहित किया। कृषि विज्ञान केन्द्र उझानी में आयोजित गोष्ठी के दौरान कृषि विभाग, कृषि शिक्षा, उद्यान, गन्ना, मलय, रेशम विभाग के कृषकों द्वारा प्रबुद्धजनों के समक्ष उ0प्र0 को 2047 तक विकसित प्रदेश बनाने की परिकल्पना पर विस्तृत रूप से परिचर्चा की।जनपद के पूर्व जिलाधिकारी दिनेश कुमार सिंह ने कृषकों को अवगत कराया कि विगत आठ वर्षों में कृषि विकास दर,खाद्यन्न उत्पादन व उत्पादकता में वृद्धि हुई है। गन्ना किसानों के बकाया का भुगतान हुआ। खाद्यन्न की पारदर्शी व्यवस्था सुनिश्चित हुई। डी0बी0टी0 से भुगतान हो रहा है। पी0एम0 किसान सम्मान निधि, फसल बीमा योजना जैसे योजनाओं से किसान लाभान्वित हो रहे हैं।इस अवसर पर जनपद के नोडल अधिकारी व उपायुक्त जीएसटी नितिन बंसल, सेवानिवृत्त आई0ए0एस0 दिनेश कुमार सिंह, रुहेलखण्ड विश्वविद्यालय बरेली की प्रोफ़ेसर संतोष अरोरा, कृषि विश्वविद्यालय कानपुर के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ0 संतोष कुमार विश्वकर्मा व सेवानिवृत्त मुख्य अभियन्ता यू0पी0पी0सी0एल0 राजेश कुमार सिंह, मुख्य विकास अधिकारी केशव कुमार, उपायुक्त (स्वतः रोजग्रार) बृजेन्द्र शुक्ल, उप कृषि निदेशक मनेज कुमार, जिला कृषि अधिकारी मनोज रावत, प्रभारी अधिकारी कृषि विज्ञान केन्द्र उझानी डॉ0 फैज मोहसिन, वरि0 वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केन्द्र डॉ0 सौहार्द दुबे कृषक व समूह की दीदीयां आदि मौजूद रहे।

# जिला अस्पताल में मौसमी बुखार से बड़ी मरीजों की भीड़

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूं। जिला अस्पताल में बुखार का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है। हालात यह हैं कि मौसम बदलने के कारण घर-घर में लोग बीमार हैं। मरीजों की संख्या में लगातार बढ़ती जा रही है। मंगलवार को जिला अस्पताल में लगभग 1900 मरीज पहुंचे थे। जिसमें 150 मलेरिया 80 डेंगू 160 टाइफाइड 76 हेपेटाइटिस बी 70 हेपेटाइटिस सी 64 एचआईवी की जिला अस्पताल की पैथोलॉजी लैब में जांच हुई थी। जिसमें वायरल बुखार के सर्वाधिक मरीज पहुंच रहे है। वहीं निजी अस्पतालों की ओपीडी में मरीजों की काफी भीड़ देखने को मिल रही है। जिला अस्पताल में, सोमवार,मंगलवार, बुधवार को लंबी लाइन लगी रही दोपहर दो बजे तक अस्पताल में भीड़ भाड़ रही। इसमें सबसे ज्यादा मरीज वायरल बुखार के आए मौसम का मिजाज हर बदल रहा है। कभी धूप-छांव तो कभी बारिश के चलते लोगों की सेहत पर असर पड़ रहा है।वायरल की चपेट में लोग आ रहे हैं। बच्चों से लेकर बुजर्ग तक बीमार हो रहे हैं। शहर के साथ देहात क्षेत्रों में घर-घर बीमार हो रहे हैं। बुखार के मरीजों की संख्या बढ़ने के कारण निजी और सरकारी अस्पतालों में लगातार भीड़ इजाफा कर रही है। मंगलवार को सुबह से जिला अस्पताल में मरीजों की लंबी लाइन लगी रही। पर्चा काउंटर, दवा काउंटर, ओपीडी और पैथोलॉजी लैब पर जांच करने के लिए भीड़ रही। दोपहर दो बजे तक सबसे ज्यादा मरीज बुखार, खांसी और जुकाम के आए। जिला अस्पताल के वरिष्ठ फिजीशियन डॉ एसएम कमल ने बताया कि ऐसे मौसम में विशेष सावधानी बरतने की जरूरत है। जरा सी लापरवाही आपको बीमार कर सकती है। इसलिए खानपान पर ध्यान दें। घरों के आसपास जलभराव न होने दें। मौसमी वायरल बुखार एक आम स्वास्थ्य समस्या है, खासकर मौसम परिवर्तन के दौरान। बहुत से लोगों को बुखार, शरीर में दर्द और थकान जैसे लक्षण महसूस होते हैं, जिससे वे कमज़ोर और थका हुआ महसूस करते हैं। लेकिन मौसमी वायरल बुखार वास्तव में क्या है, ये क्यों होता है और आप खुद को बीमार होने से कैसे बचा सकते हैं।हम मौसमी वायरल बुखार के कारणों, उनके फैलने के तरीके और सबसे महत्वपूर्ण बात, उन्हें रोकने के तरीकों के बारे में जानेंगे। मौसमी वायरल बुखार क्या है? मौसमी वायरल बुखार विभिन्न वायरस के कारण होने वाली बीमारियों को संदर्भित करता है जो कुछ खास मौसमों में पनपते हैं, खासकर मानसून या सर्दियों जैसे मौसमों के बीच संक्रमण के दौरान। ये बुखार अक्सर शरीर के उच्च तापमान, ठंड लगना, शरीर में दर्द, सिरदर्द और कभी-कभी बहती नाक या गले में खराश जैसे लक्षणों का होना मलेरिया वायरस, डेंगू वायरस या यहां तक कि सामान्य सर्दी के वायरस समस्याएं आ सकती है। इस संबंध में सीएमएस डॉ कप्तान सिंह से फोन पर बात करनी चाही तो उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया।

## बिना हेलमेट पेट्रोल नहीं, डीएम ने दिए सख्त निर्देश

संभल। प्रदेशभर में चलाए जा रहे ''नो हेलमेट, नो फ्यूल'' अभियान के तहत जनपद सम्भल में सख्ती बरती जाएगी। बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार बहजोई में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में पेट्रोल पम्प स्वामियों एवं बिक्री अधिकारियों की बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिला पूर्ति अधिकारी, क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी, पूर्ति निरीक्षक सहित पुलिस उपाधीक्षक सम्भल भी मौजूद रहे। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि अब किसी भी पेट्रोल पम्प पर बिना हेलमेट लगाए दोपहिया वाहन चालकों को ईंधन नहीं दिया जाएगा। साथ ही पम्प स्वामियों को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के भी आदेश दिए गए, जिनमें स्वच्छ पेयजल, पुरुषों एवं महिलाओं के लिए पृथक शौचालय तथा दिव्यांगजनों के लिए रैम्प अनिवार्य रूप से शामिल हैं। इसके अलावा जिलाधिकारी ने सभी पेट्रोल पम्प स्वामियों को सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत कनेक्शन कराने का भी निर्देश दिया।

# झूठे गैंगरेप केस में महिला गिरफ्तार, पांच लाख की रंगदारी मांगने का खुलासा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

संभल, गुन्नौर। थाना गुन्नौर पुलिस ने ग्राम पतरिया निवासी मंजू पत्नी रामौतार को झूठा गैंगरेप मुकदमा दर्ज कराने के आरोप में गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। पुलिस जांच में खुलासा हुआ कि महिला ने दूसरे पक्ष से पांच लाख रुपये की रंगदारी मांगी थी और पैसे न मिलने पर गैंगरेप का झूठा आरोप लगाया। महिला ने तहरीर में आरोप लगाया था कि 5 सितम्बर को दवा लेकर लौटते समय ग्राम पतरिया निवासी औतारी, करुु और सोमबीर उसे कार में जबरन बैठाकर ले गए और बारी-बारी से दुष्कर्म किया। लेकिन जांच में यह कहानी पूरी तरह झूठी साबित हुई। थाना प्रभारी अखिलेश प्रधान ने बताया कि गुन्नौर चौराहे पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज और स्थानीय लोगों से पूछताछ में घटना की पुष्टि नहीं हुई। महिला जिस चिकित्सक डॉ. कैलाश से दवा लेने की बात कह रही थी, उस नाम का कोई डॉक्टर गुन्नौर में मौजूद ही नहीं है। जांच में सामने आया कि मंजू पहले नोएडा में रह रही थी, जहां उसका सोमबीर से प्रेम प्रसंग चल रहा था। बाद में परिवार वालों ने पकड़ लिया और पंचायत में समझौते के बाद वह पति के साथ गांव लौट आई। इसके बाद मंजू ने औतारी व उसके परिवार से पांच लाख रुपये की मांग की और पैसे न मिलने पर झूठा केस दर्ज करा दिया। पुलिस जांच में यह भी खुलासा हुआ कि मंजू ने पहले भी गांव के धर्मेन्द्र नामक युवक से संबंध बनाकर उसका अश्लील वीडियो तैयार किया और उससे एक लाख रुपये वसूले थे। ग्राम पतरिया निवासी औतारी पुत्र नत्थू सिंह ने तहरीर देकर बताया कि मंजू उनसे रंगदारी मांग रही थी और रुपये न देने पर उनके बेटे व भाई पर दुष्कर्म का झूठा आरोप लगाया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई, अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) अनुकृति शर्मा और क्षेत्राधिकारी गुन्नौर दीपक कुमार के निर्देशन में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की गई।

## ढाबे पर जांच करने पहुंची खाद्य सुरक्षा की टीम, लिया सैंपल

बदायूँ। पनीर की प्लेट में मरा चूहा निकलने के बाद कई दिनों से बंद पड़ा मुस्कान ढाबा मंगलवार को खुला। इसकी जानकारी मिलते ही खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम पहुंच गई। टीम ने जांच कर पनीर के नमूने लिए बदायूं में बिसौली-कासगंज बाईपास मार्ग स्थित मुस्कान ढाबा पनीर में चूहा मिलने का वीडियो वायरल होने के बाद से बंद था। मंगलवार को ढाबा खुलते ही खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने यहां से पनीर का नमूना लिया, जिसे जांच के लिए लैब भेजा गया है। कुछ दिन पहले बिल्सी के व्यापारी निशांत माहेश्वरी अपने मित्र के साथ मुस्कान ढाबा में भोजन करने गए थे। उन्होंने पनीर ऑर्डर किया। खाना खाने के दौरान पनीर की प्लेट में मरा हुआ चूहा निकल आया। व्यापारी ने तत्काल इसका वीडियो बना लिया और ढाबे पर हंगामा किया। स्थानीय स्तर पर कुछ लोगों ने हस्तक्षेप कर मामले को शांत करा लिया था, लेकिन जैसे ही यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, जिलेभर में यह चर्चा का विषय बन गया।

# जबरन धर्मांतरण न करने पर हत्या की धमकी

## पीड़ित ने की एसपी से शिकायत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंड़ा। जिले के कोतवाली करनैलगंज क्षेत्र के ग्राम पंचायत अखड़ेड़ा निवासी राजेश शर्मा पुत्र भूखन शर्मा ने गांव में चल रहे जबरन धर्मांतरण और जान से मारने की धमकियों से त्रस्त होकर पुलिस अधीक्षक गोंडा को एक शिकायती पत्र सौंपा है। प्रार्थी ने अपनी पत्नी के साथ हुए कथित धर्मांतरण और खुद को झूठे मुकदमे में फंसाने की कोशिशों का भी जिक्र करते हुए सुरक्षा की गुहार लगाई है।

### गांव में धर्मांतरण और दबंगई का आरोप

पीड़ित राजेश शर्मा ने पत्र में लिखा है कि अख ड़ेड़ा गांव मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र है।गांव के ही कु छ कथित अपराधी तत्व,जिनमें मतीन पुत्र शाने कय्यूम पुत्र निजामुद्दीन,फिरोज पुत्र सलाहू समे त अन्य लोग भी शामिल हैं,जबरन हिंदू अल्पसं ख्यक परिवारों का धर्मांतरण करा उन्हें मुस्लिम बनाते हैं।आरोपियों पर पहले से ही कई संगीनधाराओं में आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं और ये लोग एक संगठित गिरोह की तरह कार्य कर रहे हैं।प्रार्थी ने गंभीर आरोप लगाया है कि इन लो गों ने गांव के गरीब और पिछड़ी जाति के हिंदु ओं पर दबाव डालकर उनका जबरन धर्म परिव र्तन कराया है साथ ही उनकी जमीन-जायदाद पर भी कब्जा कर लिया।

### पत्नी का जबरन धर्मांतरण और निकाह कराने का आरोप

पीड़ित राजेश शर्मा का आरोप है कि उसकी पत्नी श्रीदेवी का 2016 मे इन लोगों ने मिलकर जबरन धर्मांतरण कराया और कय्यूम पुत्र निजामुद्दीन से निकाह करवा दिया गया और उसका बना बनाया मकान भी छीन लिया गया और उसके साथ लूट भी की गई और उसे मार कर गांव से निकाल दिया गया तभी से वह अपने बच्चे के साथ कटरा बाजार के बड़हीपुरवा गांव में रह रहा है।इस घटना को लेकर उसने थाना कोतवाली करनैलगंज में मुकदमा दर्ज कराया था।मामला न्यायालय में विचाराधीन है,लेकिन आरोपी लगातार उसे धमकाकर मुकदमा वाप स लेने का दबाव बना रहे हैं।

### कोर्ट जाते समय दिखया असलहा

पीड़ित राजेश शर्मा ने यह भी आरोप लगाया है कि हाल ही में जब वह मुकदमे की पेशी पर अ दालत गया था,तो कचहरी व विकास भवन के पास कुछ आरोपियों ने उन्हें रोक लिया, और आरोपियों ने असलहा दिखाते हुए धमकी दी कि ल्लमुकदमा खत्म कर लो,वरना जो थोड़ी-बहुत जमीन बची है वह भी हड़प लेंगे और तुम्हें भी जिंदा नहीं छोड़ेंगे।किसी तरह वह अ पनी जान बचाकर घर पहुंचा है।पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक से मांग की है कि घोषित अपराधी तत्वों द्वारा कराए जा रहे जबरन धर्मांतरण की गहन जांच कराई जाए और दोषियों के खिला फ कठोर कार्रवाई की जाए।साथ ही उसे और उसके परिवार को सुरक्षा उपलब्ध कराई जाए, ताकि वह न्यायालय में बेखौफ होकर अपनी ल ड़ाई लड़ सके।वही गांव के अन्य लोग भी दबे स्वर में मानते हैं कि कुछ असामाजिक तत्व ध र्मांतरण के मामलों में संलिप्त हैं,लेकिन डर के कारण खुलकर सामने नहीं आते है।

### पुलिस प्रशासन की भूमिका पर उठे सवाल

स्थानीय लोगों का कहना है कि इन आरोपियों पर इतने गंभीर अपराधीक मुकदमे दर्ज हैं फिर भी पुलिस द्वारा इन पर कोई कार्रवाई क्यों नहीं कर रही है क्यों इन्हें खुलेआम घूमने दिया जा रहा है।क्या कर्नलगंज पुलिस के पास इन अपराधियों के लिए कोई कानून नहीं है अगर समय रहते प्रशासन ने इस मामले पर सख्ती नहीं दि खाई तो गांव का माहौल बिगड़ सकता है।ग्रामी णों ने भी पुलिस प्रशासन के अधिकारिओ से अपेक्षा जताई है कि पीड़ित परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए इस तरह की घटनाओं पर रोक लगाई जाए।

# शिक्षक संघ का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंड़ा। लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय शिक्षक संघ गोण्डा की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह दस सितंबर महाविद्यालय के ललिता सभागार में आयोजित किया गया। शपथ ग्रहण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ.जनमेजय तिवारी अध्यक्ष आक्टा,एवं वि शिष्ट अतिथि के रूप में प्रो.फ़ेसर अमूल्य कुमार सिंह,महामंत्री आक्टा व वेद प्रकाश वेदी विश्व विद्यालय प्रतिनिधि की गरिमामयी उपस्थिति रही।निर्वाचन अधिकारी प्रो.फ़ेसर जितेन्द्र सिंह ने नवनिर्वाचित कार्यकारिणी के अध्यक्ष पवन कुमार सिंह,महामंत्री डॉ.अवधेश वर्मा,उपाध्यक्ष संतोष श्रीवास्तव,सहमंत्री डॉ.विवेक प्रताप सिंह,कोषाध्यक्ष डा वन्दना भारतीय,सदस्य पद हेतु प्रो.फ़ेसर शशिबाला,डॉ.मनीष शर्मा,मोदन वाल,डॉ परवेज आलम को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई एवं प्रमाण पत्र प्रदान किया।मंच का संचालन डॉ. परवेज आलम ने किया। कार्यक्रम में प्रो.फ़ेसर श्याम बहादुर सिंह, प्रो.फ़े सर आर.बी.एस बघेल.प्रो.फ़ेसर संदीप श्रीवास्तव,प्रो.फ़ेसर मंशाराम वर्मा समेत अन्य शिक्षक साथियों की उपस्थिति रही।

# यूटाटेट की अनिवार्यता को लेकर शिक्षकों में आक्रोश, सौंपा ज्ञापन

## आरटीई लागू होने के पूर्व नियुक्त शिक्षकों को टेट की अनिवार्यता से रखा जाए मुक्त

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। सितंबर की पहली तारीख को माननीय सर्वोच्च न्यायालय के एक आदेश के द्वारा कक्षा एक से आठ तक पढ़ने वाले सभी शिक्षकों को दो वर्ष के भीतर टीईटी पास करना अनिवार्य कर दिया गया है इसमें नाकाम रहने वाले शिक्ष कों को अनिवार्य सेवानिवृत्त करने की बात क ही गयी है तो वहीं पदोन्नति में भी टीईटी को अनिवार्य किया गया है।कोर्ट के इस आदेश से शिक्षकों में हड़कंप मच गया है और उन में भा री आक्रोश है क्योंकि देशभर में लाखों शिक्षक हैं जिनकी नियुक्ति आरटीई एक्ट लागू होने से पूर्व की है और वे टेट का परीक्षा पास नहीं हैं। शिक्षकों के आक्रोश को देखते हुए जिलाध्यक्ष रवि प्रकाश सिंह के नेतृत्व में यूनाइटेड टीचर्स एसोसिएशन गोंडा की इकाई द्वारा सैकड़ो शि क्षकों के साथ बुधवार को कलेक्ट्रेट परिषद में विरोध प्रदर्शन किया तत्पश्चात माननीय प्रधान मंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी महोदय को सौंपा।इस अवसर पर यूटा के जिलाध्यक्ष ने बताया की शिक्षा का अधिकार अधिनियम 20 09 की धारा 23(1) व 23(2) मैं अधिनियम लागू होने की तिथि के पूर्व नियुक्त शिक्षकों को टीईटी उत्तीर्ण करने का निर्देश नहीं दिया गया है एनसीटीई द्वारा शिक्षकों के लिए न्यूनतम यो ग्यता निर्धारित की गई है जिसकी धारा चार में प्रावधान किया गया है की 23 अगस्त 2010 के पहले नियुक्त शिक्षकों को टीईटी की आवश्य कता नहीं है।जबकि माननीय सुप्रीम कोर्ट के आदेश से ऐसे सभी शिक्षक प्रभावित हो रहे हैं सरकार का ध्यान इस मसले की ओर आकृष्ट कराने हेतु प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन स्था नीय प्रशासन को दिया गया है कोर्ट में भी पुनः विचार यशिकाएं दाखिल की जाएंगी।इस अव सर पर हेमंत तिवारी जिला संरक्षक,आत्रेय मिश्रा जिला संरक्षक, चंदन सिंह कोषाध्यक्ष, गिरीश पांडे जिला उपाध्यक्ष, बालकृष्ण गुप्ता वरिष्ठ उपाध्यक्ष, सुनील विश्वकर्मा उपाध्यक्ष, सादिक अली उपाध्यक्ष, सुचित्रा सिंह महिला उपाध्यक्ष, सुधाकर त्रिवेदी संयुक्त मंत्री, अमित पांडे संयुक्त मंत्री, शशि भूषण तिवारी प्रचार मंत्री, प्रदीप सिंह जिला लेखाकार, विनय मिश्रा ब्लॉक अध्यक्ष मनकापुर,विकास मौर्या,अरविन्द कुमार,रजत,विजय,सत्येंद्र सिंह, आशीष कुमार शुक्ला,देवीधर द्विवेदी, सुरेन्द्र सिंह,तेजभान पा ण्डेय उपेन्द्र बहादुर सिंह,अनिमेषडॉ मनोज कुमार सिंह कुलदीप सिंह जगप्रसाद जैनेंद्र प्रताप सिंह मानवेंद्र पांडेय अजीत यादव लालजी यादव विकास वर्मा सिंह,कमलेंद्र चौबे,चंद्र भूषण सिंह,रितेश यादव,निरंकार सिंह,विनय मौर्य,कोमल सोनी,सुचित्रा सिंह, रूबी मलिक,प्रियंका मिश्रा,मनोज सिंह,सुधीर सिंह अनिल उपाध्याय,आशुतोष पांडेय, विनय मौर्य, चंद्र भूषण के साथ सैकड़ो की संख्या में शिक्षकगण उपस्थित रहे यह जानकारी संघ के जिला मीडिया प्रभारी अरुण मिश्रा ने दी ।

## सहारा स्टेट गोरखपुर में होगा संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा, अंतर्राष्ट्रीय बाल व्यास श्वेतिमा माधव प्रिया करेंगी कथा वाचन



गोरखपुर। गोरखपुर जर्नलिस्ट्स प्रेस क्लब में आयोजित पत्रकार वार्ता में आगामी स ं ग ी त म य श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ की रूपरेखा प्रस्तुत की गई। इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजिका डॉ. सरिता सिंह, वरिष्ठ समाजसेविका एड. पूजा गुप्ता, डॉ. राकेश सिंह एवं नीतेश शुक्ला ने संयुक्त रूप से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह भव्य आयोजन 12 सितम्बर से 18 सितम्बर 2025 तक बहार क्लस्टर , 4 पार्क, सहारा स्टेट, रामपुर, गोरखपुर में होगा। भव्य कलश यात्रा 12 सितम्बर, प्रातः 7 बजे से, कथा समय, प्रतिदिन सायं 5 बजे से हरि इच्छा तक महाप्रसाद एवं विशाल भंडारा 18 सितम्बर, सायं 8 बजे से मुख्य आकर्षण पत्रकार वार्ता में बताया गया कि इस आयोजन की सबसे बड़ी विशेषता होगी। अंतर्राष्ट्रीय बाल व्यास श्वेतिमा माधव प्रिया होगी। जो कम आयु की बाल कलाकार है और कम उम्र ही उन्होने पूर विश्व में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है।

# आयुक्त व डीआईजी ने सीमा क्षेत्र रूपईडीहा का किया भ्रमण

## सीमा क्षेत्र की स्थिति का लिया जायजा, सुरक्षा एजेन्सियों को सतर्कता व चौकसी बरतने के दिये निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बहराइच । पड़ोसी राष्ट्र नेपाल में उत्पन्न परिस्थितियों के दृष्टिगत आयुक्त शशि भूषण लाल सुशील व डीआईजी अमित पाठक ने भारत-नेपाल सीमा स्थित रूपईडीहा का निरीक्षण कर मौक़े पर मौजूद पुलिस व सीमा सुरक्षा बल के अधिकारियों से आवश्यक जानकारी प्राप्त करते हुए निर्देश दिया कि सीमा पर चौकसी व सतर्कता बनाये रखें। आयुक्त व डीआईजी ने सुरक्षा एजेन्सियों को यह भी निर्देश दिया कि संयुक्त रूप से पेट्रोलिंग की जाय। सीमा पर आने वाले किसी भी नागरिक को कोई असुविधा न होने पाये।आयुक्त व डीआईजी ने एसएसबी मुख्यालय अगैय्या में सम्बन्धित अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए सुरक्षा एजेन्सियों को निर्देश दिया कि सीमावर्ती क्षेत्रों में आने वाली सभी चौकियों एवं चेकपोस्ट के साथ-साथ सभी संवेदनशील स्थानों पर निरन्तरता के साथ पेट्रोलिंग की जाये। आयुक्त व डीआईजी ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि किसी भी स्तर पर संवादहीनता की स्थिति उत्पन्न न होने पाये। कानून एवं शान्ति व्यवस्था के दृष्टिगत यदि कोई सूचना प्राप्त होती है तो उसे नज़रअंदाज़ न करते हुए त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही करें। भारतीय सीमावर्ती क्षेत्रों में पूरी तरह से स्थिति सामान्य होने पर आयुक्त व डीआईजी ने संतोष व्यक्त करते हुए सुरक्षा एजेन्सियों के अधिकारियों को पूरी सतर्कता व चौकसी बरतने के निर्देश दिये।इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक रामनयन सिंह, कमाण्डेण्ट एसएसबी 42वीं बटालियन गंगा सिंह उदावत, अपर जिलाधिकारी अमित कुमार, उप जिलाधिकारी नानपारा मोनालिसा चौहरी, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट राम दयाल, पुलिस क्षेत्राधिकारी नानपारा प्रद्युम्न सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# कमिश्नर से मिला कर्मचारियों का प्रतिनिधिमंडल, सौंपा ज्ञापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोरखपुर । राज्यकर्मचारी संयुक्त परिषद गोरखपुर मंडल का एक प्रतिनिधिमंडल गोविन्द जी और मदन मुरारी शुक्ल की अगुआई में आज कमिश्नर महोदय के कार्यालय में उनका कार्य देख रहे अपर आयुक्त न्यायिक अजय कुमार राय से मुलाकात कर कमिश्नर महोदय को सम्बोधित कर्मचारियों की समस्याओं का ज्ञापन उन्हें सौंपा। अपर आयुक्त महोदय ने समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना और उसके निवारण का तत्काल आदेश दिया और साथ ही प्रतिनिधि मंडल से उन्होंने यह भी कहा कि यदि आप सभी को कोई भी समस्या आती है तो आप निसंकोच हमसे मिलिए मैं उसका निस्तारण कराऊंगा।आज दिए गए ज्ञापन की समस्या यह है कि श्री रिजेश कुमार श्रीवास्तव सिंचपाल जिलेदारी प्रथम हाटा जनपद देवरिया में कार्यरत है, जनवरी 2024 में इनका एक्सीडेंट हो गया था जिसमें इनके हाथ की एक उंगली कट गई तथा पैर की हड्डी टूट गई जिसके कारण पैर में रॉड पड़ा है। इस एक्सीडेंट में लगी गंभीर चोट के इलाज में इनका लगभग रू0 175000/ एक लाख पचहत्तर हजार रूपए खर्च हुए, इस घटना की जानकारी इन्होंने लिखित रूप से अपने कार्यालय को भी दिया था। तथा स्वस्थ्य होने के बाद इन्होंने अपना चिकित्सा व्यय प्रतिपूर्ति का बिल कार्यालय को प्रेषित किया जिसे परीक्षण हेतु मुख्य चिकित्सा अधिकारी देवरिया के पास जाना है लगभग डेढ़ वर्ष बीत जाने के बाद भी अधिशासी अभियंता सिंचाई खण्डऽ2 देवरिया द्वारा उसे परीक्षण हेतु भेजा नहीं गया जिससे उनका आर्थिक नुकसान हो रहा है जो कि संवेदनहीनता की पराकाष्ठा है। इस पर संज्ञान लेते हुए अपर आयुक्त ने अधिशासी अभियंता सिंचाई खण्डऽ2 को आदेशित कर चिकित्सा प्रतिपूर्ति दिलाने का आदेश किया है।इस अवसर पर गोविंद जी श्रीवास्तव, मदन मुरारी शुक्ल, पंडित श्याम नारायण शुक्ल, राजेश सिंह,बंटी श्रीवास्तव,, इंजीनियर सौरभ श्रीवास्तव, रामधनी पासवान आदि उपस्थित रहे।गोविंद जी मण्डल अध्यक्ष राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद गोरखपुर मण्डल

# माह अक्टूबर में दिव्यांगजन के लिए आयोजित होगी विशेष खेल प्रतियोगिता

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी ने बताया कि माह अक्टूबर 2025 में दिव्यांग बच्चों के विशेष खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। खेल प्रतियोगिता में 100मी. दौड़, व्हील चेयर दौड़, ट्राईसाइकिल दौड़, गोला फ़ेक, भाला फ़ेक, लम्बी कूद, ऊॅची कूद, रस्साकशी, म्यूज़िकल चेयर, डिस्कस थ्रो, जूडो कराटे, हैण्डबाल, योगासन, शतरंज, कबड्डी, क्रिकेट, खो-खो, बैडमिन्टन, टेबल टेनिस, वेट लिफ्टिंग, तीरंदाजी व अन्य खेल जिसके लिए प्रतिभागी टीमें इच्छुक हों, का आयोजन किया जायेगा। उन्होंने बताया कि खेल-कूद प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने हेतु इच्छुक लाभार्थी विकास भवन स्थित जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी के कार्यालय में 03 दिवस में अपना विवरण दर्ज करा सकते हैं।

# गोंडा-उतरौला मार्ग पर निकलीं झाड़ियां जिला प्रशासन बेखबर

## सड़क किनारे लगाए गए दूरी के बोर्ड झाड़ियों में छिपे

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंड़ा। जिले से उतरौला मार्ग के दोनों किनारों पर उगी झाड़ियों ने लगभग एक मीटर तक सड़क को घेर लिया है।सड़क का बड़ा भाग ढक जाने से आवागमन प्रभावित हो रहा है और दुर्घटनाओं की आशंका लगातार बढ़ रही है,यह मार्ग गोण्ड से बलरामपुर जिले को जोड़ने वाला प्रमुख मार्ग है जिस पर प्रतिदिन हजारों की संख्या में ट्रक,बसें,निजी गाड़ियां और स्कूल वाहन गुजरते हैं।

सड़क किनारों पर फैली झाड़ि यों के कारण सड़क संकरी हो चुकी है।बड़े वाह नों को निकालने में कठिनाई होती है और ओव रटेक करते समय टकराव की स्थिति बन जाती है।कई बार जाम की समस्या भी उत्पन्न होती है, जिससे यात्रियों को लंबे समय तक परेशानी झेलनी पड़ती है।सड़क की पटरियों पर भी झाड़ि यों ने पूरी तरह कब्जा जमा लिया है।जहां कभीपैदल चलने वालों और साइकिल सवारों के लि ए सुरक्षित रास्ता था,वह अब पूरी तरह झाड़ियों से ढका हुआ है।पटरियों के अतिक्रमण के कार ण पैदल यात्रियों को मजबूरी में मुख्य सड़क प र चलना पड़ता है,जिससे उनका हादसों में फंस ने का खतरा और बढ़ गया है।बरसात के दिनों में झाड़ियां और अधिक फैल जाती हैं,जिससे प टरियों की पहचान तक मिट जाती है अंधेरे में झाड़ियों के कारण सड़क का दृश्य साफ दिखा ई नहीं देता।अचानक सामने से आने वाला वाह न खतरे की स्थिति पैदा कर देता है दोपहिया और छोटे वाहनों के लिए यह स्थिति सबसे ज्या दा जोखिमपूर्ण साबित हो रही है।बरसात के मौ सम में समस्या और विकराल हो जाती है,क्यों कि झाड़ियां तेजी से फैलकर सड़क को और अधिक संकरा कर देती हैं।सड़क किनारे लगाए गए संकेतक और साइनबोर्ड झाड़ियों में पूरी तरह छिप गए हैं। कई स्थानों पर चेतावनी औरदिशा सूचक बोर्ड बिल्कुल दिखाई नहीं देते है। जिसके कारण वाहन चालकों को आवश्यक जानकारी नहीं मिल पाती और सड़क सुरक्षा प्रभावित होती है।सड़क किनारे लगे सभी संके तक साफ-साफ दिखने चाहिए,लेकिन वर्तमान स्थिति में यह मूलभूत शर्त पूरी नही हो रही है।

सड़क की नियमित सफाई और झाड़ियों की क टाई-छंटाई लोक निर्माण विभाग की जिम्मेदारी है।लंबे समय से यह कार्य न होने के कारण स ड़क की स्थिति लगातार बिगड़ती चली गई है।इससे न केवल मार्ग की चौड़ाई प्रभावित हुई है, बल्कि यात्रियों की सुरक्षा भी खतरे में पड़ गई है।पटरियों पर कब्जा जमाए झाड़ियां पैदल या त्रियों और साइकिल सवारों को सबसे अधिक संकट में डाल रही हैं।यदि झाड़ियों को समय पर नहीं हटाया गया तो सड़क का और बड़ा हिस्सा ढक सकता है।मोड़ और कट पॉइंट पर सड़क की चौड़ाई का अंदाजा लगाना कठिन हो जाएगा,जिससे दुर्घटनाओं की संख्या में इजा फा होना तय है।बरसात के बाद झाड़ियों की लंबाई और अधिक बढ़ जाएगी,जिससे हालात और बिगड़ सकते हैं।यह मार्ग न केवल क्षेत्रीय बल्कि अंतरजनपदीय परिवहन की दृष्टि से भी अहम है।इसके रखरखाव की उपेक्षा से पूरे या तायात तंत्र पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है।आव श्यकता है कि लोक निर्माण विभाग तुरंत संज्ञा न लेकर सड़क और पटरियों दोनों किनारों पर फैली झाड़ियों को हटाए।साथ ही सभी संकेत क और चेतावनी बोडर्डों को पुनः व्यवस्थित किया जाए,ताकि सड़क सुरक्षा के मानकों का पालन सुनिश्चित हो सके।यदि विभाग ने जल्द कदम नहीं उठाए तो सड़क और पटरियों पर झाड़ियों का यह अतिक्रमण और बढ़ जाएगा तथा हादसों की संख्या में भी इजाफा होगा। आमजन की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यह जरूरी है।

## भटहट में दो दिवसीय टीएलएम मेला के पहले दिन दिखा हुनर, शिक्षकों ने किया नवाचार प्रदर्शन



गोरखपुर । बी आर सी भटहट पर ब्लॉक स्तरीय टी एल एम कार्यक्रम का आयोजन किया गया,जिसकी अध्यक्षता खण्ड शिक्षा अधिकारी ध्रुव प्रसाद ने किया तथा मुख्य अतिथि श्री धर मिश्र रहे । इस अवसर ब्लॉक के विभिन्न स्कूलों से नवाचार आधारित टी एल एम की प्रदर्शनी लगाई गई जिसका अवलोकन श्रीधर मिश्र,ध्रुव प्रसाद और जिला उपाध्यक्ष अनिल कुमार पाण्डेय द्वारा किया गया।सभी लोगों द्वारा शिक्षकों द्वारा नवाचार आधारित इस प्रदर्शनी के लिए सबको सराहा गया। मुख्य रूप से प्राथमिक इस्लामपुर,प्राथमिक भरवलिया,पीएम श्री गुलरिया, कंपोजिट बूढ़ाडीह, कंपोजिट जमुनिया , प्राथमिक ठाकुरपुर नम्बर 2,प्राथमिक बरगदही के बनाए टी एल एम सराहनीय थे । बी ई ओ ध्रुव प्रसाद, श्री श्री धर मिश्र और उपाध्यक्ष अनिल कुमार पाण्डेय ने प्रतिभाग करने वाले शिक्षकों की सराहना की ।उन्हें जिला स्तरीय प्रदर्शनी में भी सफलता हासिल करने हेतु उत्साहित किया । इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष नरेंद्र सिंह, ब्लॉक मंत्री जितेंद्र मिश्रा, अनिल कुमार पाण्डेय द्वितीय,रमेश मणि त्रिपाठी, रामकिशुन ,नवीन सिंह,मनीष सिंह,अमरजीत,कौशल कुशवाहा, सुरेन्द्र सिंह, मिथलेश कुमार पाण्डेय,शशि राय समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# आरटीओ और पुलिस के संरक्षण में चल रहा अवैध टैक्सी स्टैंड,सीएम का आदेश बेअसर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अवैध टैक्सी स्टैंडों को हटाने के आदेश दिए थे,लेकिन गोण्डा शहर में यह आदेश लागू होते नहीं दिख रहे हैं।शहर में अवैध टैक्सी स्टैंड लगातार चल रही है,लेकिन पुलिस और अफसर इस ओर अनजान बने हुए हैं।यहां से अधिकारी गुजरते हैं और उनके सामने ही यह खेल जारी रहता है,लेकिन कानों पर जू तक नहीं रेंग रही है।शहर में नगर पालिका की ओर से किसी भी स्थान पर वैध पार्किंग नहीं है।यही कारण है कि शहर के अंबेडकर चौराहा,एलबीएस चौरा हा,सरयू प्रसाद कन्या पाठशाला के सामने बनी दु काने के बाहर,स्कूल-कालेजों के बाहर सिटी कार्ट मॉल और वी मार्ट शॉपिंग माल के सामने वाहनों की अवैध पार्किंग लगी रहती थी।इस कारण सड़कों पर जाम की समस्या बनी रहती है।मुख्यमंत्री योगी के आदेश के बाद पुलिस-प्रशासन ने सख्ती से अभियान चलाकर अवैध पार्किंग हटाने का का र्य किया था,लेकिन कुछ स्थानों पर अभी भी अवैध पार्किंग में ही वाहन खड़े हो रहे हैं।अवैध पार्किंग और सड़कों पर आसपास वाहन खड़े करने वाले लोगों के सामने भी वैध पार्किंग की समस्या है।शहर में कई मार्केट तो ऐसी है,जहां पार्किंग की कोई व्यवस्था ही नहीं है।इस कारण ग्राहकों को भी परेशानी का सामना करना पड़ता है।नगर पालिका इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रही है।न ही शहर में किसी भी जगह वैध पार्किंग की कोई जगह पिछले कुछ सालों से नहीं मिल सकी है।जबकि कुछ दिन पूर्व ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी ईओ व एसएसपी-डीएम के साथ वर्चुअल संवाद करते हुए वैध पार्किंग के लिए जगह तलाशने की बात कही थी।गोंडा शहर में कोई सुधार नहीं हुआ हैं।बॉक्स पुलिस चौकी के सामने अवैध टैक्सी स्टैंड,गुरु नानक पुलिस चौकी के सामने शहर में अवैध टैक्सी स्टैंड का संचालन किया जा रहा है।मनमाने ढंग से संचालित टैक्सी स्टैंड पर बेतरतीब खड़े होने वाले वाहन जाम की समस्या को बढ़ा रहे हैं।इससे यातायात व्यव स्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है।अवैध रूप से संचालित टैक्सी स्टैंडों पर शिकंजा कस ने में पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी नाकाम दिख रहे हैं।टैक्सी स्टैंड संचालकों पर सत्ताधारी दल के नेताओं की सरपरस्ती है,इससे जिम्मेदार भी हाथ पर हाथ धरे बैठे हैं।कई बार रोडवेज कर्मचारियों ने यह मुद्दा प्रमुखता से उठाया और कई लोगों पर एफआई आर तक दर्ज हुई थी।वही शहर में दर्जनों से अधिक स्थानों पर अवैध टैक्सी स्टैंड का संचालन किया जा रहा है।सवा रियां बैठाने के लिए सड़क पर आड़े-तिरछे वाह न खड़े किए जाते हैं।सड़क पर चलने वाली रोड वेज बसों के आगे वाहनों को लगा कर सवारि यों को बैठाया जाता है।आए दिन यात्रियों से बदसलूकी होती रहती है।अवैध बस व टैक्सी स्टैंड के खिलाफ कई बार लोगों ने धरना प्रद र्शन किया लेकिन आरटीओ व राजनीतिक संरक्षण के चलते उनकी आवाज नक्कारखाने में तूती बनकर रह गई हैं।

## मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के लिए इनपैनल्ड होंगे प्रोफ़ेशनल व्याख्याता, 20 सितम्बर तक प्रस्तुत कर सकते हैं आवेदन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । जिला समाज कल्याण अधिकारी श्रद्धा पाण्डेय ने बताया कि जनपद के विभिन्न केन्द्रों में गरीब परिवार के मेधावी छात्र/छात्राओं के लिये निःशुल्क प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराने हेतु यूपीएससी, पीसीएस, जेईई, नीट, एनडीए, सीडीएस, सीटीईटी के प्रशिक्षण की अर्हता रखने वाले योग्य, अनुभवी एवं प्रोफ़ेशनल व्याख्याता अपना बायोडाटा समस्त शैक्षिक अभिलेखों के साथ गेंदघर स्थित जिला समाज कल्याण अधिकारी, बहराइच के कार्यालय में 20 सितम्बर 2025 तक प्रस्तुत कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि पूर्व में योजनान्तर्गत जनपद में प्रोफ़ेशनल व्याख्याताओं के रुप में चयनित अभ्यर्थियों को भी वर्ष 2025-26 हेतु नवीन अतिथि प्रवक्ता के रुप में इन्पैनलमेन्ट किये जाने हेतु पुनः से आवेदन करना अनिवार्य होगा।

# एचएएल मुंशीगंज के कर्मियों को महिला थाना पुलिस ने पढ़ाया जागरुकता का पाठ

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी । साइबर अपराध से बचने हेतु साइबर क्राइम थाना द्वारा साइबर जागरूकता अभियान एवं मिशन शक्ति अभियान के तहत महिला थाना पुलिस द्वारा एचएएल मुंशीगंज के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को जागरुक किया गया।पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर मिशन शक्ति अभियान के तहत नारी सुरक्षा नारी सम्मान नारी स्वावलंबन हेतु महिलाओं एवं बालिकाओं में सशक्तिकरण व विश्वास का वातावरण बनाने के उददेश्य से बुधवार को महिला थाना की प्रभारी निरीक्षक कंचन सिंह द्वारा एचएएल मुंशीगंज की महिला कर्मियों को विभिन्न प्रकार के साइबर क्राइम तथा उनसे बचाव के बारे में व 1930 साइबर हेल्पलाइन, 1090 वीमेन पॉवर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 108 एम्बुलेंस सेवा, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098 चाइल्ड लाइन, 102 स्वास्थ्य सेवा व थानों पर स्थापित महिला हेल्प डेस्क के विषय में जानकारी देकर जागरूक किया गया।तदोपरान्त थाना साइबर क्राइम के प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार मय टीम द्वारा विभिन्न प्रकार के साइबर अपराध के बारे में व उनसे बचाव के बारे में जानकारी देकर जागरूक किया गया।संस्थान के अधिकारी एवं कर्मचारियों गण को सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्म जैसे फ़ेसबुक,एक्स, इन्स्टाग्राम, टेलीग्राम, लिंक्डइन आदि पर अन्जान लोगों की फ्रेन्ड रिक्वेस्ट प्राप्त होने पर बिना पुष्टि करें स्वीकार न करें अन्यथा साइबर अपराध के शिकार हो सकते है। एसएमएस या व्हाट्सएप पर आये किसी भी लिंक या गूगल फार्म में कोई भी अपनी निजी जानकारी जैसे यूपीआई पिन, एटीएम पिन, बैंक में पंजीकृत मोबाइल नम्बर, कार्ड नम्बर रुपये आदि दर्ज न करें। छोटी रकम का झांसा देकर आपकी निजी जानकारी चुरा लेना मकसद होता है। व्हाट्सएप पर अंजान नम्बर एवं ग्रुप पर आये शादी के आमंत्रण पत्र की एपीके फाइल्स को इंस्टाल न करे। केवाईसी के लिये एसएमएस पर ध्यान न दे और न ही एसएमएस से दिये गये मोबाइल नम्बर पर कॉल करें।एटीएम कार्ड का पिन हमेशा समय-समय पर बदलते रहे।फोन, ईमेल,एसएमएस, व्हाट्सएप या न्यूज पेपर के माध्यम से प्राप्त नौकरी, लॉटरी, पॉलिसी बोनस, सस्ता लोन आदि पर भरोसा न करें, साथ ही बताये गये पेटीएम या अन्य किसी वॉलेट में या किसी बैंक खाते में रुपयों का स्थानान्तरण न करें।

# राज्य पुरस्कार प्राप्त शिक्षा पहुंची विद्यालय स्टाफ सहित बच्चों ने किया स्वागत



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत।विकासखंड ललौरीखेड़ा के कंपोजिट विद्यालय माननीय काशीराम शहरी आवास की शिक्षिका वर्षा सक्सैना को राज्य अध्यापक पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। लखनऊ में आयोजित एक समारोह में शिक्षा मंत्री संदीप सिंह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उन्हें सम्मानित किया था। विद्यालय पहुंचने पर शिक्षिका वर्षा सक्सैना का विद्यालय स्टाफ और बच्चों ने जोरदार स्वागत किया। बच्चों ने अपनी शिक्षिका के सम्मान से खुशी और गर्व महसूस किया है। विद्यालय स्टाफ ने भी वर्षा सक्सैना के सम्मान में अपनी खुशी जाहिर की और उन्हें मिठाई खिलाकर बधाई दी हैं।राज्य अध्यापक पुरस्कार से सम्मानित होने पर वर्षा सक्सैना को यह सम्मान मिलने से न केवल उनकी प्रतिष्ठा बढ़ी है, बल्कि विद्यालय के बच्चों और स्टाफ को भी प्रेरणा मिली है। यह पुरस्कार शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है।

## जितिन प्रसाद ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा वितरण की खाद्य सामग्री

पूरनपुर। क्षेत्रीय सासंद एवं केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद के साथ ऋतुराज पासवान ने बुधवार को बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने बाढ़ पीड़ित परिवारों को राहत सामग्री वितरित की और मुआवजे का आश्वासन दिया जितिन प्रसाद और ऋतुराज पासवान ने बाढ़ ग्रस्त क्षेत्र बंदर बोझ, बूँदी भूड़, महाराज पुर एवं नगरिया खुर्द कला

सहित आसपास के गांवों का निरीक्षण किया इस दौरान प्रशासनिक अधिकारी भी उनके साथ थे। मंत्री ने बताया कि उनके विधानसभा क्षेत्र के कई गांव बाढ़ की चपेट में हैं।जिससे फसलों, घरों और आजीविका को भारी नुकसान हुआ है जितिन प्रसाद ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा, ल्लमैंने कई गांवों का दौरा किया और बाढ़ से हुए नुकसान का जायजा लिया। प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया, ल्लराहत शिविरों में रह रहे लोगों की सुविधाओं पर विशेष ध्यान दिया जाए। खाने-पीने, दवाइयों और अन्य आवश्यक सुविधाओं की कोई कमी नहीं होनी चाहिए।ङ्क मवेशियों की सुरक्षा पर ध्यान देने की बात करते हुए उन्होंने कहा, ल्लमवेशियों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जाए और उनके लिए चारे की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। सरकार द्वारा दी जाने वाली सभी सुविधाएं क्षेत्रीय लोगों तक पहुंचनी चाहिए वही बाबूराम पासवान ने भरोसा दिलाया।

# पीएम मोदी के जन्मदिवस पर सेवा पखवाड़ा कार्यशाला सम्पन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पचहत्तरवें जन्मदिवस के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी अमेठी द्वारा ''सेवा पखवाड़ा'' के तहत एक महत्वपूर्ण कार्यशाला का आयोजन जिला कार्यालय पर सम्पन्न हुआ।भाजपा प्रवक्ता चन्द्रमौलि सिंह ने बताया कि यह कार्यशाला न केवल सेवा पखवाड़ा के उददेश्यों को रेखांकित करने हेतु आयोजित की गई थी बल्कि जनपद अमेठी में आगामी पंचायत चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए संगठनात्मक रणनीति और बूथ प्रबंधन पर भी विमर्श किया गया।कार्यशाला में भाजपा के प्रदेश मंत्री शंकर गिरी कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के जनकल्याणकारी प्रयासों, सेवा कार्यों और उनके जीवन संघर्ष से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। साथ ही, पंचायत चुनाव में पार्टी की जीत सुनिश्चित करने हेतु ग्राम स्तर तक सक्रिय जनसंपर्क अभियान चलाने, युवा कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित करने और स्थानीय मुद्दों को प्राथमिकता देने पर बल दिया गया।यह कार्यशाला भाजपा की ''सेवा ही संगठन'' की भावना को जनपद अमेठी में मजबूती से स्थापित करने और आगामी चुनावों में पार्टी को सशक्त बनाने की दिशा में एक सशक्त पहल सिद्ध हुई। कार्यक्रम का संचालन भवानी दत्त दीक्षित ने किया।इस मौके पर राज्यमंत्री राजा मयंकेश्वर शरण सिंह, विधान परिषद सदस्य शैलेंद्र प्रताप सिंह, जिलाध्यक्ष सुधांशु शुक्ला, पूर्व विधायक चंद्र प्रकाश मिश्र मटियारी, राम प्रसाद मिश्रा, दुर्गेश त्रिपाठी, केशव सिंह,राकेश त्रिपाठी, विषुव मिश्रा सहित अन्य तमाम पदाधिकारी मौजूद रहे।

## जर्जर ट्रांसफॉर्मर की वजह से फुंक रहे घरों के विद्युत उपकरण

सुल्तानपुर। दुबेपुर इंडस्ट्रियल एरिया के ग्राम डिहवा में ट्रांसफार्मर का न्यूट्रल खराब हो गया है । जिससे फ़ेल होने के कारण घरेलू विद्युत उपकरण फुंक जा रहा हैं। इलाके के विद्युत कर्मी मरम्मत करते करते ऊब गए हैं, वहीं चुने हुए जनप्रतिनिधी भी समस्या दूर करने के बजाय घर बैठे चिट्ठीबाजी कर रहे हैं। डिहवा गावँ के लोगों कहना है कि विभाग गांधी आश्रम का ट्रांसफार्मर बदलवाकर उच्च क्षमता का ट्रांसफॉर्मर लगवाने के साथ साथ की पुराने वर्ष 1974 के लगे जीर्ण शीर्ण विद्युत तार को बदलवा दें । क्षेत्र के अमन, राजन गुड्डू, अभिलेख ,राजेश आदि का कहना है कि लोड बढ़ने पर तार टूट कर गिर जा रहा है । जिससे कई बार किसानों की फसल भी जल गई है ।

ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों ने भी इधर कभी ध्यान नही दिया, वोट लेने के बाद कभी क्षेत्र में रुख नही किया। तार की दूरी तकरीबन 1100 मीटर केबल करने की मांग की गई है। जो गांधी आश्रम से डिहवा गांव तक नए स्तर से विद्युतीकरण करने की मांग की गई है।

# पुलिस की जांच में सातवीं के छात्र के अपहरण का प्रयास करने की कहानी झूठी निकली

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी । थाना इन्हौना क्षेत्र में सोमवार को साइकिल से स्कूल जा रहे सातवीं के छात्र के अपहरण का मामला पुलिस की जांच में फर्जी निकला।सातवीं के छात्र ने स्कूल से बचने के लिये खुद झूठी कहानी गढ़ी थी।थाना क्षेत्र के गांव बड़नापुर निवासी छात्र मोहम्मद हसन पुत्र मजीद ने सोमवार की सुबह यह दावा किया था कि शेखा पीर मजार के पास कार सवार लोगों ने उसका अपहरण करने की कोशिश की।सूचना पर पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर आसपास में लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले लेकिन जांच में सच सामने आ गया।सीसीटीवी कैमरे के फुटेज में बीटीएस पब्लिक स्कूल में कक्षा सात में शिक्षारत छात्र मोहम्मद हसन सुबह आठ बजकर बीस मिनट पर आराम से जाते हुये दिखाई दिया जबकि उसने घटना का समय आठ बजकर अठारह मिनट बताया था। पुलिस की मानें तो घटनास्थल से घर पहुंचने का समय भी मेल नही खा रहा था। पुलिस की जांच में सामने आया कि उस दौरान वहां से कोई कार गुजरी ही नही है। पुलिस की पूंछतांछ में सातवीं के छात्र हसन ने सच कबूल करते हुये उसने बताया कि वह आठ दिन से स्कूल नही जा रहा था और पढ़ाई से बचने के लिये ही कहानी गढ़ी।वहीं इन्हौना के एक पूर्व प्रधान के बेटे ने उसे बयान देने के लिये पहले से तैयार किया था।वीडियो में हसन ने अपहरणकर्ताओं को भगवा कपड़े पहने होने का भी झूठा दावा किया था। इस सम्बंध में थानाध्यक्ष प्रदीप सिंह ने बताया कि अपहरण के प्रयास की पूरी कहानी गढ़ी हुई थी जो कि जांच के दौरान सीसीटीवी फुटेज से यह साफ हो गया। बच्चे और परिजनों को समझा दिया गया है।अपहरण के प्रयास की इस सनसनीखेज कहानी ने स्थानीय पुलिस के साथ ही आम जनमानस को भी खूब छकाया और पुलिस भी काफ़ी परेशान रही। अब सवाल यह उठता है कि पुलिस के साथ ही अन्य तमाम अभिवावकों को भ्रमित कर दहशत फैलाने वाले लोगों पर पुलिस ने आखिर शिकंजा क्यों नही कसा ? और आखिर ऐसा कौन दबाव आ गया कि खाकी उनके कसीदे पढ़ने लगी इसका जबाब स्थानीय पुलिस के पास नही है।

## जायस पुलिस ने चालीस ग्राम स्मैक के साथ युवक को धरदबोचा

जायस अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना जायस पुलिस ने मादक पदार्थों की बिक्री और तस्करी करने वाले लोगों पर शिकंजा कसने की शुरूआत कर दी है। पुलिस ने नशा मुक्त अमेठी अभियान के तहत चालीस ग्राम स्मैक के साथ एक युवक को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर थाना जायस के प्रभारी निरीक्षक अमरेंद्र सिंह मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान बंधन सिंह पुत्र इन्द्रभान सिंह निवासी ग्राम खरौली थाना जायस को गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम द्वारा की गई तलाशी में उसके कब्जे से चालीस ग्राम स्मैक बरामद किया गया। इस सम्बंध में थाना जायस के प्रभारी निरीक्षक अमरेंद्र सिंह ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये युवक के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि उक्त युवक के खिलाफ थाना जायस में आधा दर्जन अपराधिक मामले दर्ज हैं।

## चाइल्ड हेल्पलाइन ने बिहार के दो बच्चों को परिजनों के सुपुर्द किया

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 की सक्रियता से बिहार के दो बच्चों को उनके परिजनों से सुरक्षित मिलाया गया।चाइल्ड हेल्प लाइन के प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर गौरव श्रीवास्तव ने बताया कि हेल्पलाइन टीम की सदस्य रुचि सिंह एवं रोशन लाल ने थाना जगदीशपुर क्षेत्र से दोनों बच्चों को रेस्क्यू किया। बच्चों से पूंछतांछ में उन्होंने बताया कि वे जिला बेगूसराय, बिहार के रहने वाले हैं। टीम द्वारा गहन खोजबीन के बाद पता चला कि बच्चे थाना बछवारा जिला बेगूसराय के निवासी हैं।इसके बाद बच्चों के माता पिता से वर्चुअल माध्यम से सम्पर्क कर उन्हें बुलाया गया सभी आवश्यक दस्तावेजों की जांच के बाद बच्चों को बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया।बाल कल्याण समिति ने विधिक प्रक्रिया पूरी कर बच्चों को उनके माता पिता के सुपुर्द कर दिया।

## अवैध रूप से हाइवे किनारे लगी दुकानें से गुंडा टैक्स वसूलने की मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। नगर के असम हाइवे पर सिरसा चौराहा पर लगी अवैध अस्थाई दुकानें से कुछ लोगो ने पूरी तरह से कब्जा कर रखा आई दिन इसी बात को झगड़ा भी होता रहता है वहीं इसी बीच अवैध दुकानदार से गुड़ा टैक्स वसूलने की बात सामने आई है असम रोड किनारे लगाने वाले कई दुकानदारो ने मुख्यमंत्री पोर्टल व कोतवाली मे दिये शिकायती पत्र के माध्यम से कुछ लोगो की शिकायत की हिन्दू संगठन से ताल्लुक रखने वाले कुछ लोग हम दुकानदारो से 200 रूपये प्रति दिन देने का दबाब बना रहे है ऐसा न करने पर अंजाम भुगतने की धमकी दे रहे। शिकायती पत्र देने वालो मे मुख्य रूप से शाहरुख,अजीम, आयन, अमीर, हकीक, मोहम्मद मियां, मानव गुप्ता, लतीफ अहमद, शादाब खान, नवीबुल्ला आदि लोगो ने न्याय की गुहार लगाई है।

## अवैध असलहे की फैक्ट्री चलाने वाले पिता–पुत्र गिरफ्तार

सुल्तानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। सीओ लंभुआ के नेतृत्व में कोतवाली लंभुआ के हाथों बड़ी सफलता लगी है। पुलिस टीम ने अवैध असलहे की फैक्ट्री चलाने वाले पिता–पुत्र को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से 5 निर्मित और 6 अर्द्ध निर्मित तमंचा बरामद हुए हैं। पुलिस के अनुसार दोनों दो से चार हजार में असलहा बेचकर अपना परिवार चलाते थे।

सीओ अब्दुस सलाम ने बताया कि कोतवाली लंभुआ इंस्पेक्टर संदीप राय को सूचना मिली कि क्षेत्र के मठिया शाहगढ़ जंगल में अवैध असलहो की फैक्ट्री चल रही है। यहां छप्पर में असलहे तैयार कर बेचे जा रहे हैं। इस पर कोतवाली टीम के साथ उन्होंने छापेमारी की। पुलिस को अवैध असलहों के साथ इसे तैयार करने वाले उपकरण मिले। पुलिस ने यहां से बाप बेटे को गिरफ्तार किया है। इनकी पहचान कुड़वार के खादर बसंतपुर मझौवा निवासी दीप नारायन व उसके पुत्र अजय कुमार के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार कुड़वार के सुरेश नगर चौराहे पर पिता पुत्र ने बेल्डिंग की दुकान कर रखा है। इसी की आड़ में दोनों अवैध असलहे का कारोबार करते थे। पूर्व में कूरेभार फिर कुड़वार में भी अवैध फैक्ट्री चलाते हुए यह गिरफ्तार किए जा चुके हैं। सीओ ने बताया दोनों पिता पुत्र के विरुद्ध विधिक कार्रवाई करते हुए उन्हें जेल भेजने की कार्रवाई की जा रही है।

# विधायक स्वामी प्रवक्तानंद ने जनता की समस्याओं को सांसद तक पहुँचाया

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पीलीभीत।बरखेड़ा विधानसभा क्षेत्र के विधायक स्वामी प्रवक्तानंद जनता की समस्याओं और क्षेत्र के विकास के मुद्दों को लेकर लगातार सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। बुधवार को उन्होंने दिल्ली स्थित कार्यालय पर केंद्रीय राज्य मंत्री एवं पीलीभीत सांसद जितिन प्रसाद से शिष्टाचार मुलाकात की। इस मुलाकात में विधायक ने बीते दिनों पीलीभीत जनपद में आई बाढ़ की स्थिति और उससे प्रभावित लोगों की कठिनाइयों को विस्तार से सांसद के सामने रखा।बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए दिल्ली तक पहुंचे विधायक

स्वामी प्रवक्तानंद ने बताया कि हाल ही में हुई भारी बारिश और बाढ़ ने हजारों लोगों को प्रभावित किया है। गांवों में जलभराव, फसलों का नुकसान और घरों को क्षति होने के कारण आमजन त्राहि-त्राहि कर रहे हैं। उन्होंने सांसद से आग्रह किया कि बाढ़ पीड़ितों को सरकार की ओर से मिलने वाली राहत योजनाओं का लाभ जल्द और व्यापक रूप से दिलाया जाए। इस मुद्दे पर सांसद जितिन प्रसाद ने भी गंभीरता से विचार करते हुए हर संभव मदद का आश्वासन दिया। मुलाकात के दौरान विधायक ने अपने विधानसभा क्षेत्र बरखेड़ा में चल रहे विकास कार्यों पर भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि बरखेड़ा की जनता तक सरकार की योजनाएँ अधिक से अधिक पहुँचें, यही उनकी प्राथमिकता है। शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, पेयजल और किसानों से जुड़े मुद्दों पर विशेष योजनाएँ लागू करने पर भी बातचीत हुई।जनता के बीच सक्रिय रहते हैं। विधायक स्वामी प्रवक्तानंद सिर्फ कागजों तक सीमित नहीं हैं,बल्कि लगातार जनता के बीच जाकर उनकी समस्याएँ सुनते और उन्हें समाधान दिलाने का प्रयास करते हैं। हाल ही में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करके उन्होंने राहत सामग्री वितरण और प्रशासनिक अधिकारियों से तत्काल सहायता दिलाने के निर्देश भी दिए। प्रवक्तानंद की छवि एक जनप्रतिनिधि से अधिक जनसेवक की है। चाहे बाढ़ हो, सड़क की समस्या हो या विकास कार्यों की धीमी गति, वे हर मुद्दे को गंभीरता से लेते हैं और जनता की आवाज़ को उच्च स्तर तक पहुँचाते हैं। यह मुलाकात साबित करती है कि विधायक स्वामी प्रवक्तानंद सिर्फ विधानसभा में ही नहीं बल्कि संसद स्तर तक भी अपनी आवाज़ उठाकर बरखेड़ा की जनता के लिए संघर्षरत हैं। मेरा लक्ष्य ल्लबरखेड़ा की जनता तक सरकार की हर योजना और हर लाभ पहुँचाना हैं।

## जीवन धारा हॉस्पिटल एक बार फिर सुर्खियों में इस बार अवैध रूप से डॉक्टर का नाम फोटो लगाकर किया संचालित हॉस्पिटल

पूरनपुर। जीवन धारा हॉस्पिटल लगातार सुर्खियों में रहता है कभी अस्पताल में बच्चों की मृत्यु हो जाने पर कभी अन्य कार्य से कार्रवाई की जाती है लेकिन इस बार आया कि जीवन धारा हॉस्पिटल पर गंभीर अनियमितताओं का आरोप लगा है। बताया जा रहा है कि अस्पताल प्रबंधन ने अवैध तरीके से एक डॉक्टर का नाम और फोटो अपने पैनल पर प्रदर्शित कर दिया है।जबकि संबंधित डॉक्टर का इस अस्पताल से कोई संबंध ही नहीं है। आरोप है कि अस्पताल का संचालन किसी अन्य डॉक्टर के नाम और फोटो लगाकर किया जा रहा है।जिससे मरीजों और आम जनता को गुमराह हो रही है। उल्लेखनीय है। कि इसी अस्पताल में खामियां मिलने पर 25 मई 2025 को सीएचसी अधीक्षक ने ऑपरेशन थियेटर को सील कर दिया था। इस संबंध में वुधवार शाम चार बजे डॉक्टर मुस्ताक अली से जानकारी की तो उन्होंने बताया कि जीवनधारा अस्पताल से उनका कौई संबंध नहीं है।

# भारतीय संस्कृति पद यात्रा में गूँजी सनातन की हुंकार, चार माँगों को लेकर उठी आवाज

कैनविज टाइम्स संवाददाता




सुल्तानपुर।अखिल भारतीय परशुराम एकता समिति की ओर से बुधवार को अयोध्या से प्रारंभ हुई भारतीय संस्कृति पद यात्रा सुल्तानपुर (कुशभवनपुर) की ओर बढ़ी। इस दौरान सनातन धर्म और भारतीय संस्कृति की रक्षा को लेकर जोरदार हुंकार गूँजी।समिति ने यात्रा के माध्यम से चार प्रमुख माँगें रखीं।जिसमें सुल्तानपुर जिले का नाम पुनः कुशभवनपुर किया जाए। गौ माता को राष्ट्र माता का दर्ज़ा दिया जाए। देवी-देवताओं के वेश में होने वाले अशोभनीय नृत्यों पर पूर्ण प्रतिबंध लगे।सनातन बोर्ड का गठन किया जाए।अयोध्याऽसुल्तानपुर बॉर्डर पर अद्वैत फाउंडेशन ट्रस्ट की ओर से यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। ट्रस्ट प्रमुख राम किशोर पाण्डेय, ट्रस्टी आनंद सावरण और मैनेजर अनूप मिश्र ने पदयात्रा में शामिल अतिथियों का माल्यार्पण व पुष्पवर्षा कर अभिनंदन किया।कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष ओम प्रकाश गौतम ने कहा, सुल्तानपुर का प्राचीन नाम कुशभवनपुर हमारी पहचान है, इसे पुनः स्थापित किया जाना चाहिए। प्रदेश अध्यक्ष ऋषभ देव शुक्ल ने गौ माता को राष्ट्र माता का दर्ज़ा देने की माँग उठाई। वहीं प्रदेश महामंत्री अनूप कुमार मिश्र ने कहा, सनातन संस्कृति पर कुठाराघात स्वीकार नहीं होगा, अशोभनीय नृत्यों पर प्रतिबंध आवश्यक है।पदाधिकारियों ने प्रभु श्रीराम, भगवान परशुराम एवं गौ माता के स्मृति चिन्ह पर माल्यार्पण कर आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर राष्ट्रीय महामंत्री नरेंद्र द्विवेदी, सौरभ मिश्र, प्रिंस सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे।अद्वैत फाउंडेशन ट्रस्ट की ओर से ज्योति शर्मा, रविन्द्र तिवारी, विवेक वर्मा, मनोज गुप्ता, अभिषेक पाण्डेय, प्रियांशु ओझा, प्रणय चंद्र शुक्ल, विनय सिंह, दीप्ति साहू, शुशील चौधरी, दुर्गेश पाण्डेय, अनिल सिंह, अमर प्रताप सिंह, हर्ष मिश्र, सिद्धार्थ, अमित, अनूप समेत कई सदस्यों ने आयोजन को सफल बनाने में योगदान दिया।

# समस्याओं और बिगड़ती कानून व्यवस्था को लेकर सपा युवजन सभा ने सौंपा ज्ञापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। लगातार बढ़ती महंगाई, भ्रष्टाचार और बिगड़ती कानून व्यवस्था के खिलाफ समाजवादी युवजन सभा ने बुधवार को जोरदार प्रदर्शन किया। संगठन के जिलाध्यक्ष शिवमंगल तिवारी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा।ज्ञापन में कहा गया कि डीजल, पेट्रोल और खाद्य पदार्थों की बढ़ती कीमतों से किसान, मजदूर और गरीब वर्ग त्रस्त है। स्वास्थ्य सेवाएं बदहाल हैं, वहीं अपराधियों पर सत्ता का संरक्षण होने से कानून व्यवस्था ध्वस्त होती जा रही है।युवजन सभा ने पाँच प्रमुख माँगें उठाईं जिसमें,किसानों को उचित दर पर खाद उपलब्ध कराई जाए और कालाबाजारी पर रोक लगे। किसानों के लिए बिजली की समुचित व्यवस्था हो और जर्जर लाइनें दुरुस्त कराई जाएं।ग्रामीण क्षेत्रों की टूटी-फूटी सड़कों की मरम्मत कराई जाए।पत्रकारों को स्वतंत्र रूप से कार्य करने का अधिकार मिले और उन पर दबाव न बनाया जाए।कुड़वार थाना क्षेत्र में छात्रा के साथ हुई घटना की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाए।इस मौके पर कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। ज्ञापन सौंपने वालों में जिला महासचिव मोहम्मद आसिफ खान, जिला उपाध्यक्ष सुल्तान खान, मैसाद अहमद, अब्बास, जितेंद्र यादव, अफसर अहमद, प्रशांत मिश्रा, सुनील यादव, हनुमान यादव, अनुभव पांडेय, विवेक निषाद, अजय यादव समेत सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# नये अध्याय की शुरुआत

भारत के अगले उपराष्ट्रपति के चुनाव के लिए संसद के दोनों सदनों के सांसदों ने अपने वोट डालें। सत्तारूढ़ एनडीए के उम्मीदवार तमिलनाडु भाजपा के पूर्व अध्यक्ष सीपी राधाकृष्णन ने विपक्ष के उम्मीदवार वरिष्ठ अधिवक्ता बी सुदर्शन रेड्डी को परास्त कर 15वें उपराष्ट्रपति के रूप में जीत दर्ज की और एक नये इतिहास का सृजन किया है। निर्वाचन अधिकारी राज्यसभा महासचिव पीसी मोदी के अनुसार मतदान संसद भवन के वसुधा स्थित कमरा संख्या एफ-101 में सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक चला। यह ऐतिहासिक घटना केवल उपराष्ट्रपति पद के चुनाव तक सीमित नहीं है, बल्कि भारतीय राजनीति में बदलते समीकरणों और भविष्य की दिशा का संकेत भी देती है। सी.पी. राधाकृष्णन का 17वें उपराष्ट्रपति के रूप में निर्वाचित होना न केवल एनडीए और भाजपा की रणनीतिक सूझबूझ का परिणाम है, बल्कि यह इस बात का भी प्रमाण है कि व्यक्ति चयन की प्रक्रिया को उन्होंने केवल राजनीतिक समीकरण तक सीमित नहीं रखा, बल्कि उसमें व्यापक सामाजिक और राष्ट्रीय दृष्टिकोण को जोड़ा। एनडीए के प्रत्याशी के रूप में राधाकृष्णन ने इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार बी. सुदर्शन रेड्डी को परास्त किया, इसकी संभावनाएं पहले से व्यक्त की जा रही थी। यह जीत केवल संख्याओं का खेल नहीं है, बल्कि यह विचारधारा, दृष्टि और नेतृत्व की जीत है। उपराष्ट्रपति पद संवैधानिक गरिमा का प्रतीक होता है, जहाँ राजनीति से ऊपर उठकर राष्ट्रहित सर्वोपरि हो जाता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा नेतृत्व ने राधाकृष्णन जैसे व्यक्ति को चुनकर यह स्पष्ट कर दिया है कि उनके लिए संवैधानिक पदों पर आसीन व्यक्ति का व्यक्तित्व, नैतिकता और राष्ट्रीय दृष्टिकोण सर्वोपरि है। इस शानदार जीत के कई निहितार्थ हैं। पहला, यह भाजपा और एनडीए की राजनीतिक पकड़ और संगठनात्मक शक्ति को और मजबूत करता है। दूसरा, यह विपक्षी इंडिया गठबंधन की कमजोरियों और आंतरिक मतभेदों को उजागर करता है। तीसरा, यह भविष्य की राजनीति की उस दिशा को दर्शाता है जहाँ व्यक्तिगत ईमानदारी, सामाजिक स्वीकार्यता और राष्ट्रीय दृष्टि को अधिक महत्व मिलेगा। सी.पी. राधाकृष्णन का चयन इस मायने में भी ऐतिहासिक है कि वे राजनीति के व्यावहारिक धरातल पर काम करने वाले ऐसे नेता माने जाते हैं जिनकी पहचान केवल पार्टी तक सीमित नहीं, बल्कि एक व्यापक सामाजिक-सांस्कृतिक प्रतिनिधि के रूप में भी है। यह कदम भाजपा की उस राजनीति की भी झलक देता है जहाँ वह केवल चुनावी जीत की ओर नहीं, बल्कि दीर्घकालीन सांस्कृतिक और वैचारिक स्थिरता की ओर अग्रसर है। यह कहा जा सकता है कि इस चुनाव में एक तीर से अनेक निशाने साधे गए हैं, एनडीए की शक्ति का प्रदर्शन, विपक्ष को स्पष्ट संदेश, संवैधानिक गरिमा की रक्षा, और भविष्य की राजनीति में व्यक्ति चयन की एक नई परंपरा का सूत्रपात। भारत की राजनीति में यह एक ऐसा क्षण है जिसे केवल चुनावी जीत के रूप में नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की व्यापक प्रक्रिया के रूप में देखा जाना चाहिए। भाजपा ने एक और तीर साधा है। जैसाकि तमिलनाडु की राजनीति परंपरागत रूप से द्रविड़ आंदोलनों और क्षेत्रीय पहचान से प्रभावित रही है, जहां पिछले कई दशकों से डीएमके और एआईएडीएमके का दबदबा रहा है। भाजपा के लिए इस राज्य में राजनीतिक ज़मीन तैयार करना हमेशा चुनौतीपूर्ण रहा है। 2021 के विधानसभा चुनाव में भाजपा को महज़ 4 सीटें मिलीं, जबकि एनडीए गठबंधन को कुल 66 सीटों पर सफलता हासिल हुई। यह स्पष्ट करता है कि तमिलनाडु में भाजपा की पकड़ अभी कमजोर है और उसे क्षेत्रीय भावनाओं, भाषा और संस्कृति से जुड़े सवालों पर गहरी पैठ बनाने की जरूरत है। इसी परिप्रेक्ष्य में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राधाकृष्णन को उपराष्ट्रपति उम्मीदवार बनाकर एक रणनीतिक दांव खेला है। राधाकृष्णन तमिलनाडु से आते हैं और उनकी पहचान को आगे रखकर भाजपा राज्य की राजनीति में अपनी स्वीकार्यता बढ़ाना चाहती है। इससे भाजपा यह संदेश देना चाहती है कि वह तमिल अस्मिता, संस्कृति और क्षेत्रीय नेतृत्व को सम्मान देती है। राधाकृष्णन की उम्मीदवारी से भाजपा को उम्मीद है कि वह आने वाले विधानसभा चुनावों में अपनी उपस्थिति और प्रभाव को विस्तार दे सकेगी।

# राष्ट्र-विरोधी विमर्श पर राष्ट्रवाद की जीत

**विपक्ष ने दावा किया था कि उसके सभी 315 सांसद मतदान में उपस्थित रहे और पूरा खेमे ने एकजुटता दिखायी। लेकिन नतीजे में विपक्ष 15 वोट पीछे रह गया और उतने ही वोट अमान्य घोषित हुए। इसका सीधा अर्थ यह है कि विपक्षी खेमे में या तो क्रॉस वोटिंग हुई या जानबूझकर अमान्य मत डाले गये। यही घटना विपक्षी गठबंधन की एकता पर गहरे सवाल खड़े करती है। दरअसल, इस परिणाम ने विपक्षी दलों की आंतरिक असहमति और पारस्परिक अविश्वास को उजागर कर दिया है। उधर, राधाकृष्णन ने अपनी जीत को ल्लराष्ट्रवादियों की जीतङ्क बताया है। इसका सकारात्मक अर्थ यह है कि एनडीए की राजनीति केवल चुनावी अंकगणित तक सीमित नहीं है, बल्कि वह राष्ट्रवादी विचारधारा को जनता और सांसदों के बीच एक व्यापक स्वीकृति दिलाने में सफल रहा है। देखा जाये तो हाल के वर्षों में विपक्ष ने अपनी राजनीति का केन्द्र सत्ता विरोध तक सीमित कर दिया है।**

विपक्ष ने दावा किया था कि उसके सभी 315 सांसद मतदान में उपस्थित रहे और पूरा खेमे ने एकजुटता दिखायी। लेकिन नतीजे में विपक्ष 15 वोट पीछे रह गया और उतने ही वोट अमान्य घोषित हुए। इसका सीधा अर्थ यह है कि विपक्षी खेमे में या तो क्रॉस वोटिंग हुई या जानबूझकर अमान्य मत डाले गये। उपराष्ट्रपति चुनाव के परिणाम ने भारतीय राजनीति में कई नये संकेत दिए हैं। भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाले एनडीए के उम्मीदवार सी.पी. राधाकृष्णन ने विपक्षी खेमे के साझा प्रत्याशी और पूर्व न्यायाधीश बी. सुदर्शन रेड्डी को मात देकर देश के 15वें उपराष्ट्रपति पद पर विजय हासिल की। यह विजय कई मायनों में खास है क्योंकि 452 बनाम 300 वोट का अंतर केवल एक चुनावी आँकड़ा नहीं है, बल्कि राष्ट्रीय राजनीति की नयी दिशा की ओर इशारा करता है।

विपक्ष ने दावा किया था कि उसके सभी 315 सांसद मतदान में उपस्थित रहे और पूरा खेमे ने एकजुटता दिखायी। लेकिन नतीजे में विपक्ष 15 वोट पीछे रह गया और उतने ही वोट अमान्य घोषित हुए। इसका सीधा अर्थ यह है कि विपक्षी खेमे में या तो क्रॉस वोटिंग हुई या जानबूझकर अमान्य मत डाले गये। यही घटना विपक्षी गठबंधन की एकता पर गहरे सवाल खड़े करती है। दरअसल, इस परिणाम ने विपक्षी दलों की आंतरिक असहमति और पारस्परिक अविश्वास को उजागर कर दिया है। उधर, राधाकृष्णन ने अपनी जीत को ल्लराष्ट्रवादियों की जीतङ्क बताया है। इसका सकारात्मक अर्थ यह है कि एनडीए की राजनीति केवल चुनावी अंकगणित तक सीमित नहीं है, बल्कि वह राष्ट्रवादी विचारधारा को जनता और सांसदों के बीच एक व्यापक स्वीकृति दिलाने में सफल रहा है। देखा जाये तो हाल के वर्षों में विपक्ष ने अपनी राजनीति का केन्द्र सत्ता विरोध तक सीमित कर दिया है। स्वस्थ लोकतांत्रिक विमर्श की जगह आरोप-प्रत्यारोप, नकारात्मक प्रचार और देश की संवैधानिक संस्थाओं को कठघरे में खड़ा करने की परंपरा बनती जा रही है। संसद से लेकर न्यायपालिका और चुनाव आयोग तक, विपक्ष की ओर से लगातार यह प्रयास देखा गया है कि जनता के मन में इन संस्थानों के प्रति अविश्वास पैदा किया जाए। यही कारण है कि उपराष्ट्रपति चुनाव केवल एक पद के लिए मतदान नहीं था, बल्कि यह उस नकारात्मक राजनीति और राष्ट्र-विरोधी विमर्श के खिलाफ एक जनादेश की तरह सामने आया। सी.पी. राधाकृष्णन की ऐतिहासिक जीत ने स्पष्ट कर दिया है कि देश की राजनीति में राष्ट्रवाद की विचारधारा ही जनता के विश्वास की धुरी है। विपक्ष भले ही इसे ल्लसंख्या का खेलङ्क बताने का प्रयास करे, लेकिन तथ्य यह है कि क्रॉस वोटिंग और विपक्षी खेमे में बिखराव ने उनकी एकता की पोल खोल दी। यह संदेश दूर तक गया है कि जब बात राष्ट्रहित और स्थिरता की आती है तो विपक्षी दलों के भीतर भी कई लोग एनडीए के साथ खड़े होना पसंद करते हैं। यह जीत विपक्ष द्वारा रची जा रही उस नकारात्मक छवि को भी ध्वस्त करती है जिसमें संवैधानिक पदों को मात्र राजनीतिक उपकरण के रूप में प्रस्तुत किया जा रहा था। राधाकृष्णन ने इसे राष्ट्रवाद की जीत कहा है और इसमें गहरा संदेश छिपा है। दरअसल, यह जीत उन लोगों के लिए आश्वस्ति है जो मानते हैं कि लोकतंत्र में विरोध ज़रूरी है लेकिन विरोध की आड़ में देश की संस्थाओं को कमजोर करना आत्मघाती है। देखा जाये तो उपराष्ट्रपति चुनाव में राष्ट्रवादियों की जीत विपक्ष की नकारात्मक राजनीति पर करारा जवाब है। इसके अलावा, उपराष्ट्रपति पद पर सीपी राधाकृष्णन की जीत का गहरा असर तमिलनाडु की राजनीति पर भी पड़ने वाला है। तमिलनाडु लंबे समय से द्रविड़ राजनीति का गढ़ रहा है, जहां भाजपा अब तक सीमित प्रभाव ही बना पाई है। लेकिन राधाकृष्णन जैसे वरिष्ठ और लोकप्रिय नेता का इस संवैधानिक पद तक पहुँचना भाजपा और एनडीए के लिए एक मनोबलवर्धक उपलब्धि है। सबसे पहले, यह जीत भाजपा को तमिलनाडु में राजनीतिक स्वीकार्यता दिलाती है। अब भाजपा केवल ल्लबाहरी ताकतङ्क नहीं, बल्कि तमिलनाडु से जुड़ा चेहरा रखने वाली राष्ट्रीय पार्टी के रूप में उभरेगी। राधाकृष्णन की साफ-सुथरी छवि और जमीनी पकड़ भाजपा को उन मतदाताओं के बीच पहुँचाने में मदद करेगी



जो अब तक द्रविड़ पार्टियों के बीच उलझे रहे। जब तमिलनाडु के मतदाता देखेंगे कि उनके ही राज्य से आया एक नेता राष्ट्रीय राजनीति में इतना बड़ा पद हासिल कर रहा है, तो उन्हें भाजपा की प्रासंगिकता का अहसास होगा। यह विजय यह भी संदेश देती है कि भाजपा केवल उत्तर भारत की पार्टी नहीं है। दक्षिण भारत में भी भाजपा का राजनीतिक विस्तार संभव है। राधाकृष्णन की जीत से एनडीए को स्थानीय सहयोगी दलों के साथ तालमेल मजबूत करने में मदद मिलेगी और आगामी विधानसभा चुनावों में भाजपा का वोट शेयर बढ़ाने का आधार बनेगा। देखा जाये तो तमिलनाडु में भाजपा की सबसे बड़ी चुनौती डीएमके और एआईएडीएमके जैसी स्थापित द्रविड़ पार्टियां रही हैं। लेकिन उपराष्ट्रपति चुनाव ने दिखा दिया कि भाजपा अब किनारे की खिलाड़ी नहीं रही, बल्कि उसकी जड़ें मजबूत हो रही हैं। यह जीत भाजपा-एनडीए कार्यकर्ताओं को जोश से भर देगी और जनता के बीच यह संदेश जाएगा कि अगर राष्ट्रीय स्तर पर तमिलनाडु का नेता इतना बड़ा पद हासिल कर सकता है तो राज्य की राजनीति में भी भाजपा का भविष्य सुरक्षित है। राधाकृष्णन की जीत भाजपा और एनडीए के लिए तमिलनाडु विधानसभा चुनावों का मनोवैज्ञानिक और राजनीतिक पूंजी बनकर सामने आएगी, जो दक्षिण में पार्टी के विस्तार की दिशा में निर्णायक कदम साबित हो सकती है। इसके अलावा, इस चुनाव में क्षेत्रीय दलों का रुख भी महत्वपूर्ण रहा। आंध्र प्रदेश की वाईएसआर कांग्रेस पार्टी ने एनडीए उम्मीदवार का समर्थन किया, ओडिशा की बीजेडी और तेलंगाना की बीआरएस ने मतदान से अनुपस्थित रहकर अप्रत्यक्ष रूप से एनडीए की मदद की। यह स्थिति साफ़ दिखाती है कि राष्ट्रीय राजनीति में एनडीए की पकड़ मज़बूत हो रही है और कई क्षेत्रीय दल अवसरवादी राजनीति की बजाय केंद्र की स्थिरता और शक्ति संतुलन के साथ खड़े होने का संकेत दे रहे हैं। यह संदेश विपक्षी खेमे के लिए और भी चुनौतीपूर्ण है। यही नहीं, उपराष्ट्रपति चुनाव में एनडीए की इस बड़ी जीत के राजनीतिक निहितार्थ बिहार तक भी पहुँचते हैं, जहाँ निकट भविष्य में विधानसभा चुनाव होने हैं। एनडीए की यह जीत विपक्षी गठबंधन की कमजोरियों को उजागर करती है और बिहार में भाजपा-जदयू की साख को और मज़बूत करती है। यह परिणाम बताता है कि केंद्र से लेकर राज्य तक एनडीए अपनी पकड़ बनाये हुए है और विपक्षी दलों का 'एकजुट मोर्चा' केवल घोषणाओं तक ही सीमित है। बहरहाल, सी.पी. राधाकृष्णन की जीत केवल एक व्यक्ति की सफलता नहीं है, बल्कि यह भारतीय राजनीति में एनडीए की बढ़ती धमक, विपक्षी खेमे में बिखराव और राष्ट्रवादी विचारधारा की स्वीकृति का प्रतीक है। दक्षिण में भाजपा के लिए नए अवसर खुल रहे हैं, क्षेत्रीय दल एनडीए के प्रति झुकाव दिखा रहे हैं और विपक्षी एकता का दावा खोखला साबित हुआ है। यह सब मिलकर राष्ट्रीय राजनीति में एनडीए को एक और मज़बूत स्थिति में खड़ा कर देता है।

नीरज कुमार दुबे

# श्रद्धापूर्वक किया गया कार्य ही श्राद्ध है

**रमेश सर्राफ धमोरा**

श्राद्ध का अर्थ है श्रद्धापूर्वक किया गया कार्य जिससे पितरों को शांति मिलती है। श्राद्ध की उत्पत्ति पूर्वजों के प्रति श्रद्धा और कृतज्ञता से हुई है जिसकी शुरुआत वैदिक काल से मानी जाती है। महाभारत के अनुसार सबसे पहले महर्षि निमि ने अत्रि मुनि के उपदेश से श्राद्ध किया और यह परंपरा धीरे-धीरे प्रचलित हुई। पितृ दोष होने पर व्यक्ति को कई परेशानियों का सामना करना पड़ता है इसलिए पितृपक्ष में पितरों का स्मरण और पूजन करना आवश्यक है। हिंदू धर्म में पितृ पक्ष का विशेष महत्व है। पितृ पक्ष को श्राद्ध पक्ष के नाम से भी जाना जाता है। पितृ पक्ष में पितरों का श्राद्ध और तर्पण किया जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार पितृ पक्ष के दौरान पितर संबंधित कार्य करने से पितरों को मोक्ष की प्राप्ति होती है। इस पक्ष में विधि- विधान से पितर संबंधित कार्य करने से पितरों का आर्शावाद प्राप्त होता है।

श्राद्ध सूक्ष्म शरीरों के लिए वही काम करते हैं जो कि जन्म के पूर्व और जन्म के समय के संस्कार स्थूल शरीर के लिए करते हैं। इसलिए शास्त्र पूर्व जन्म के आधार पर ही कर्मकाण्ड में श्राद्धादि कर्म का विधान निर्मित करते हैं। सभी संस्कारों विवाह को छोड़कर श्राद्ध ही ऐसा धार्मिक कृत्य है जिसे लोग पर्याप्त धार्मिक उत्साह से करते हैं। विवाह में बहुत से लोग कुछ विधियों को छोड़ भी देते हैं परन्तु श्राद्ध कर्म में नियमों की अनदेखी नहीं की जाती है। क्योंकि श्राद्ध का मुख्य उद्देश्य परलोक की यात्रा की सुविधा करना है। भाद्रपद मास की पूर्णिमा से पितृ पक्ष शुरू होकर करीब 16 दिनों तक चलने वाले श्राद्ध में अश्विन मास की अमावस्या तक पितृ पृथ्वी पर वास करेंगे। इन 16 दिनों तक पितरों को प्रसन्न करने के लिए उन्हें यज्ञ, जल से तर्पण दिया जाएगा। इस दौरान पितरों की आत्मा की शांति के लिए जगह-जगह पिंडदान, नारायण बलि, जल तर्पण आदि कर्मकांड़ों से उन्हें प्रसन्न करने की कोशिश की जाती है।

आश्विन कृष्ण प्रतिपदा से लेकर अमावस्या तक ब्रह्माण्ड की ऊर्जा तथा उस उर्ज़ा के साथ पितृप्राण पृथ्वी पर व्याप्त रहता है। धार्मिक ग्रंथों में मृत्यु के बाद आत्मा की स्थिति का बड़ा सुन्दर और वैज्ञानिक विवेचन भी मिलता है। पुराणों के अनुसार पितृपक्ष में जो तर्पण किया जाता है उससे वह पितृप्राण स्वयं आप्यापित होता है। पुत्र या उसके नाम से उसका परिवार जौ तथा चावल का पिण्ड देता है। उसमें से अंश लेकर वह अम्भप्राण का ऋण चुका देता है। ठीक आश्विन कृष्ण प्रतिपदा से वह चक्र उर्ध्वमुख होने लगता है। 15 दिन अपना-अपना भाग लेकर शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा से पितर उसी ब्रह्मांडीय उर्ज़ा के साथ वापस चले जाते हैं। इसलिए इसको पितृपक्ष कहते हैं और इसी पक्ष में श्राद्ध करने से पित्तरों को प्राप्त होता है। श्राद्ध पितरों के प्रति श्रद्धा और कृतज्ञता अभिव्यक्त करने तथा उन्हें याद करने के निमित्त किया जाता है। इसके पीछे मान्यता है कि जिन पूर्वजों के कारण हम आज अस्तित्व में हैं। जिनसे गुण हमें विरासत में मिलें हैं। उनका हम पर न चुकाये जा सकने वाला ऋण हैं। पितरों की आत्मा की शांति के लिए पितृ पक्ष में जो तर्पण किया जाता है। उसके पीछे धार्मिक मान्यता है कि इससे पितरों को स्वर्ग प्राप्त होता है और उनकी आत्मा को शांति मिलती है। मंदिरों और नदियों के किनारे पितरों को तर्पण देने की सदियों से चली आ रही धार्मिक परम्परा आज भी अनवरत रूप से जारी है। श्राद्ध का अर्थ है श्रद्धा (सच्चा विश्वास और प्रेम) से किया जाने वाला कर्मकांड जो मृत पूर्वजों (पितरों) की आत्मा की शांति और तृप्ति के लिए किया जाता है। यह उनके प्रति कृतज्ञता, सम्मान और स्मरण भाव को व्यक्त करने का एक तरीका है, और इसके माध्यम से उन्हें संतुष्ट कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया जाता है। श्राद्ध का वैज्ञानिक पहलू भी है। वेदों में, दर्शन शास्त्रों में, उपनिषदों एवं पुराणों आदि में हमारे ऋषियों-मनीषियों ने इस विषय पर विस्तृत विचार किया है। श्रीमद्भागवत गीता में भी स्पष्ट रूप से बताया गया है कि जन्म लेने वाले की मृत्यु और मृत्यु को प्राप्त होने वाले का जन्म निश्चित है। यह प्रकृति का नियम है। शरीर नष्ट होता है मगर आत्मा कभी भी नष्ट नहीं होती है। वह पुनः जन्म लेती है और बार-बार जन्म लेती है। इस पुनः जन्म के आधार पर ही कर्मकाण्ड में श्राद्धदि कर्म का विधान निर्मित किया गया है।

इसलिए हिंदू धर्म शास्त्रों में श्राद्ध करने का विशेष विधान बताया गया है। श्रद्धया इदं श्राद्धम, अर्थात जो श्रद्धा से किया जाये वही श्राद्ध है। श्राद्ध प्रथा वैदिक काल के बाद शुरू हुई और इसके मूल में इसी श्लोक की भावना है।

## सेहत मंत्र

# कब्ज को दूर कर, शरीर को दिनभर ऊर्ज़ावान बनाएं रखता है कच्चा केला



पका केला सभी खाते हैं लेकिन कच्चा केला भी काफी फायदेमंद होता है। इसमें पोटैशियम बड़ी मात्रा में पाया जाता है जो इम्यून सिस्टम को तो मजबूत बनाता है ही साथ ही शरीर को दिनभर ऊर्ज़ावान भी बनाए रखता है। इसमें मौजूद विटामिन बी6, विटामिन सी कोशिकाओं को पोषण देने का काम करता है। कच्चे केले में पोटैशियम और एंटी आक्सीडेंट बहुत पाया जाता है। कच्चे केले की सब्जी खाने से दिन भर चुस्ती बनी रहती है। कच्चा केला खाने कब्ज भी दूर होता है। कच्चा केला आंतो को साफ करता है। इससे जो मल जमा रहता है वह बाहर निकल जाता है। इससे शरीर में खाना लगता है। कच्चा केला खाने से हड्डियां भी मजबूत होती हैं। इसमें प्रचूर मात्रा में कैल्शियम पाया जाता है। जिन्हें अधिक भूख लगने की समस्या हो उन्हें भी कच्चा केला खाना चाहिए। यह पेट को भरा रखता है और देर तक भूख नहीं लगने देता।

## धर्म मंत्र

# धर्म व सत्य की सदैव रक्षा करते हैं भगवान श्रीकृष्ण

भगवान श्रीकृष्ण हमारी संस्कृति के एक अद्भुत एवं विलक्षण महानायक हैं। एक ऐसा व्यक्तित्व जिसकी तुलना न किसी अवतार से की जा सकती है और न संसार के किसी महापुरुष से। उनके जीवन की प्रत्येक लीला में, प्रत्येक घटना में एक ऐसा विरोधाभास दीखता है जो साधारणतः समझ में नहीं आता है। यही उनके जीवन चरित की विलक्षणता है और यही उनका विलक्षणः जीवन दर्शन भी है। ज्ञानी-ध्यानी जिन्हें खोजते हुए हार जाते हैं, जो न ब्रह्म में मिलते हैं, न पुराणों में और न वेद की ऋचाओं में, वे मिलते हैं ब्रजभूमि की किसी कुंज-निकुंज में राधारानी के पैरों को दबाते हुए- यह श्रीकृष्ण के चरित्र की विलक्षणता ही तो है कि वे अजन्मा होकर भी पृथ्वी पर जन्म लेते हैं। मृत्युंजय होने पर भी मृत्यु का वरण करते हैं। वे सर्वशक्तिमान होने पर भी जन्म लेते हैं कंस के बन्दीगृह में। श्रीकृष्ण ने मनुष्य जाति को नया जीवन-दर्शन दिया। जीने की शैली सिखलाई। उनकी जीवन-कथा चमत्कारों से भरी है, लेकिन वे हमें जितने करीब लगते हैं, उतना और कोई नहीं। वे ईश्वर हैं पर उससे भी पहले सफल, गुणवान और दिव्य मनुष्य है। ईश्वर होते हुए भी सबसे ज्यादा मानवीय लगते हैं। इसीलिए श्रीकृष्ण को मानवीय भावनाओं, इच्छाओं और कलाओं का प्रतीक माना गया है। वे अर्जुन को संसार का रहस्य समझाते हैं, वे कंस का वध करते हैं, लेकिन उनकी छवि एक सखा की है जिसे यमुना के किनारे ग्वाले के साथ शरारत या गोपियों के साथ रास रचाते देखा जाता है।

## पर्यटन



# अक्टूबर से फरवरी तक का महीना है केवलादेव नेशनल पार्क घूमने के लिए परफ़ेक्ट

राजस्थान के भरतपुर जिले में स्थित बर्ड सेंचुरी बहुत ही खूबसूरत है। इसे केवलादेव बर्ड सेंचुरी के नाम से भी जाना जाता है। रंगबिरंगे पक्षियों को देखने और उनके बारे में जानने के लिए पूरे साल यहां टूरिस्ट्स का तांता लगा रहता है। सर्दी शुरू होते ही यहां पर प्रवासी पक्षियों का आना शुरू हो जाता है। यहां पर 300 से अधिक प्रजातियों के पक्षी देखने को मिलते हैं। छोटी बतख, जंगली बतख, वेगंस, शोवेलेर्स, पिनटेल बतख, सामान्य बतख, लाल कलगी वाली बत्तख यहां के खास आकर्षण हैं। केवलादेव भारत का सबसे बड़ा पक्षी विहार है। इसे साल 1982 में राष्ट्रीय उद्यान और 1985 में यूनेस्को द्वारा वर्ल्ड हेरिटेज साइट में शामिल किया गया है। प्राकृतिक ढाल होने के कारण बारिश के दौरान यहां अक्सर बाढ़ आती थी, इसलिए भरतपुर के शासक महाराजा सूरजमल ने अपने शासन काल यहां अजान बाँध का निर्माण करवाया, जो दो नदियों गँभीरी और बाणगंगा के संगम पर बनवाया गया था। संरक्षित वन क्षेत्र घोषित किये जाने से पहले सन 1850 में केवलादेव का इलाका भरतपुर राजाओं की निजी शिकारगाह हुआ करता था, जहां वे और उनके शाही मेहमान मुर्गाबियों का शिकार किया करते थे। अंग्रेज़ी शासन के दौरान कई वायसरायों और प्रशासकों ने यहां हजारों की तादाद में बत्तखों और मुर्गाबियों का संहार किया था। भरतपुर में एक बहुत ही पुराना महल है। जिसका नाम डीग महल है। इसे भी राजा सूरजमल ने ही बनवाया था। डीग महल बहुत ही ऊंची दीवारों तथा बुर्जों वाला मजबूत महल है। यहां पर बने मेहराब, जलाशय के अलावा हरियाली और फव्वारे टूरिस्ट्स को अपनी ओर आकर्षित करते हैं।लोहगढ़ किला भरतपुर जिले में लोहगढ़ किला भी घूमने की अच्छी जगहों में से एक है। इतिहास प्रेमियों को यह जगह बहुत पसंद आती है। लोहागढ़ किला अपनी वीरता की मिसाल को दर्शाता है। इस किले का निर्माण भरतपुर को बसाने वाले जाट महाराजा सूरजमल द्वारा कराया गया था। इसके अंदर एक राजकीय संग्रहालय भी बना है।

# टी.ई.टी उत्तीर्ण, अनिवार्यता से मुक्त की मांग, शिक्षकों का धरना, ज्ञापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। अखिल भारतीय शिक्षक संघ तथा उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के संयुक्त आवाहन पर जिलाध्यक्ष डॉ. राकेश सिंह के नेतृत्व में गत 1 सितंबर 2025 को

सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिए गए निर्णय सेवारत शिक्षकों के लिए टी.ई.टी.उत्तीर्ण करना अनिवार्य आदेश को मानवीय दृष्टि के आधार पर निरस्त किए जाने की मांग को लेकर मुख्यालय स्थित गन्ना संस्थान में प्रदर्शन कर ज्ञापन सौपा गया।उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के समस्त ब्लॉकों के शिक्षक गन्ना संस्थान निकट सेंट एंथोनी स्कूल बाराबंकी के मैदान में हज़ारों की संख्या में एकत्र हुए और अपनी मांगो के लिये जोरदार प्रदर्शन किया । इस अवसर पर जिलाध्यक्ष डॉ.राकेश सिंह ने कहा कि समस्त सेवारत शिक्षक की नियुक्ति के समय जो मापदण्ड लागू थे वह पूर्ण करने के पश्चात ही प्रत्येक शिक्षक सेवा में है । आज हम सब जिलाधिकारी बाराबंकी जी के माध्यम से अपनी





बात को रखने के लिए माननीय प्रधानमंत्री जी भारत सरकार,माननीय शिक्षा मंत्री जी भारत सरकार,माननीय मुख्यमंत्री जी उ0प्र0 सरकार एवं माननीय बेसिक शिक्षा मंत्री उ0प्र0 सरकार को ज्ञापन सौंपा गया । ज्ञापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ उ0प्र0 के प्रान्तीय अध्यक्ष सुशील कुमार पांडे ने शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम में शिक्षक नियुक्त होने अथवा प्रोन्नति हेतु टी ई टी उत्तीर्ण होना अनिवार्य किया गया था परंतु उससे पहले से नियुक्त शिक्षकों को भी टी ई टी उत्तीर्ण होने से संबंधित कोई आदेश नहीं था ।भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा इस में शिक्षकों को कोई जानकारी नहीं दी गई और सर्वोच्च न्यायालय द्वारा गलत तथ्यों के आधार पर टी ई टी अनिवार्य किये जाने का आदेश जारी कर दिया गया जिससे प्रदेश सहित पूरे भारत के लाखों लाख शिक्षकों की नौकरी खतरे में पड़ गई है। इसलिए ज्ञापन के माध्यम से प्रधानमंत्री जी से सर्वोच्च न्यायालय के आदेश में आवश्यक संशोधन करने हेतु पुनर्विचार किए जाने का अनुरोध किया जा रहा है। ज्ञापन कार्यक्रम में समस्त जनपदीय पदाधिकारीगण और ब्लॉक अध्यक्ष - मंत्री के साथ-साथ हजारों की संख्या में शिक्षकों की उपस्थिति रही ।ज्ञापन कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला मंत्री उमानाथ मिश्र प्रांतीय संगठन मंत्री एवं वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ0 देवेंद्र द्विवेदी जिला कोषाध्यक्ष राजेश श्रीवास्तव जिला उपाध्यक्ष आलोक शुक्ला श्याम किशोर बाजपेई ललित कुमार पांडे ललित वर्मा प्रमोद सिंह जिला संयुक्त मंत्री सुनील त्रिपाठी रवि भदोरिया मोहम्मद आसिम जिला मीडिया प्रभारी जय कुमार ,ललित पांडे,शिवसागर सिंह ,शिवकृष्ण सिंह , अरविंद सिंह हनुमंत अवस्थी धीरेंद्र प्रताप सिंह मनोज मिश्रा दिलीप तिवारी राजेश सिंह विश्वजीत सिंह दिनेश मौर्य परमेंद्र वर्मा प्रवेश कुमार सिंह किरण विश्वकर्मा आदर्श पांडे आशुतोष मिश्रा, पवन मिश्रा आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे ।

# पुलिस सेवा का गौरवशाली पल निरीक्षक अरुण कुमार सिंह डीएसपी पद पर पदोन्नत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी पुलिस परिवार के लिए आज का दिन बेहद गौरव और उत्साह से भरा रहा। अपराध शाखा, जनपद बाराबंकी में नियुक्त निरीक्षक श्री अरुण कुमार सिंह को उनकी उत्कृष्ट सेवा, कर्तव्यनिष्ठा और लगनशील कार्यशैली के लिए पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी ,क्षेत्राधिकारी) पद पर पदोन्नति प्राप्त हुई। इस विशेष अवसर पर पुलिस अधीक्षक बाराबंकी श्री अर्पित विजयवर्गीय ने स्वयं निरीक्षक अरुण कुमार सिंह के कंधे पर सिल्वर स्टार लगाकर उन्हें बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। पदोन्नति समारोह के दौरान पुलिस अधीक्षक ने कहा कि ''श्री अरुण कुमार सिंह ने सदैव कर्तव्यपरायणता, निष्पक्षता और उच्च पुलिसिंग मानकों का परिचय दिया है। उनकी पदोन्नति पूरे जनपद पुलिस के लिए गौरव की बात है।'' इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी श्री रितेश कुमार सिंह तथा क्षेत्राधिकारी फतेहपुर श्री जगतराम कन्नौजिया सहित अन्य अधिकारीगण भी मौजूद रहे। सभी ने श्री अरुण कुमार सिंह को हार्दिक शुभकामनाएँ दीं और उनके उज्ज्वल करियर की कामना की। समारोह के दौरान पुलिसकर्मियों में उत्साह का विशेष माहौल देखने को मिला। यह उपलब्धि न केवल व्यक्तिगत सम्मान है बल्कि बाराबंकी पुलिस की कार्यकुशलता और समर्पण की भी झलक है।

# केंद्र और प्रदेश सरकार की सोच सदैव राष्ट्र हित में : सतीश चंद्र शर्मा

### व्यापारियों का अभिनंदन समारोह, पीएम मोदी को जीएसटी दरों में कटौती के लिए धन्यवाद

कैनविज टाइम्स संवाददाता



दरियाबाद बाराबंकी। टिकैतनगर में रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा देशवासियों को जीएसटी दरों में व्यापक कटौती कर दी गई राहत के लिए विधानसभा दरियाबाद के व्यापारियों ने आभार प्रकट किया। इस अवसर पर नगर पंचायत कार्यालय स्थित पंडित दीनदयाल सभागार में नगर पंचायत अध्यक्ष जगदीश प्रसाद गुप्ता की अध्यक्षता में एक भव्य अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि प्रदेश सरकार में राज्यमंत्री (खाद्य रसद एवं नागरिक आपूर्ति) सतीश चन्द्र शर्मा रहे।अपने संबोधन में राज्यमंत्री सतीश चन्द्र शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश आर्थिक रूप से सशक्त हो रहा है। जीएसटी दरों में कटौती से व्यापारी वर्ग को बड़ी राहत मिली है और उपभोक्ताओं को भी इसका सीधा लाभ प्राप्त होगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार सदैव व्यापारियों और आम जनता के हित में प्रतिबद्ध है। अभिनंदन समारोह के बाद मंत्री सतीश चन्द्र शर्मा ने नगर पंचायत टिकैत नगर के तालाब में तथा ग्राम कोठरीगौरिया की घाघरा नदी में डूबकर मृत हुए व्यक्तियों के परिजनों को मुख्यमंत्री आपदा राहत कोष से चार-चार लाख रुपये की स्वीकृति प्रमाण पत्र प्रदान किए।इस अवसर पर विधानसभा दरियाबाद सहित विभिन्न क्षेत्रों से आए व्यापारियों और गणमान्य नागरिकों की व्यापक उपस्थिति रही, जिन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रति आभार जताया।

# प्रोफ़ेसर भगोड़ा घोषित, धूमिल हो रही है महाविद्यालय की छवि

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रामनगर बाराबंकी। रामनगर पीजी कॉलेज में हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. अखिलेश कुमार वर्मा लंबे समय से डिग्री कॉलेज नहीं आ रहे। लगातार उनकी अनुपस्थिति से शिक्षण कार्य प्रभावित हो रहा है। छात्र-छात्राओं में भारी आक्रोश है। डिग्री कॉलेज प्रबंधन धृतराष्ट्र की भूमिका में है, न्यायालय से भगोड़ा घोषित उक्त शिक्षक का सदाचार सार्वजनिक होते ही छात्र-छात्राओं में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। जानकारी के मुताबिक जनपद हरदोई के माधौगंज थाने में अपहरण से जुड़े मुकदमे में चार्जशीट दाखिल है।और अदालत से उनके खिलाफ जमानती पश्चात गैर-जमानती वारंट जारी हो चुके हैं तथा न्यायालय द्वारा उन्हें भगोड़ा घोषित किया गया है।उनकी अग्रिम जमानत याचिका जिला और उच्च न्यायालय से खारिज हो चुकी है।आरोप है कि आपराधिक मामला छुपाकर उन्होंने ना ही प्रवक्ता पद पर 2010 में नियुक्ति अर्जित की वरन् पदोन्नति भी प्राप्त की।अगस्त 2025 से वे कॉलेज नहीं आ रहे हैं और उनका मोबाइल



आपराधिक छवि प्रोफ़ेसर को बचा रहा है कौन.? बड़ा सवाल

स्विच भी आप बता रहा है।प्राचार्य प्रो. कौशलेंद्र विक्रम मिश्र ने पुष्टि की है कि मामले की शिकायत प्रबंध सचिव एसडीएम गुंजिता अग्रवाल तक पहुंच गई है।इधर कोर्ट द्वारा भगोड़ा घोषित प्रवक्ता की पुलिस सरगर्मी से तलाश कर रही है। इस बीच बहराइच जिले के रिसिया में अध्यापन कार्य कर रामनगर पीजी कालेज में तैनाती पाने के बाद प्रवक्ता डा. अखिलेश कुमार वर्मा ने वर्ष 2010 में खुद पर चल रहे अपराधिक वाद को छिपाते हुए एसोसिएट प्रोफ़ेसर के पद पर पदोन्नति प्राप्त की। इस पूरे घटनाक्रम की शिकायत लिखित पीड़ित राजेन्द्र कुमार ने जिला प्रशासन से लेकर शासन और उच्च शिक्षा विभाग तक की है। वहीं सवाल भी उठाया है कि आपराधिक वाद दर्ज होने के बावजूद उन्हे पदोन्नति किस आधार पर दे दी गई। पुलिस द्वारा संपूर्ण विवेचना के उपरांत केस में डां अखिलेश कुमार वर्मा के विरुद्ध चार्जशीट न्यायालय में दाखिल कर रखी है। इस बीच भनक लगते ही कालेज के प्रवक्ता उक्त लुका छिपी खेल रहे हैं।

महाविद्यालय के प्राचार्य डा. कौशलेन्द्र विक्रम मिश्र से बात की गई तो पता चला कि वर्ष 2007 में अपहरण केस से संबंधित गैरजमानती वारंट एवं तत्थ छुपाकर नौकरी करने के संबंध में एक शिकायती पत्र प्रबंध सचिव / उपजिलाधिकारी गुंजिता अग्रवाल के द्वारा प्राप्त हुआ है, जिसकी जांच चल रही है। उधर, इस संबंध में उपजिलाधिकारी रामनगर व पीजी कालेज की सचिव गुंजिता अग्रवाल ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में है। प्रवक्ता ने अवकाश का प्रार्थना पत्र दे रखा है।

### खुद की नौकरी खतरे में शिक्षक कैसे बनाएंगे दूसरों का भविष्य जब अपना ही नहीं सुरक्षित

पीलीभीत। सुप्रीम कोर्ट ने शिक्षकों के लिए अनिवार्य रूप से टीईटी परीक्षा उत्तीर्ण करने आदेश दिया है। इससे जनपद के परिषदीय विद्यालयों में हजारों शिक्षक ऐसे है। जिन्होंने टीईटी परीक्षा पास नहीं की है। ऐसे में उनकी नौकरी पर संकट के बादल छा गए हैं। उधर, अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार ने बेसिक शिक्षाधिकारियों से टीईटी न करने वाले शिक्षकों की सूची तलब की है।नए आदेश के बाद टीईटी न करने वाले शिक्षक नौकरी को लेकर खासे परेशान हैं। जनपद में हजारों शिक्षक प्राइमरी और जूनियर कंपोजिट स्कूलों में अपनी सेवाएं दे रहे हैं।हाल ही में शिक्षक पात्रता परीक्षा टीईटी की अनिवार्यता को लेकर आए सुप्रीम कोर्ट के फैसले से विभाग सहित शिक्षकों में हड़कंप मचा हुआ है। शिक्षक नेताओं का कहना है कि प्राइमरी की टीईटी में बीपीएड वाले आवेदन नहीं कर सकते हैं। ऐसे में वह कैसे टीईटी करेंगे। जो शिक्षक प्रमोशन या समायोजन के बाद जूनियर स्कूलों में पहुंच गए हैं। वह टीईटी करके नौकरी बचा सकते हैं।2008-09 के 60 हजार,28 हजार की भर्ती के बीएड डिग्री धारक प्राइमरी शिक्षक व जिनकी नियुक्ति 2010 के पूर्व हुई है। वह शिक्षक प्रभावित होंगे।

### आईजीआरएस पोर्टल पर सबसे खराब आख्या पर विद्युत विभाग को कारण बताओ नोटिस जारी

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिलाधिकारी के निर्देश पर बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार मे एकीकृत शिकायत निवारण प्रणाली की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अतिरिक्त उपजिलाधिकारी एवं प्रभारी अधिकारी आईजीआरएस सात्विक श्रीवास्तव ने की। बैठक में विभिन्न विभागों की आख्या की समीक्षा की गई। इस दौरान कई विभागों की आख्या संतोषजनक नहीं पाई गई। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि शिकायतों का निस्तारण केवल समयबद्ध ही नहीं बल्कि गुणवत्तापूर्ण और साक्ष्य सहित पोर्टल पर अपलोड किया जाए, ताकि शिकायतकर्ता को पारदर्शी एवं संतोषजनक समाधान मिल सके। सबसे खराब आख्या विद्युत विभाग की पाई गई जिस पर असंतोष व्यक्त करते हुए विभाग को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। इसके अलावा, तहसील दिवस से संबंधित खराब आख्या को अनुमोदित न करते हुए पुनः जांच कराने के निर्देश दिए गए। विशेष रूप से तहसील गौरीगंज और अमेठी को दोबारा जांच कर वास्तविक स्थिति की रिपोर्ट प्रस्तुत करने के आदेश दिए गए। प्रभारी अधिकारी श्री श्रीवास्तव ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का निस्तारण गुणवत्ता और पारदर्शिता के साथ सुनिश्चित किया जाए। लापरवाही पाए जाने पर संबंधित विभागों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। बैठक में जिला विकास अधिकारी वीर भानु सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी मनोज त्यागी, डीसी मनरेगा शेर बहादुर, ई डिस्ट्रिक्ट मैनेजर अमित विश्वकर्मा सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### सुनगढ़ी में भाकियू का हंगामा, टिकैत पर अभद्र टिप्पणी करने वाले युवक पर कार्रवाई की मांग

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। सोशल मीडिया पर अभद्र टिप्पणी करने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार, पीलीभीत निवासी रिंकू नामक युवक ने भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत को लेकर अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए टिप्पणी की। यह मामला सामने आते ही संगठन के कार्यकर्ताओं में आक्रोश फैल गया। मंगलवार शाम लगभग आठ बजे भाकियू टिकैत गुट के पदाधिकारी और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में कोतवाली सुनगढ़ी पहुंचे।

# 23 को शिव बरात के साथ होगा ऐतिहासिक रामलीला मेले का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर।शिव बरात के साथ मंगलवार से शुरू हो रहे रामलीला मेले को लेकर तहसील सभागार में बैठक हुई इसमें मेले से जुड़े लोगों सहित प्रमुख लोगों ने मेले को सफल को बनाने के लिए सुझाव दिए ऐतिहासिक रामलीला मेला के शुभारंभ से पहले मंगलवार को भव्य शिव बरात निकाली जायेगी बरात में आकर्षक झांकिया होगी जो नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए तहसील में आकर शिव बरात समाप्त होगी तहसील परिसर से ही शिव बारात निकाली जायेगी इससे पहले देव स्वरूपों की ठाकुरद्वारा मंदिर में पूजा होगी इसके बाद उन्हें तहसील लाया जायेगा बरात में सबसे आगे देवस्वरूप चलेगे उसके पीछे भगवान शिव, राम लक्ष्मण, माता सीता, हनुमान, चंद्रमा पर बैठे भगवान कृष्ण, भूत पिचाश आदि की झांकियां

शामिल होगी यह यात्रा तहसील से शुरू होकर ब्लाक चौराहा होते हुए स्टेशन रोड माधोटांडा रोड से पुरानी स्टेट बैंक रोड होते हुए मेन मार्किट,पकड़िया चौराहा से होते हुए तहसील में समाप्त होगी रामलीला मेले का आयोजन उप जिलाधिकारी/मेला आयोजक के निर्देशन में तहसीलदार/मेला कन्ट्रोलर के तत्वाधान में दिनांक 23.09.2025 से दिनांक 28.10.2025 तक किया जायेगा,19.10.2025 को रावण पुतला दहन के साथ नगर में राजगद्दी निकाली जायेगी व दिनांक 24.10.2025 से दिनांक 28.10.2025 तक मथुरा, वृन्दावन के कलाकारों द्वारा रासलीला का मंचन किया जायेगा दिनांक 28.10.2025 को मेला का समापन किया जायेगा। इच्छुक व्यक्ति अपनी दुकानें एवं खेल, तमाशा, झूला आदि लगाने हेतु समस्त सुविधाओं आदि का उल्लेख करते हुये अपना लिखित आवेदन विस्तृत विवरण/अनुभव आदि के साथ दिनांक 14.09.2025 तक किसी भी कार्य दिवस में तहसीलदार पूरनपुर के समक्ष उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। आवेदन पत्र तहसील कार्यालय से निःशुल्क प्राप्त किया जा सकता है नीलामी अम्बेडकर सभागार तहसील पूरनपुर में दिनांक 15.09.2025 को प्रातः 10 बजे आयोजित होगी।

### कार ट्रैक्टर में भिड़ंत, बाल बाल बचे कार सवार



मसौली बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। बुधवार की दोपहर थाना क्षेत्र के सहाबपुर टोल प्लाजा के निकट हुई मार्ग दुर्घटना मे ट्रैक्टर ट्राली पलट जाने से कार सवार बाल बाल बच गये। दुर्घटना के बाद ट्रैक्टर चालक फरार हो गया । बताते चले कि बुधवार की दोपहर बाराबंकी की ओर से सरिया लेकर आ रहा एक ट्रैक्टर ट्राली असुंतलित होकर ट्रैक्टर ट्राली पलट गया तभी सामने से परसपुर गोंडा से लखनऊ जा रहे जगदम्बिका प्रसाद मिश्रा की गाडी नम्बर यूपी 32 एक्स के 1526 ट्रैक्टर ट्राली के नीचे आ गयी गनीमत रही दुर्घटना मे कोई घायल नही हुआ। दुर्घटना के बाद हाइवे पर जाम लग गया मौक़ेपर पहुंची पुलिस ने जाम को हटवाकर यातायात सुचार कराया।

### मुख्यालय रवाना हुए भाकियू पदाधिकारी फूले हाथ पांव

सिद्धौर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। जन समस्याओं का निस्तारण न कराए जाने से नाराज भाकियू श्रमिक जनशक्ति के पदाधिकारी कार्य कर्ताओं का गुस्सा बुधवार को उभर कर सामने आया। भाकियू के युवा मंडल अध्यक्ष शिवकुमार के नेतृत्व में सिद्धौर ब्लाक परिसर में बुधवार को एकत्र हुए भाकियू नेता मनोज कुमार, शिवाकांत शुक्ल,भागीरथ, पिंकी गौतम, आरती रावत, राजरानी ,समेत तमाम पदाधिकारी कार्यकर्ताओं ने ब्लाक के जिम्मेदार अधिकारी,कर्मचारियों पर जन समस्याओं की अनदेखी करने का आरोप लगाया । कहा कि जनसमस्याओं का निस्तारण कराने के प्रति जरा भी रुचि नहीं ली जा रही है। वर्ना यहां आने कि जरुरत न पड़ती। क्यों कि समस्याओं का निस्तारण कराए जाने के संबंध में दो बार खंड विकास अधिकारी को ज्ञापन दिया गया।लेकिन आज तक एक भी समस्या का निस्तारण नहीं हुआ। जिससे समस्याएं ज्यों का त्यों बरकरार है।इस लिए यदि हम लोगों कि मांग का निस्तारण न कराया गया। तो समस्याओं के निस्तारण के लिए जिला मुख्यालय कूच करेंगे।हला कि भाकियू पदाधिकारी कार्यकर्ताओं कि मांग पर एडीओ कोऑपरेटिव चंद्रिका प्रसाद,एडीओ आईएसबी राधेश्याम वार्ता करने पहुंचे।पर बात न बनने पर युवा मंडल अध्यक्ष शिवकुमार के नेतृत्व में जिला मुख्यालय को रवाना हुए भाकियू के पदाधिकारी कार्यकर्ताओं से बताते हैं कि रास्ते में असंद्रा जैदपुर बाडर पर एडीओ कोऑपरेटिव ने भेंट कर एक सप्ताह में समस्याओं का निस्तारण कराए जाने का आश्वासन दिया।तब भाकियू पदाधिकारी कार्यकर्ता माने।

### जिलाधिकारी का निर्देश भ्रष्टाचार की जांच करने पहुंच टीम

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। सिरौलीगौसपुर ग्राम पंचायत में विकास कार्यों की शिकायत के बाद जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी के निर्देश पर जांच टीम ने निरीक्षण किया। यह शिकायत तहसील के समाधान दिवस में की गई थी।बुधवार को जिला पंचायत राज अधिकारी नितेश भोंडेले के नेतृत्व में टीम सुबह 11 बजे पंचायत भवन पहुंची। टीम में सहायक विकास अधिकारी पंचायत शम्भूनाथ पाठक, जिला सलाहकार हर्षित मिश्रा और सचिव ज्योति चौहान मनोज मिश्रा शामिल थे।टीम ने पिछले दो वर्षों के विकास कार्यों से जुड़ी पत्रावलियों की जांच की। इसके बाद पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय और अन्य विकास कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया गया। यह निरीक्षण ग्राम प्रधान मैकूलाल और ग्रामवासियों की उपस्थिति में किया गया।सहायक विकास अधिकारी पंचायत शंभूनाथ पाठक ने बताया कि जिलाधिकारी द्वारा गठित टीम ने सभी विकास कार्यों और संबंधित दस्तावेजों की विस्तृत जांच की है।

### झटका के करंट से महिला की मौत

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र में बुधवार को दुर्गापुर नौबस्ता के पथरापुर गांव के पास खेत सिचाई कर रही महिला की झटका मशीन के तार की चपेट में आकर मौत हो गई।पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना क्षेत्र के दुर्गापुर नौबस्ता के पथरापुर बगिया निवासी गया प्रसाद की पत्नी शुशीला देवी (55)करीब 11 बजे घर के समीप स्थित खेत मे धान की फसल सिचाई कर रही थी इस दौरान रामप्रसाद के खेत मे मवेशियों से फसल बचाने के लिए खेत के चारो ओर लगाए गए झटका मशीन के तारो की चपेट में आ गई तार में पहले से करंट उतर रहा था।आरोप है कि तार को बिजली से जोड़ रखा था करंट से बुरी तरह झुलसी सुशीला को परिजन तत्काल इलाज हेतु सीएचसी सूरतगंज ले गए वहा डॉक्टर रिजवान शेख ने मृत घोषित कर दिया।सूचना पर पहुची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# माता–पिता की सेवा ही सर्वोच्च पूजा : स्वतंत्र देव सिंह

### संत निष्ठा साहेब के जन्मोत्सव पर जल शक्ति मंत्री ने दी सीख

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मसौली बाराबंकी। संसार में सबसे बड़ी पूजा माता-पिता की सेवा है। इसलिए ईश्वर के इस उपहार को अस्वीकार नहीं करना चाहिए। मर्यादा के विपरीत आचरण करने वालों से दूरी बना लेनी चाहिए। जिस घर में माता-पिता का अपमान होता है, वहां सच्चा प्रेम कभी नहीं मिलता। यह विचार प्रदेश सरकार के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने ग्राम पंचायत मुंजापुर स्थित संत कबीर अध्यात्म संस्थान में संत निष्ठा साहेब के जन्मोत्सव अवसर पर व्यक्त किए। मंत्री ने कहा कि किसी भी गरीब को कष्ट नहीं देना चाहिए। दो भाइयों के बीच झगड़ा केवल आपसी नुकसान का कारण बनता है। यही संत वाणी का सार है। इस मौके पर उन्होंने आश्रम में नवनिर्मित सद्गुरु रघुबर भंडार कक्ष का उद्घाटन किया और ल्लएक पेड़ मां के नामङ्क अभियान के तहत पौधरोपण कर संत निष्ठा साहेब का आशीर्वाद प्राप्त किया। स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि गुरु का शरीर भले अदृश्य हो जाए, पर उनकी शिक्षाएं जीवन जीने की दिशा दिखाती हैं। देश के दो बड़े नेतृत्वकर्ता नरेंद्र मोदी और योगी आदित्यनाथ को छोड़ना नहीं चाहिए। सरकारें भूख मिटाने, शुद्ध पानी उपलब्ध कराने और विकास की राह पर काम कर रही हैं। अपर मुख्य सचिव वेंकटेश्वर लू ने कहा कि शरीर की शुद्धि के लिए योग आवश्यक है, जबकि मन की शुद्धि के लिए यज्ञ करना जरूरी है। योग और यज्ञ से जीवन धन्य हो जाता है। माया के मोह से बचकर ही मुक्ति की प्राप्ति संभव है। संत निष्ठा साहेब ने आशीर्वचन देते हुए कहा कि गृहस्थ जीवन की जिम्मेदारियों के साथ थोड़ा समय परमात्मा के लिए निकालना चाहिए। इससे बच्चों में अच्छे संस्कार और शिक्षा का विकास होगा। उन्होंने कहा कि साधु, वृद्ध या मां से मिलें तो उनसे सीख लें, लेकिन धन न दें। जीवन में जन्म और मृत्यु के बीच कई बाधाएं आती हैं। उनसे पार पाने के लिए त्याग की शक्ति आवश्यक है। उन्होंने कहा कि धन का जीवन में कोई महत्व नहीं होता। सच्चा बनने के लिए बच्चों के साथ समय बिताएं और उनसे सीखें। यही बच्चे आगे चलकर अधिकारी, नेता और समाजसेवी बनकर देश की सेवा करेंगे। कार्यक्रम के समापन पर भव्य भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें महिलाओं, पुरुषों और बच्चों ने प्रसाद स्वरूप पुड़ी, सब्जी और मिष्ठान ग्रहण किया।इस मौके पर संत निष्ठा साहेब सेवा ट्रस्ट अध्यक्ष महंत आलोकदास ने आभार व्यक्त किया। मंच संचालन संत प्रांजल दास ने किया। कार्यक्रम में भाजपा एमएलसी अंगद सिंह, पूर्व विधायक शरद अवस्थी, जिला अध्यक्ष अरविंद कुमार मौर्य सहित कई जनप्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। वहीं बीडीओ संदीप श्रीवास्तव, एडीओ पंचायत जानकीराम, सहायक अभियंता लघु सिंचाई राकेश कुमार सिंह, अवर अभियंता मेराज अहमद, अरुण कुमार व्यास, योगेश श्रीवास्तव, बीटी संतोष कुमार, प्रमोद कुमार, सीओ गरिमा पंत, थाना प्रभारी अमित प्रताप सिंह पुलिस बल सहित मौजूद रहे।

### प्राथमिक स्वास्थ केन्द्र को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बनाए जाने का किया अनुरोध

सुलतानपुर। गोरखपुर- फैजाबाद स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के एमएलसी देवेन्द्र प्रताप सिंह ने डिप्टी सीएम बृजेश पाठक से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनाए जाने की मांग किया है। जिस पर उपमुख्यमंत्री ने प्रमुख सचिव स्वास्थ्य को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश निर्गत किए हैं। एमएलसी के इस पहल की क्षेत्रीय लोगों ने सराहना की है। गौरतलब हो कि क्षेत्र भ्रमण के दौरान अजय प्रताप सिंह पिंटू ने एमएलसी देवेन्द्र प्रताप सिंह को अवगत कराया की लंभुआ तहसील अंतर्गत गारवपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की स्थिति अत्यंत दयनीय है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गारवपुर से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लंभुआ की दूरी लगभग 20 किलोमीटर होने के कारण आमजन को इलाज के लिए दर दर भटकना पड़ता है। गारवपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की बिल्डिंग अत्यन्त जर्जर होने के कारण यहां पर कोई चिकित्सक निवास नहीं करता है।जिससे क्षेत्र के लोगों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

## हांगकांग ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट से पीवी सिंधु बाहर, प्रणय और लक्ष्य सेन आगे बढ़े

एजेंसी

हांगकांग। हांगकांग ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारत की दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु का सफर बुधवार को समाप्त हो गया। सिंधु को डेनमार्क की गैर वरियता प्राप्त खिलाड़ी लाइन क्रिस्टोफर्सन से तीन गेमों की कड़ी भिड़ंत में 15-21, 21-16, 21-19 से हार झेलनी पड़ी। करीब एक घंटे चले मुकाबले में क्रिस्टोफर्सन के खिलाफ सिंधु की यह पहली हार है। पहले गेम में सिंधु ने दमदार शुरुआत करते हुए बढ़त बनाई और 21-15 से जीत हासिल की, लेकिन दूसरे गेम में वह 13-12 की बढ़त के बावजूद लगातार पांच अंक गंवाकर पिछड़ गईं। निर्णायक गेम रोमांचक रहा और स्कोर 19-19 की बराबरी पर पहुंचा। यहां डेनमार्क की खिलाड़ी ने दबाव संभालते हुए लगातार दो अंक



जीतकर सिंधु को टूर्नामेंट से बाहर कर दिया।

दूसरी ओर, भारत के पुरुष शटलरों ने शानदार प्रदर्शन किया। एच.एस.प्रणय ने विश्व नंबर-14 चीन के लु गुआंग जू को 21-17, 21-14 से हराकर प्री-क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। वहीं, पूर्व विश्व चैम्पियनशिप पदक विजेता लक्ष्य सेन ने कड़े संघर्ष में 22-20, 16-21, 21-15 से जीत दर्ज की। किरण जॉर्ज ने सिंगापुर के उच्च वरीयता प्राप्त खिलाड़ी जेसन टेह को 21-16, 21-11 से पराजित कर अगला दौर पक्का किया। डबल्स मुकाबलों में भारतीय बहनों रुतापर्णा और स्वेतापर्णा पांडा की जोड़ी को 17-21, 9-21 से हार मिली। वहीं मिक्स्ड डबल्स में ध्रुव कपिल और तनीषा क्रास्टो भी चीनी ताइपे की जोड़ी के हाथों सीधे गेमों में हार गए। आयुष शेट्टी अपने पहले दौर के मुकाबले में बाद में उतरेंगे, जबकि मंगलवार को शीर्ष वरीयता प्राप्त पुरुष डबल्स जोड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने विजयी आगाज़ किया था।

## फीफा वर्ल्ड कप 2026 क्वालिफायर्स : रोनाल्डो ने की सर्वाधिक गोल के रिकॉर्ड की बराबरी, हंगरी को हराकर पुर्तगाल शीर्ष पर

एजेंसी

बुडापेस्ट ।पुर्तगाल ने फीफा वर्ल्ड कप 2026 क्वालिफायर्स में मंगलवार रात रोमांचक मुकाबले में हंगरी को 3-2 से हराकर अंक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया। मैनचेस्टर सिटी के जोआओ कैंसिलो ने बॉक्स के किनारे से शानदार गोल दागते हुए विजयी गोल किया। वहीं, स्टार स्ट्राइकर क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने भी गोल कर विश्व कप क्वालिफाइंग में सर्वाधिक गोल करने का संयुक्त रिकॉर्ड अपने नाम किया। रोबर्टो मार्टिनेज की टीम ने शुरुआती दो मुकाबलों में लगातार जीत दर्ज की है। इससे पहले उसने आर्मेनिया को 5-0 से हराया था। पुर्तगाल अब ग्रुप एफ में छह अंकों के साथ शीर्ष पर है, जबकि आर्मेनिया तीन अंकों के साथ दूसरे स्थान पर है। हालांकि मुकाबले की शुरुआत हंगरी के पक्ष में रही। फरेंकवारोस क्लब के स्ट्राइकर बारनाबास वार्गा ने जोल्ट नागी के क्रॉस पर हेडर लगाकर गोल किया और मेजबान टीम को बढ़त दिलाई। पहले हाफ में हंगरी के गोलकीपर



बालाज तोथ ने रोनाल्डो की नजदीकी दूरी से लगाई शॉट को शानदार तरीके से रोक दिया। लेकिन छह मिनट बाद मैनचेस्टर सिटी के मिडफील्डर बर्नार्डो सिल्वा ने मौका पाकर गोल दाग दिया और स्कोर 1-1 कर दिया।

दूसरे हाफ में 58वें मिनट में रोनाल्डो ने पेनाल्टी पर गोल कर पुर्तगाल को 2-1 से आगे कर दिया। यह गोल उनके विश्व कप क्वालिफाइंग करियर का 39वां गोल था, जिससे वह ग्वाटेमाला के पूर्व स्टार कार्लोस रूइज के रिकॉर्ड की बराबरी पर पहुंच गए।

84वें मिनट में वार्गा ने एक और हेडर लगाकर हंगरी को बराबरी पर ला दिया। लेकिन सिर्फ दो मिनट बाद पुर्तगाल ने गेंद छीनकर तेजी से हमला किया और कैंसिलो ने निर्णायक गोल दागकर टीम को 3-2 से जीत दिला दी। हंगरी 1986 के बाद से विश्व कप में क्वालिफाई नहीं कर पाया है और पुर्तगाल के खिलाफ अब तक एक भी जीत दर्ज नहीं कर सका है।

### एशिया कप 2025 का आगाज, अफगानिस्तान ने हांगकांग को 94 रन से हराया

अबू धाबी। एशिया कप 2025 का आगाज धमाकेदार अंदाज में हुआ है, जब अफगानिस्तान ने उद्घाटन मुकाबले में हांगकांग को 94 रन से रौंद डाला। यह जीत टी20 एशिया कप के इतिहास में रन के अंतर से सबसे बड़ी जीत साबित हुई। अफगानिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 188 रन बनाए। टीम के सलामी बल्लेबाज सदीकुल्लाह अटल ने 73 रनों की शानदार पारी खेली। वहीं ऑलराउंडर अजमतुल्लाह उमरजई ने मात्र 20 गेंदों में अर्धशतक जड़कर नया इतिहास रच दिया। अजमतुल्लाह ने 53 रन की पारी खएली। मोहम्मद नबी ने 33 रन का योगदान दिया। यह अफगानिस्तान की ओर से टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट का सबसे तेज अर्धशतक रहा। जवाब में हांगकांग की पूरी टीम अफगान गेंदबाजों के सामने बेबस नजर आई और 94 रन ही बना सकी।

## नितिन कुमार ने कहा- अब आत्मविश्वास के साथ होम ग्राउंड की ओर बढ़ेगी उनकी टीम

एजेंसी

विशाखापट्टनम। जयपुर पिंक पैंथर्स के स्टार रेडर नितिन कुमार ने मंगलवार को गुजरात जायंट्स पर मिली जीत के बाद कहा कि उनकी टीम अब आत्मविश्वास के साथ होम ग्राउंड की ओर बढ़ेगी। जयपुर पिंक पैंथर्स ने मंगलवार को गुजरात जायंट्स को रोमांचक टाई-ब्रेकर गोल्डन रेड में मात देकर सीजन की दूसरी जीत दर्ज की। निर्णायक क्षण में 15 अंक बटोरने वाले नितिन ने दबाव की घड़ी में संयम और तैयारी पर भरोसे को सफलता की कुंजी बताया। दो जीत और दो हार के साथ पिंक पैंथर्स अब घरेलू मैदान का फायदा उठाकर सीजन के बाकी हिस्से के लिए मजबूत शुरुआत करने की कोशिश करेंगे। नितिन ने बुधवार को एक आधिकारिक बयान में



कहा कि कोच ने मुझे खुलकर खेलने और अपना सर्वश्रेष्ठ देने को कहा था। मैंने बस उसी पर ध्यान दिया और वही हमारे लिए निर्णायक साबित हुआ। होम लेग को लेकर नितिन ने कहा कि टीम का मकसद जीत की इस लय को जयपुर में भी दोहराना है। उन्होंने कहा कि ऐसे करीबी मैच में जीत हमें आत्मविश्वास देती है। अब हम जयपुर लौट रहे हैं और अपने फैन्स के सामने खेलना हमें और ज्यादा जोश देगा। टीम के हेड कोच नरेंद्र रेड्डू ने खिलाड़ियों के अनुशासन और रणनीतिक खेल की तारीफ की। उन्होंने खासतौर पर विरोधी कप्तान मोहम्मदरेज़ा शाडलुई को रोकने की योजना को जीत का अहम कारण बताया। उन्होंने कहा कि हमारी रणनीति साफ थी और लड़कों ने उस पर अमल किया। नितिन ने बेहतरीन प्रदर्शन किया और यही हमें इस कड़े मुकाबले में बढ़त दिला गया। उन्होंने युवा खिलाड़ियों के योगदान को सराहना करते हुए कहा कि कई खिलाड़ी अभी भी लीग की रफ्तार के साथ तालमेल बैठा रहे हैं, लेकिन उनका समर्पण और मेहनत शानदार रही है। हर मैच में उन्होंने लड़ाई दिखाई है और यह आगे के लिए उत्साहजनक है। कोच रेड्डू ने भी फैन्स के समर्थन को टीम की ताकत करार दिया। उन्होंने कहा कि यह जीत हमें जयपुर लेग के लिए सही स्थिति में लेकर जाती है। हमारे समर्थकों की ऊर्जा बेहद महत्वपूर्ण होगी और हम उन्हें गर्व महसूस कराने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### छत्तीसगढ के युवराज सिंह यूथ विश्व म्यू थाई चैंपियनशिप में भारत का करेंगे प्रतिनिधित्व

जगदलपुर ।अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक संघ से मान्यता प्राप्त एवं भारत मे मान्यता प्राप्त संस्था यूनाइटेड म्यू थाई एसोसिएशन इण्डिया के तत्वावधान में भारतीय म्यू थाई दल अबू धाबी में आयोजित यूथ विश्व म्यू थाई चैम्पियंसशिप में भाग लेने आज बुधवार को वायुयान द्वारा हैदराबाद से अबू धाबी के लिए रवाना हो गया है। छत्तीसगढ़ के बस्तर अंचल से जगदलपुर निवासी 17 वर्षीय युवराज सिंह राजपूत म्यू थाई चैंपियन में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे ।युवराज छत्तीसगढ़ राज्य से एकमात्र चयनित खिलाड़ी हैं जो इस विश्व चैंपियनशिप में भाग लेंगे ।युवराज के पिता राजेन्द्र सिंह राजपूत भी अपने पुत्र के साथ भारतीय म्यू थाई दल के साथ भारतीय म्यू थाई दल के सहायक अधिकारी के रूप में अबू धाबी (यूएई) जा रहे हैं, चूंकि युवराज नाबालिग है अतः पिता को युवराज के साथ जाने की अनुमति दी गई है। 24 सदस्यीय भारतीय म्यू थाई दल में 18 खिलाड़ी, 1 कोच, 2 निर्णायक, 2 ऑफिसियल और 1 नेशनल फ़ेडरेशन ऑफिसियल शामिल हैं। भारतीय म्यूथाई दल में शामिल 18 खिलाड़ियों में राजस्थान से 4, मेघालय से 4, महाराष्ट्र से 2, केरल से 2, पश्चिम बंगाल से 2, छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, असम और हरियाणा से 1 - 1 खिलाड़ी शामिल हैं। नेशनल फ़ेडरेशन ऑफिसियल के रूप में भारतीय म्यू थाई दल फ़ेडरेशन यूएमएआई के महासचिव श्रीराम चौधरी के नेतृत्व में भारतीय म्यूथाई दल अबूधाबी जा रहा है। छग. राज्य म्यू थाई संघ के समस्त पदाधिकारियों एवं खिलाड़ियों को आशा ही नहीं वरन विश्वास है, कि युवराज सिंह इस अंतरराष्ट्रीय आयोजन में भारत के लिए बेहतरीन प्रदर्शन कर आगामी अक्टूबर माह में ओसीए द्वारा आयोजित एशियन यूथ गेम्स बहरीन में भाग लेने वाले भारतीय म्यूथाई दल में चयनित होकर बस्तर अंचल और छग. को अंतरराष्ट्रीय खेल जगत में प्रतिस्थापित करेगा। युवराज सिंह के चयन पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव , राज्य म्यूथाई के पदाधिकारियों, कोच सहित खेल प्रेमियों ने अच्छे प्रदर्शन हेतु शुभकामनाएं दी है।

### राज्य स्तरीय वृशु कप चैम्पियनशिप में मुरादाबाद के तीन खिलाड़ियों ने गोल्ड और एक ने जीता सिल्वर

मुरादाबाद ।सहारनपुर के डॉ. भीमराव आम्बेडकर स्पोर्ट्स स्टेडियम में हुई राज्य स्तरीय वृशु कप-2025 चैम्पियनशिप में मुरादाबाद के तीन खिलाड़ियों ने गोल्ड और एक खिलाड़ी ने सिल्वर पदक जीता है। क्रीड़ाधिकारी सुनील कुमार ने बुधवार को बताया कि प्रतियोगिता में कुनाल सिंह ने 95 किग्रा, अभय कुमार ने 48 किग्रा और कुंवर सुश्रुत गौतम ने 95 किग्रा भारवर्ग में गोल्ड मेडल जीता है। जबकि आशय वर्मा ने 75 किग्रा भारवर्ग में रजत पदक अपने नाम किया है। पदक विजेता सभी खिलाड़ियों को आज नेता जी सुभाष चन्द्र बोस सोनकपुर स्पोर्ट्स स्टेडियम में पहुंचने पर उत्तर प्रदेश ओलम्पिक संघ के संयुक्त सचिव डॉ. अजय पाठक और क्रीड़ाधिकारी सुनील कुमार ने सम्मानित किया है।

### विश्व चैंपियनशिप में भारतीय रिकर्व तीरंदाजों का निराशाजनक प्रदर्शन

ग्वांगझू। भारतीय पुरुष रिकर्व तीरंदाजों का बुधवार को विश्व तीरंदाजी चैंपियनशिप में प्रदर्शन निराशाजनक रहा। सभी तीनों खिलाड़ी व्यक्तिगत मुकाबलों में हारकर पदक दौर में जगह बनाने में नाकाम रहे।

डेब्यू करने वाले राहुल ने सबसे बेहतर खेल दिखाया और तीसरे राउंड (टॉप-32) तक पहुंचे। हालांकि, वह जॉर्जिया के एलेक्ज़ांद्रे मचावारियानी से शूट-ऑफ में 5-6 (8-10) से हार गए। 21 वर्षीय राहुल 5-3 की मजबूत बढ़त पर थे, लेकिन अंतिम दो सेटों में चूक गए। शुरुआती सेट 28-28 की बराबरी पर छूटा। इसके बाद राहुल ने दूसरा सेट परफ़ेक्ट 30 के साथ जीता और तीसरा 28-27 से अपने नाम किया। चौथे सेट में 8 अंक की चूक ने उन्हें पीछे धकेल दिया, जहां मचावारियानी ने तीनों 10 मारकर मुकाबले में वापसी की। निर्णायक सेट 27-28 से हारने के बाद राहुल शूट-ऑफ में केवल 8 अंक ही ला पाए, जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी ने परफ़ेक्ट 10 मारकर जीत दर्ज की। भारत के सबसे अनुभवी और ओलंपियन धीरज बोम्मदेवरा का सामना पहले ही राउंड में पूर्व ओलंपिक चैंपियन मेटे गाज़ोज़ से हुआ। धीरज ने पहला सेट 29-29 से बराबरी पर छोड़ा, लेकिन इसके बाद 2-6 से हार गए।

## फिडे ग्रैंड स्विस 2025: गुकेश को मिली दूसरी हार , एरिगैसी की उम्मीदें बरकरार

एजेंसी

समरकंद। विश्व चैंपियन डी. गुकेश को फिडे ग्रैंड स्विस शतरंज टूर्नामेंट में लगातार दूसरी हार का सामना करना पड़ा। छठे दौर में उन्हें ग्रीस के निकोलस थियोडोरू ने मात दी। पिछले दौर में अमेरिका के सबसे कम उम्र के ग्रैंडमास्टर अभिमन्यु मिश्रा से हारने के बाद गुकेश एक बार फिर ड्रॉ की स्थिति से जीत की कोशिश में उलझ गए और गलती का खामियाजा भुगतना पड़ा। शीर्ष तालिका पर ईरान के परहम मघसूदलू ने बढ़त बनाए रखी है। हालांकि, भारत के अर्जुन एरिगैसी ने काले मोहरों से शानदार खेल दिखाते हुए मघसूदलू को रोक लिया और अब केवल आधे अंक पीछे (4.5 अंक) रहते हुए खिताबी दौड़ में मजबूती से टिके हुए हैं।

एरिगैसी के साथ ही अभिमन्यु मिश्रा (अमेरिका), जर्मनी के मैथियास ब्लूबाम और भारत के निहाल सरीन भी 4.5 अंकों के साथ संयुक्त दूसरे स्थान पर हैं। इस बीच, शीर्ष वरीयता प्राप्त आर. प्रज्ञानानंद को अज़रबैजान के रऊफ मामेदोव के खिलाफ कड़ा संघर्ष करने के बावजूद ड्रॉ से संतोष करना पड़ा। वहीं, उनकी बहन आर. वैशाली ने अज़रबैजान की उल्विया फातालिएवा को हराकर महिला वर्ग में संयुक्त बढ़त कायम रखी। वैशाली के साथ फिडे प्रतिनिधि कतेरीना लाग्नो भी शीर्ष पर बनी हुई हैं। वैशाली ने काले मोहरों से बेहतरीन आक्रामक खेल दिखाया और अतिरिक्त प्यादे के सहारे हाथी और प्यादों के एंडगेम में जीत दर्ज की। गुकेश अब 50 प्रतिशत स्कोर पर हैं और टूर्नामेंट में टिके रहने के लिए उन्हें बचे हुए पांच में से कम से कम चार मैच जीतने होंगे। प्रज्ञानानंद जीत से चूक गए, लेकिन निहाल सरीन ने पोलैंड के सिमोन गुमुलाज़्र की गलती का फायदा उठाते हुए अंक तालिका में छलांग लगाई। बुधवार को खिलाड़ियों को विश्राम मिलेगा और गुरुवार से पुरुष एवं महिला वर्ग में 8.55 लाख अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि और 2026 कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में जगह बनाने की जंग फिर से शुरू होगी।

## डॉलर की तुलना में रुपये में मामूली तेजी, यूरो और ब्रिटिश पौंड की तुलना में रहा शानदार प्रदर्शन

एजेंसी

नई दिल्ली । विदेशी संस्थागत निवेशकों के घरेलू शेयर बाजार में फ्रेश इनवेस्टमेंट करने और अमेरिका के साथ ट्रेड डील होने की उम्मीद में रुपये ने बुधवार को एक बार फिर मजबूती दिखाई। आज के कारोबार में रुपये ने डॉलर के मुकाबले मामूली तेजी हासिल की, लेकिन दूसरी प्रमुख अंतरराष्ट्रीय मुद्राओं की तुलना में रुपये का शानदार प्रदर्शन रहा। भारतीय मुद्रा आज सिर्फ 2 पैसे उछल कर 88.10 रुपये (अनंतिम) के स्तर पर बंद हुई। इसके पहले पिछले कारोबारी दिन मंगलवार को भारतीय मुद्रा 88.12 रुपये प्रति डॉलर के स्तर पर बंद हुई थी। रुपये ने आज के कारोबार की शुरुआत मामूली कमजोरी के साथ की थी। इंटरबैंक फॉरेन एक्सचेंज मार्केट में भारतीय मुद्रा ने आज सुबह डॉलर के मुकाबले सिर्फ1 पैसे की गिरावट के साथ 88.13 रुपये के स्तर से कारोबार की शुरुआत की थी। आज का कारोबार शुरू होने के बाद



रुपया फिसल कर 88.19 के स्तर तक पहुंचा। इसके बाद रुपये को विदेशी संस्थागत निवेशकों की स्टॉक मार्केट में की गई खरीदारी से सहारा मिलने लगा। स्टॉक मार्केट में हो रही इस खरीदारी के कारण मुद्रा बाजार में डॉलर की आवक बढ़ गई, जिससे रुपया भी निचले स्तर से 13 पैसे की रिकवरी करके 6 पैसे की मजबूती के साथ 88.06 के स्तर तक आ गया। पूरे दिन के कारोबार के बाद डॉलर की तुलना में रुपये ने 2 पैसे की उछाल के साथ 88.10 के स्तर पर आज के कारोबार का अंत किया। मुद्रा बाजार के आज के कारोबार में रुपये ने डॉलर की तुलना में तो मामूली मजबूती दिखाई, लेकिन ज्यादातर दूसरी प्रमुख अंतरराष्ट्रीय मुद्राओं के मुकाबले भारतीय मुद्रा ने शानदार मजबूती दिखाई। आज के कारोबार के बाद ब्रिटिश पौंड (जीबीपी) की तुलना में रुपया 41.52 पैसे की तेजी के साथ 119.30 (अनंतिम) के स्तर पर पहुंच गया। इसी तरह यूरो की तुलना में रुपया आज 49.19 पैसे की उछाल के साथ 103.19 (अनंतिम) के स्तर तक पहुंच गया।

## लगातार तीसरे दिन मजबूती के साथ बंद हुआ शेयर बाजार निवेशकों को 1 दिन में 2.65 लाख करोड़ का मुनाफा

एजेंसी

नई दिल्ली । मजबूत ग्लोबल संकेतों और अमेरिका के साथ ट्रेड डील को लेकर बढ़ी उम्मीद की वजह से घरेलू शेयर बाजार में आज उत्साह का माहौल बना रहा। आज के कारोबार के दौरान दिन के पहले सत्र में लगातार खरीदारी होती रही। हालांकि दूसरे सत्र में मुनाफा वसूली शुरू हो जाने के कारण सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों की चाल में गिरावट भी आई। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.40 प्रतिशत और निफ्टी 0.42 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए। आज दिनभर के कारोबार के दौरान आईटी सेक्टर में लगातार दूसरे दिन जमकर खरीदारी होती रही। इसके साथ ही बैंकिंग, पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज और रियल्टी सेक्टर के शेयरों में भी लगातार खरीदारी होती रही। इसके अलावा एफएमसीजी, फार्मास्यूटिकल, एनर्जी,



कैपिटल गुड्स, मेटल, ऑयल एंड गैस और टेक इंडेक्स भी मजबूती के साथ बंद हुए। दूसरी ओर, ऑटोमोबाइल और कंज्यूमर ड्यूरेबल सेक्टर के शेयरों में लगातार बिकवाली का दबाव बना रहा। ब्रॉडर मार्केट में भी आज लगातार खरीदारी होती रही, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.84 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.72 प्रतिशत की तेजी के साथ आज के कारोबार का अंत किया। आज शेयर बाजार में आई मजबूती के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में ढाई लाख करोड़ रुपये से अधिक की बढ़ोतरी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़ कर 456.49 लाख करोड़ रुपये (अनंतिम) हो गया। जबकि पिछले कारोबारी दिन यानी मंगलवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 453.84 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 2.65 लाख करोड़ रुपये का फायदा हो गया। आज दिनभर के कारोबार में बीएसई में 4,282 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 2,409 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 1,717 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 156 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 2,779 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 1,655 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 1,124 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 17 शेयर बढ़त के साथ और 13 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 35 शेयर हरे निशान में और 15 शेयर लाल निशान में बंद हुए।छ बीएसई का सेंसेक्स आज 403.04 अंक की तेजी के साथ 81,504.36 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरुआत होने के कुछ देर बाद ही खरीदारों ने लिवाली का जोर बना दिया, जिसके कारण 11 बजे के करीब ये सूचकांक 542.56 अंक की मजबूती के साथ 81,643.88 अंक तक पहुंच गया। इसके बाद बाजार में मुनाफा वसूली शुरू हो जाने की वजह से इस सूचकांक की चाल में गिरावट आ गई। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 323.83 अंक की मजबूती के साथ 81,425.15 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

## ब्रदर इंटरनेशनल इंडिया ने भारतीय बाजार में 6 इंक टैंक प्रिंटर किए लॉन्च


नई दिल्ली। ब्रदर इंटरनेशनल ने भारतीय बाजार में छह उच्च दक्षता वाले इंक टैंक प्रिंटरों की एक नई श्रृंखला लॉन्च की है। कंपनी ने इन प्रिंटरों को घरेलू उपयोगकर्ताओं, कार्यालय पेशेवरों और छोटे व्यवसायों की उभरती मुद्रण जरूरतों को पूरा करने के लिए डिजाइन किया है। ब्रदर इंटरनेशनल इंडिया के उच्च दक्षता वाले इन छह इंक टैंक प्रिंटरों की शुरुआती कीमत 13,990 रुपये से लेकर 35,590 रुपये तक है। ब्रदर इंटरनेशनल इंडिया के निदेशक सलीम निशी और प्रबंध निदेशक आलोक निगम ने बुधवार को नई दिल?ली में आयोजित एक प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि कंपनी ने क्षमता, उपयोग में आसानी और कनेक्टिविटी पर ध्यान केंद्रित करते हुए उच्च दक्षता वाले इंक टैंक प्रिंटरों का निर्माण किया है।ये प्रिंटर नवीनतम लाइनअप भारतीय बाजार के लिए स्मार्ट, विश्वसनीय और लागत प्रभावी प्रिंटिंग समाधान प्रदान करने के लिए ब्रदर इंटरनेशनल इंडिया की प्रतिबद्धता को मजबूत करता है। इसके अलावा हाल के वर्षों में दूरस्थ शिक्षा उपकरणों की बढ़ती मांग और छोटे व्यवसायों के डिजिटलीकरण के कारण, बहुमुखी और कॉम्पैक्ट प्रिंटिंग उपकरणों की जरूरतें अनिवार्य हो गई है। ब्रदर इंटरनेशनल इंडिया के प्रिंटर की रेंज के अभियान की थीम ''अनुभव को रंगीन बनाएं'', तीन स्पष्ट उपयोग उदाहरणों के जरिए जीवंत की गई है। उन्होंने बताया कि कार्यालय पेशेवरों के लिए यह प्रिंटिंग और कनेक्टिविटी के साथ डेली ऑफिस रूटीन को आसान बनाएगा। कंपनी के छह उच्च दक्षता वाले इंक टैंक प्रिंटरों की इस श्रृंखला में कॉम्पैक्ट डिजाइन, ऑटो डुप्लेक्स प्रिंटिंग, मोबाइल और वायरलेस कनेक्टिविटी, उच्च-गुणवत्ता वाला आउटपुट, प्रति पृष्ठ प्रतिस्पर्धी लागत, स्पष्ट डिस्प्ले पैनल, स्पिल-फ्री रीफिल तकनीक प्रमुख फीचर्स हैं। प्रबंध निदेशक आलोक निगम ने कहा कि ब्रदर ग्रुप के लिए भारत सबसे महत्वपूर्ण बाजारों में से एक है। ये नई रेंज, हर क्षेत्र की आधुनिक प्रिंटिंग जरूरतों को पूरा करने के लिए डिजाइन की गई है। उन्होंने बताया कि चाहे घर से काम करना हो, ऑफिस डॉक्यूमेंटेशन का प्रबंधन करना हो, या बड़ी व्यावसायिक जरूरतों को पूरा करना हो, यह लाइनअप भारतीय परिवारों, पेशेवरों और व्यवसायों, सभी के लिए प्रदर्शन, दक्षता और मूल्य का सही मिश्रण प्रदान करता है। कंपनी के निदेशक सलीम निशी ने अपने संबोधन में इस बात पर जोर दिया कि ये नई लॉन्चिंग कंपनी के रोज़मर्रा के वर्कफ़्लो में प्रोडक्टिविटी और स्थिरता को सक्षम बनाने के व्यापक लक्ष्य का प्रतिनिधित्व करता है। उन?होंने कहा कि ब्रदर ग्रुप के वैश्विक दृष्टिकोण के तहत कंपनी का लक्ष्य उन्नत तकनीक के साथ ग्राहकों का समर्थन करना है। निशी ने बताया कि? नए इंक टैंक प्रिंटर्स, ब्रदर के अधिकृत चैनल पार्टनर्स, ब्रांड शोरूम और पूरे भारत में प्रमुख ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म्स अमेजन और फ्ल?पकार्ट के नेटवर्क के जरिए उपलब्ध होंगे।

# मोदी ने कतर के अमीर से बात की, दोहा पर हमले पर जताई चिंता

**एजेंसी**

नयी दिल्ली। कतर की राजधानी दोहा पर इजरायली हमले के एक दिन बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल-थानी से बात कर इस घटनाक्रम पर चिंता जताई और कहा कि भारत कतर की संप्रभुता के उल्लंघन की निंदा तथा कूटनीति से मुद्दों के समाधान का पक्षधर है।

बुधवार शाम हुई बातचीत के बाद श्री मोदी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि अमीर अल-थानी के साथ टेलीफ़ोन पर बातचीत में उन्होंने स्पष्ट किया कि भारत क्षेत्र में शांति और स्थिरता के लिए सभी तरह के आतंकवाद आतंकवाद के खिलाफ है। उन्होंने कहा,'' कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल-थानी से बात की और दोहा में हुए हमलों पर गहरी चिंता व्यक्त की। भारत कतर की संप्रभुता के उल्लंघन की निंदा करता है। हम बातचीत और कूटनीति के माध्यम से मुद्दों के समाधान और तनाव को बढ़ने से रोकने का समर्थन करते हैं। भारत क्षेत्र में शांति और



स्थिरता के लिए, और सभी रूपों और अभिव्यक्तियों में आतंकवाद के विरुद्ध दृढ़ता से खड़ा है।''

प्रधानमंत्री कार्यालय ने बताया कि प्रधानमंत्री ने दोहा में हुए हमलों पर गहरी चिंता व्यक्त की और कतर की संप्रभुता के उल्लंघन की निंदा की। प्रधानमंत्री ने क्षेत्रीय शांति और स्थिरता को बढ़ावा देने में कतर द्वारा निभाई जा रही भूमिका की सराहना की, जिसमें गाजा में युद्धविराम और सभी बंधकों की रिहाई के लिए मध्यस्थता के प्रयास भी शामिल हैं।

श्री मोदी ने बातचीत और कूटनीति के माध्यम से सभी मुद्दों के समाधान और तनाव को बढ़ने से रोकने की आवश्यकता पर ज़ोर दिया। उन्होंने ज़ोर देकर कहा कि भारत क्षेत्र में शांति एवं स्थिरता के लिए और सभी रूपों और अभिव्यक्तियों में आतंकवाद के विरुद्ध दृढ़ता से खड़ा है।

शेख तमीम ने कतर और उसके लोगों के साथ एकजुटता व्यक्त करने के लिए प्रधानमंत्री का धन्यवाद किया। दोनों नेताओं ने भारत-कतर रणनीतिक साझेदारी में निरंतर प्रगति पर भी संतोष व्यक्त किया और पारस्परिक हित के सभी क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को आगे बढ़ाने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने निकट संपर्क में बने रहने पर सहमति व्यक्त की।

उल्लेखनीय है कि इजरायल ने मंगलवार को कतर में चरमपंथी संगठन हमास के ठिकानों पर बमबारी की थी और ऐसा पहली बार हुआ है जब इज़राइल ने कतर में कोई अभियान शुरू किया है।

## मोदी और मेलोनी ने व्यापार समझौते और यूक्रेन मुद्दे पर बातचीत की

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी के साथ बातचीत में भारत-यूरोपीय संघ व्यापार समझौते को जल्द संपन्न कराने में इटली के सहयोग तथा यूक्रेन में संघर्ष के जल्द समाधान के बारे में चर्चा की। दोनों प्रधानमंत्रियों के बीच टेलीफोन पर बातचीत के बाद श्री मोदी ने कहा कि दोनों देश भारत-इटली रणनीतिक साझेदारी को और अधिक मजबूत बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। श्रीमती मेलोनी ने भारत- यूरोपीय संघ व्यापार समझौते के लिए इटली के समर्थन को दोहराया। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा , '' प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी के साथ बहुत अच्छी बातचीत हुई। हमने भारत-इटली रणनीतिक साझेदारी को और मज़बूत करने की अपनी संयुक्त प्रतिबद्धता दोहराई तथा यूक्रेन में संघर्ष को जल्द से जल्द समाप्त करने में साझा रुचि दिखाई। पारस्परिक रूप से लाभकारी भारत-यूरोपीय संघ व्यापार समझौते को जल्द अंतिम रूप देने और भारत-पश्चिम एशिया-यूरोप गलियारे की पहल के माध्यम से संपर्क को बढ़ावा देने में इटली के सक्रिय सहयोग के लिए प्रधानमंत्री मेलोनी का धन्यवाद किया। प्रधानमंत्री कार्यालय ने बताया कि दोनों नेताओं ने निवेश, रक्षा, सुरक्षा, अंतरिक्ष, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, शिक्षा, लोगों के बीच संबंध और आतंकवाद-निरोधक जैसे क्षेत्रों में द्विपक्षीय रणनीतिक साझेदारी में प्रगति की समीक्षा की और उसका सकारात्मक मूल्यांकन किया। दोनों नेताओं ने संयुक्त रणनीतिक कार्य योजना 2025-29 के अनुरूप साझेदारी को और प्रगाढ़ बनाने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने आपसी हित के क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया। उन्होंने यूक्रेन में संघर्ष के शीघ्र और शांतिपूर्ण समाधान की आवश्यकता पर बल दिया। श्री मोदी ने इस दिशा में प्रयासों के लिए भारत के पूर्ण समर्थन को दोहराया। प्रधानमंत्री मेलोनी ने पारस्परिक रूप से लाभकारी भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते को शीघ्र संपन्न करने और 2026 में भारत द्वारा आयोजित 'एआई इम्पैक्ट' शिखर सम्मेलन की सफलता के लिए इटली के दृढ़ समर्थन को दोहराया।

## सादगी के साथ लोक सेवा को समर्पित व्यक्ति थे पं. पंत : बिरला

नयी दिल्ली। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने बुधवार को भारत रत्न पं. गोविंद बल्लभ पंत को सादगी के साथ लोक सेवा को समर्पित व्यक्ति बताया और कहा कि उन्होंने ईमानदारी की राह को कभी नहीं छोड़ा। पं. पंत की 138वीं जयंती के अवसर पर संसद परिसर के बाहर स्थित पार्क में आयोजित एक समारोह में श्री बिरला, दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेन्द्र गुप्ता, विधानसभा उपाध्यक्ष मोहन सिंह बिष्ट, दिल्ली सरकार के मंत्री प्रवेश साहिब सिंह, पूर्व केन्द्रीय मंत्री अजय भट्ट सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर श्री बिरला ने कहा कि पं. बल्लभ पंत सादगी के साथ लोक सेवा को समर्पित व्यक्ति थे, जिन्होनें अपने जीवन में विभिन्न पदों पर रहते हुए ईमानदारी की राह को कभी नही छोड़ा। कार्यक्रम का संयोजन पंडित गोविंद बल्लभ पंत समारोह समिति के संयोजक एवं पूर्व विधायक डा. एस.सी.एल. गुप्ता ने किया और उपस्थित गणमान्य जनों का अभिनंदन किया।

## एससीओ की क्षेत्रीय परिषद ने पहलगाम आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा की

नयी दिल्ली। शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के राष्ट्र प्रमुखों के बाद उसकी क्षेत्रीय आतंकवाद विरोधी परिषद (आरएटीएस) की बैठक में भी पहलगाम आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा की गयी है। सरकारी सूत्रों ने बुधवार को बताया कि किर्गिज्स्तान के चोलपोन अता में परिषद की 44 वीं बैठक आज हुई। बैठक में सदस्य देशों ने पहलगाम आतंकवादी हमले की निंदा की। परिषद ने एससीओ के राष्ट्र प्रमुखों की तियांजिन में एक सितम्बर को हुई बैठक के बाद पहलगाम आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा करने वाले घोषणा पत्र का भी समर्थन किया। तियांजिन में हुए शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी हिस्सा लिया था। किर्गिज़स्तान की अध्यक्षता में हुई आरएटीएस परिषद की बैठक में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व डिप्टी राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार टीवी रविचंद्रन ने किया। उन्होंने बर्बर पहलगाम आतंकवादी हमले के प्रायोजकों, आयोजकों और वित्तपोषकों को जवाबदेह ठहराने की अपील की। उन्होंने सदस्य देशों का आह्वान किया कि सभी को आतंकवाद पर दोहरे मापदंड छोड़ने होंगे तथा सभी तरह के आतंकवाद से लड़ने का संकल्प लेना होगा।

# हाइथ्रो पावर बैंक धोखाधड़ी मामले में ईडी ने की छापेमारी

**एजेंसी**

नयी दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गुरुग्राम क्षेत्र हाइथ्रो पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) द्वारा कथित तौर पर 350 करोड़ रुपये की बैंक धोखाधड़ी से जुड़े धन शोधन के मामले में दिल्ली-एनसीआर, चेन्नई और बेंगलुरु में पांच स्थानों पर छापेमारी की।

ईडी ने एचपीसीएल और उसके प्रमोटरों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता, 1860 की धारा 120-बी (आपराधिक षड्यंत्र) और 420 (धोखाधड़ी) के साथ-साथ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 13(2) सहपठित 13(1)(डी) के तहत केंद्रीय जाँच ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा दर्ज की गई प्राथमिकी के आधार पर पीएमएलए मामला शुरू किया। एक अधिकारी ने कहा, ''एचपीसीएल और उसके निदेशकों अमूल गबरानी और अजय कुमार बिश्नोई सहित आरोपियों पर आरोप है कि उन्होंने धन की हेराफ़ेरी की और उसे अपनी संबंधित संस्थाओं में स्थानांतरित कर दिया, जिससे बैंकों को भारी नुकसान हुआ। शिकायतकर्ता बैंकों द्वारा घोषित धोखाधड़ी की राशि कई बैंकों में 346.08 करोड़ रुपये है। उन्होंने आगे कहा कि एचपीसीएल जो बिजली पारेषण और वितरण क्षेत्र में कार्यरत है, बिजली पारेषण लाइनों के लिए टर्नकी परियोजनाओं के डिजाइन, निर्माण और निर्माण में लगी हुई थी। एचपीसीएल ने अपने प्रवर्तकों और निदेशकों के माध्यम से पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) से एक बहु-बैंकिंग व्यवस्था के तहत कुल 165.71 करोड़ रुपये की ऋण सुविधाएं प्राप्त कीं। कई पुनर्गठनों के बावजूद, जिनमें बैंक गारंटियों को वित्तपोषित ब्याज सावधि ऋण (एफआईटीएल) में परिवर्तित करना शामिल है, एचपीसीएल ने चूक की। इसे 31 मार्च, 2015 को एक गैर-निष्पादित परिसंपत्ति (एनपीए) घोषित किया गया और बाद में 13 जून, 2024 को भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) को धोखाधड़ी के रूप में रिपोर्ट किया गया।

एक फोरेंसिक ऑडिट से पता चला कि एचपीसीएल ने मेसर्स अवध ट्रांसफॉर्मर्स प्राइवेट लिमिटेड, जीईटी पावर प्राइवेट लिमिटेड, रेवोल्यूशन इन्फोकॉम प्राइवेट लिमिटेड, टेकप्रो इंजीनियरिंग प्राइवेट लिमिटेड जैसी संबंधित या समूह कंपनियों के साथ लेनदेन के माध्यम से धन की हेराफ़ेरी की। इन लेनदेन में फर्जी जॉब वर्क, अवैतनिक प्राप्तियां और सर्कुलर लेनदेन शामिल थे। कई बड़े अग्रिम और बिक्री चालान वर्षों तक वसूल नहीं किए गए, जो गैर-वास्तविक व्यापारिक सौदों का संकेत देते हैं।

## भारत ने हासिल की 250 गीगावाट हरित ऊर्ज़ा क्षमता की ऐतिहासिक उपलब्धि

नई दिल्ली। देश में हरित स्रोतों से बनने वाली ऊर्ज़ा 250 गीगावाट पहुंच गई। यह एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। इस उपलब्धि को सौर, पवन, जल और जैव ऊर्ज़ा जैसे स्वच्छ ऊर्ज़ा स्रोतों के समन्वित उपयोग से हासिल किया गया। केंद्रीय बंदरगाह, पोत परिवहन एवं जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने इस उपलब्धि पर खुशी जताते हुए इसे स्वच्छ ऊर्ज़ा क्रांति में मील का पत्थर बताया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में भारत वैश्विक नवीकरणीय ऊर्ज़ा नेता के रूप में अपनी स्थिति को और मजबूत कर रहा है। यह उपलब्धि भारत की स्वच्छ और टिकाऊ भविष्य के प्रति प्रतिबद्धता को नया आकार देती है। केंद्रीय राज्य मंत्री शांतनु ठाकुर ने भी इस उपलब्धि को गौरवपूर्ण कदम करार दिया। उन्होंने कहा कि 250 गीगावाट की यह क्षमता भारत की हरित ऊर्ज़ा यात्रा में ऐतिहासिक पड़ाव है, जो पर्यावरण संरक्षण और टिकाऊ विकास के प्रति देश की अटल प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

# वोट चोरी के लिए मोदी-शाह जिम्मेदार : कांग्रेस

**एजेंसी**

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने कहा है कि 'वोट चोरी' को सोची-समझी साजिश के तहत आगे बढ़ाया जा रहा है और यह काम भाजपा सरकार के स्तर पर किया जा रहा है जिसके लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह जिम्मेदार हैं।

कांग्रेस के बिहार के प्रभारी कृष्णा अलावरु, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम तथा विधानसभा में विपक्ष के नेता शकील अहमद ने बुधवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में कहा कि उनके आरोप निराधार नहीं, बल्कि तथ्यों पर आधारित हैं।

उन्होंने कहा कि सबसे पहले श्री मोदी ने चुनाव आयोग की नियुक्ति प्रक्रिया में बदलाव किया है और इसमें उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश को हटाकर गृह मंत्री को रखा गया है। दूसरी बात कानून में ऐसा बदलाव किया गया है ताकि चुनाव आयोग पर किसी तरह से कोई कार्रवाई न हो सके। इसके अलावा, मतदाता सूची रोल में खेल किया गया है जिसकी सच्चाई पूरे देश के सामने रखी गई है। उनका यह भी आरोप है कि भाजपा चुनाव और मतगणना के दिन भी घपला करती है। इसका सबसे बड़ा उदाहरण वाराणसी का लोकसभा चुनाव था, जिसमें कांग्रेस के प्रत्याशी कई राउंड तक जीतते हैं, लेकिन जब लाइव अपडेट बंद हो जाता है तो अंतिम समय में श्री मोदी को जिता दिया जाता है।

कांग्रेस नेताओं ने कहा ''हमने पार्टी नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए 'वोटर अधिकार यात्रा' निकाली। चुनाव आयोग ने पहचान के लिए 11 दस्तावेज मांगे हैं लेकिन आधार कार्ड को उसमें शामिल नहीं किया गया है। हमने लगातार मांग की थी कि आधार कार्ड को भी पहचान का दस्तावेज माना जाए। अब उच्चतम न्यायालय ने भी ये आदेश दिया है कि आधार को भी प्रामाणिक पहचान माना जाए। ये जनता की जीत है, उनके अधिकारों की जीत है। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची पुनरीक्षण के जरिए 'वोट चोरी' का जो सिलसिला जारी है। इससे पहले कांग्रेस लगातार बिहार के अहम मुद्दे- भुखमरी, बेरोजगारी, पलायन-उठा रही थी और इन मुद्दों पर हमारी मजबूत आवाज से राज्य और केंद्र की मौजूदा सरकार को समझ आ गया था कि प्रदेश में उनकी हालत खस्ता है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि 'वोटर अधिकार यात्रा' से जनता के बीच ये संदेश गया है कि 'वोट चोरी' हो रही है और उनके अधिकारों के साथ छेड़छाड़ की जा रही है।

# पेज एक का शेष

## सेना ने सुरक्षा...

आगजनी या व्यक्तियों और संपत्ति पर हमले को आपराधिक कृत्य माना जाएगा और उचित तरीके से उससे निपटा जाएगा। बयान में कहा गया है, ''बलात्कार और हिंसक हमलों का भी खतरा है। देश की सुरक्षा स्थिति को ध्यान में रखते हुए, प्रतिबंधात्मक आदेश और कर्फ्यू लागू कर दिया गया है। बयान में स्पष्ट किया गया है कि एम्बुलेंस, दमकल, स्वास्थ्य कार्यकर्ता और सुरक्षा बलों सहित आवश्यक सेवाओं में लगे वाहनों और कर्मियों को प्रतिबंधात्मक आदेशों और कर्फ्यू के दौरान काम करने की अनुमति होगी। सेना ने एक बयान में कुछ समूहों की कार्रवाइयों पर चिंता व्यक्त की, जो ''कठिन परिस्थितियों का अनुचित लाभ उठा रहे हैं'' और ''आम नागरिकों तथा सार्वजनिक संपत्ति को गंभीर नुकसान पहुंचा रहे हैं। नेपाल सेना मुख्यालय के एक अधिकारी ने कहा, ''हमने लूटपाट और तोड़फोड़ सहित किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए अपने सैनिकों को तैनात किया है। उन्होंने बताया कि प्राधिकारियों ने निवासियों को यह आदेश भी जारी किया है कि वे ''अत्यंत आवश्यक'' न होने तक घर से बाहर न निकले, ताकि आगे अशांति को रोका जा सके। सुबह से ही काठमांडू की आम तौर पर चहल-पहल वाली सड़कें वीरान दिखीं। कुछ ही लोग घरों से बाहर निकले और वह भी खासकर रोजमर्रा की जरूरत की चीजें खरीदने के लिए। सड़कों पर सुरक्षाकर्मियों की कड़ी गश्त है और मंगलवार को प्रदर्शनकारियों द्वारा सरकारी और निजी इमारतों में लगा दी गई आग को बुझाने के लिए दमकल की गाड़ियां देखी गईं। प्रदर्शनकारियों ने मंगलवार को संसद, राष्ट्रपति कार्यालय, प्रधानमंत्री आवास, सरकारी भवनों, राजनीतिक दलों के कार्यालयों और वरिष्ठ नेताओं के घरों में आग लगा दी थी। सेना ने लोगों से छात्रों के नेतृत्व में हुए विरोध प्रदर्शनों के दौरान लूटी गई या मिली बंदूकें, हथियार और गोलियां नज़दीकी पुलिस चौकी या सुरक्षाकर्मियों को लौटाने का भी आग्रह किया। सेना ने एक अन्य बयान में कहा, ''चूंकि ऐसे हथियारों के दुरुपयोग की आशंका है, इसलिए कृपया अधिकारियों को सूचित करें और उन्हें जल्द से जल्द सुरक्षा एजेंसियों को लौटा दें।'' सेना ने चेतावनी दी कि अगर किसी के भी पास ऐसे हथियार या गोला-बारूद बरामद किए गए तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। सेना ने नागरिकों से ''इस संवेदनशील अवधि में सेना की वर्दी न पहनने'' की भी अपील की, क्योंकि ''ऐसा करना गैरकानूनी है। इस बीच, अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षाकर्मियों ने काठमांडू के विभिन्न हिस्सों से लूटपाट, आगजनी और तोड़फोड़ में शामिल 27 लोगों को गिरफ्तार किया है। अभियान के दौरान काठमांडू के चाबाहिल, बौद्ध और गौशाला क्षेत्रों में व्यक्तियों से 3.37 लाख रुपये नकद, 31 हथियार, मैगजीन और गोलियां बरामद की गईं। सेना ने जनता से शांति बहाल करने और कानून-व्यवस्था बनाए रखने में सुरक्षा एजेंसियों के साथ सहयोग करने की अपील की। भ्रष्टाचार और सोशल मीडिया पर सरकार के प्रतिबंध के खिलाफ सोमवार को 'जेन-जी' द्वारा किए गए प्रदर्शन के दौरान पुलिस कार्रवाई में कम से कम 19 लोगों की मौत के बाद सैकड़ों प्रदर्शनकारी प्रधानमंत्री ओली के इस्तीफ़े की मांग को लेकर उनके कार्यालय में घुस गए थे जिसके तुरंत बाद मंगलवार को उन्होंने पद से इस्तीफा दे दिया। सोशल मीडिया पर प्रतिबंध सोमवार रात हटा लिया गया था। हालांकि, उनके इस्तीफ़े के बाद भी प्रदर्शन जारी रहा। प्रदर्शनकारियों ने संसद, राष्ट्रपति कार्यालय, प्रधानमंत्री आवास, सरकारी इमारतों, राजनीतिक दलों के कार्यालयों और वरिष्ठ नेताओं के घरों में आग लगा दी थी।

## डीजीपी और एडीजी...

सोनौली, बलरामपुर में भी हर थाने-चौकी पर पुलिस बल बढ़ा दी गई है। सीमा पर गश्त भी बढ़ाई गई है। सीमा से सटे जिलों के कप्तानों से लगातार अपडेट लिया जा रहा है। वहां की गतिविधियों की रिपोर्ट रोजाना शाम को पुलिस मुख्यालय भेजी जा रही है। आगे की जैसी स्थिति रहेगी, उसके हिसाब से ही आगे की कार्रवाई की जाएगी। एसएसबी से भी सम्पर्क में पुलिस नेपाल सीमा पर सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) से भी यूपी पुलिस सम्पर्क बनाए हुए है। बहराइच में नेपाल सीमा पर सबसे ज्यादा सतर्कता बढ़ाई गई है। यहां से नेपालगंज के लिए काफी आवागमन होता है। इस सीमा को नेपाल की ओर से भी बंद कर दिया गया है। यही वजह है कि बहराइच की इस सीमा पर पुलिस बल ज्यादा लगा दिया गया है। एसएसपी के कई अफसर भी यहां कैम्प किए हुए हैं। नेपाल में फंसे भारतीयों की सुरक्षा पर यूपी पुलिस की नज़र - हेल्पलाइन नम्बर-0522-2390257, 0522-2724010 व 9454401674 लखनऊ, विशेष संवाददाता नेपाल में फंसे भारतीयों की मदद के लिए यूपी पुलिस लगातार काम कर रही है। डीजीपी राजीव कृष्ण ने बताया कि नेपाल से कई भारतीयों ने हेल्पलाइन पर सम्पर्क किया है। उनके मैसेज मिल रहे हैं। सभी की सुरक्षा के लिए सभी जरूरी कदम उठाए जाएंगे। नेपाल के पुलिस अफसरों से भी बात की गई है। हालांकि वहां की स्थिति बिगड़ने से नेपाल के अफसरों से ज्यादा बात नहीं हो पा रही है। डीजीपी ने बताया कि नेपाल सीमा से सटे जिलों पर कप्तानों और सम्बन्धित आईजी को अलर्ट रहने को कहा गया है। वहां की हर स्थिति की सूचना लगातार पुलिस मुख्यालय पर दी जा रही है। पूरी नेपाल सीमा पर हाई अलर्ट पहले से है।

## देशभर में एक...

बिहार में एसआईआर प्रकिया चुनाव आयोग ने स्पष्ट किया था कि जिन मतदाताओं को नोटिस जारी किया गया, उनका पक्ष सुने बिना उनकी मतदाता पात्रता पर ईआरओ कोई अंतिम फैसला नहीं लेंगे। आयोग ने ये भी भरोसा दिलाया था कि किसी भी वैध मतदाता का नाम सूची से नहीं हटाया जाएगा और बिना नोटिस के किसी का नाम नहीं काटा जाएगा। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार बिहार के बाद, इस साल के अंत में असम, केरल, पुडुचेरी, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में 2026 में होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले ड्रक्ष्ट शुरू हो सकती है। इसका मुख्य मकसद जन्म स्थान की जांच करके अवैध प्रवासियों को बाहर निकालना है। इससे पहले, चुनाव आयोग ने मंगलवार को बिहार चुनाव आयोग को लेटर भेजकर मतदाताओं की पहचान के लिए आधार कार्ड को 12वें दस्तावेज के रूप में स्वीकार करने का निर्देश दिया। चुनाव आयोग का यह फैसला सुप्रीम कोर्ट के 8 सितंबर के आदेश के बाद आया है।

## हमें अपने...

तरह के मतभेद में अहम भूमिका अदा करता है। उन्होंने कहा कि इस बात का तो कोई सवाल ही नहीं है कि गवर्नर केंद्र सरकार के डाकिया के तौर पर काम कर करता है। राज्यपालों से यह अपेक्षा नहीं की जाती है कि वे राज्य सरकार की नीतियों को लागू करें या फिर पॉपुलर मैंडेट के अनुसार काम करें। संविधान में राज्यपाल का रोल स्पष्ट तौर पर बताया गया है और वह राजनीतिक तौर पर भी अपनी बात रखते सकते हैं।

## नागरिकता से पहले ...

नाम 1980 में मतदाता सूची में शामिल किया गया था। वर्ष 1982 में उसे हटा दिया गया। इसके बाद 1983 में फिर से उनका नाम मतदाता सूची में शामिल किया गया था।

## टम्प, मोदी के बयानों ...

हैं। मुझे भी राष्ट्रपति ट्रम्प से बातचीत की प्रतीक्षा है। हम दोनों देशों की जनता के अधिक उज्ज्वल और समृद्ध भविष्य के लिए मिल कर काम करेंगे। श्री ट्रंप ने इससे पहले गत शुक्रवार को भारत के साथ रिश्तों को बेहद खास बताते हुए कहा था कि वह और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हमेशा अच्छे दोस्त रहेंगे। श्री मोदी की सराहना करते हुए उन्होंने कहा था कि वह बहुत अच्छे प्रधानमंत्री हैं। दोनों देशों के संबंधों के बारे में श्री ट्रंप ने कहा था कि चिंता की कोई बात नहीं है और उनकी प्रधानमंत्री मोदी के साथ अच्छी बनती है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने साथ ही यह भी कहा था कि उन्हें भारत द्वारा रूस से तेल खरीदने को लेकर नाराजगी भी है। उन्होंने जोड़ा था कि दो देशों के बीच कभी-कभी इस तरह की बातें हो जाती हैं। उनके उस बयान के जवाब में श्री मोदी ने शनिवार को बड़ी सकारात्मक प्रतिक्रिया करते हुए कहा था कि वह श्री ट्रंप की भावनाओं का सम्मान करते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर लिखा ,'' राष्ट्रपति ट्रम्प की भावनाओं और हमारे संबंधों के सकारात्मक मूल्यांकन की हम तहे दिल से सराहना करते हैं और उनका पूर्ण समर्थन करते हैं। भारत और अमेरिका के बीच एक अत्यंत सकारात्मक और दूरदर्शी व्यापक एवं वैश्विक रणनीतिक साझेदारी है। उल्लेखनीय है कि श्री ट्रंप ने इससे पहले चीन में प्रधानमंत्री मोदी, चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की मुलाकात के बाद कहा था कि लगता है हमने भारत और रूस को चीन के हाथों खो दिया है। श्री ट्रम्प ने एक अधिशासी आदेश के जरिये भात पर अगस्त में सात तारीख से 25 प्रतिशत आयात शुल्क लगा दिया था । उसके बाद उन्होंने रुस से तेल खरीदने के खिलाफ भारत को दंडित करने के लिए 25 प्रतिशत का आयात शुल्क और लगा दिया। अमेरिका के साथ व्यापारिक संबंधों में यह तनाव ऐसे समय आया जब देनों देशों में द्विपीक्षीय व्यापर समझौते (बीटीए) के लिए बातचीत चल रही थी और इस वर्ष अक्टूबर- नवंबर तक समझौता हो जाने की उम्मीद थी। लेकिन श्री ट्रम्प द्वारा भारत सहित दुनिया के तमाम देशों के खिलाफ जुलाई के प्रारंभ में शुल्क लगाने की घोषणाओं के साथ भारत पर रूस से तेल खरीद बंद करने के लिए अमेरिका की ओर से दबाव बढ़ने लगा था। अमेरिका ने व्यापार वार्ता के लिए अगस्त के तीसरे सप्ताह में आने वाले व्यापार वार्ता दल की यात्रा रोक दी थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्पष्ट कर चुके हैं कि भारत अपने किसानों, मछुआरों, पशुपालकों और सूक्ष्म और लघु उद्यमों के हित के खिलाफ कोई समझौता नहीं करेगा। उन्होंने देश की जनता और व्यावसायिक समुदाय से स्वदेशी अपनाने का आह्वान भी किया है। अमेरिका भारत का प्रमुख व्यापारिक भागीदार है। 2024 में दोनों देशों का व्यापार 212 अरब डालर के बराबर था जिसमें करीब 129 अरब डालर का वस्तु व्यापार था। भारत ने उस वर्ष अमेरिका को 87 अरब डालर की वस्तुओं का निर्यात किया था। दोनों देशों के बीच सेवा व्यापार 83 अरब डालर से कुछ अधिक का था जिसमें संतुलन थोड़ा अमेरिका के पक्ष में था। ट्रम्प की व्यापार शुल्क नीति का उनके देश में भी विरोध हो रहा है। अमेरिका के संघीय न्यायालय की कई पीठों ने राष्ट्रीय सुरक्षा के नाम पर अधिशासी आदेश से व्यापारिक भागीदारों पर शुल्क लगाने के उनके निर्णय को अधिकार सीमा का उल्लंघन बताते हुए निरस्त कर दिया है। मुक्त व्यापार और अंतर्राष्ट्रीय व्यापार के क्षेत्र में काम करने वाले गैर सरकारी संगठन कट्स इंटरनेशनल के प्रदीप मेहता का कहना है कि व्यापार वार्ता में अमेरिका की ओर से यदि भारत के सबसे बड़े हितों पर अत्यधिक या अनुपातहीन रियायतों की माँग की जाती है, तो भारत को भी उतना ही कड़ा रुख अपनाना चाहिए और विरोध करना चाहिए ऽ भले ही इसके लिए समझौता न होने की कीमत चुकानी पड़े। कट्स का मानना है कि इन परिस्थितियों में, समझौता न होने की लागत एक असमान समझौते की दीर्घकालिक लागतों से कम ही होगी।

## वाराणसी पहुंचे ..

को रेखांकित करती है। इसी सांस्कृतिक और सभ्यतागत जुड़ाव ने भारत और मॉरीशस के बीच विशेष और अनूठे संबंधों को विशेष आकार दिया है। दोनों नेता इस मुलाकात में द्विपक्षीय सहयोग के संपूर्ण आयाम की समीक्षा करेंगे, जिसमें विकास साझेदारी और क्षमता निर्माण पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। वे स्वास्थ्य, शिक्षा, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, ऊर्ज़ा, बुनियादी ढाँचे के साथ-साथ नवीकरणीय ऊर्ज़ा, डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढाँचे और नीली अर्थव्यवस्था जैसे उभरते क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के अवसरों पर भी चर्चा करेंगे। श्री मोदी इसी वर्ष मार्च में मॉरीशस की राजकीय यात्रा पर गये थे और इससे दोनों देशों के बीच संबंधों को गति मिली थी। बयान में कहा गया है कि श्री रामगुलाम की इस यात्रा से उस गति को और बल मिलेगा। श्री मोदी की पिछली मारीशस यात्रा में दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों को 'उन्नत रणनीतिक साझेदारी' का स्तर दिया था। हिंद महासागर क्षेत्र में एक मूल्यवान साझेदार और घनिष्ठ समुद्री पड़ोसी के रूप में, मॉरीशस भारत के महासागर (क्षेत्र भर में सुरक्षा और विकास के लिए पारस्परिक और समग्र उन्नति) विजन और 'पड़ोसी पहले' नीति के लिए महत्वपूर्ण है। दोनों देशों के बीच गहराता सहयोग न केवल उनके लोगों की समृद्धि के लिए, बल्कि दक्षिणी क्षेत्र के विकासशील देशों की सामूहिक आकांक्षाओं के लिए भी महत्वपूर्ण है। भारत को विश्वास है कि वाराणसी शिखर बैठक भारत और मॉरीशस की पारस्परिक समृद्धि, सतत विकास और एक सुरक्षित एवं समावेशी भविष्य की दिशा में साझा यात्रा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि साबित होगी।

## योग्य गुरु मिले...

संदेह होगा। अपने संबोधन में सीएम योगी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिए गए विकसित भारत के उद्घोष का भी उल्लेख किया। कहा कि विकसित भारत केवल राजनीतिक संकल्प नहीं है बल्कि यह भारत और भारतीयता का मंत्र है। वसुधैव कुटुम्बकम की दृष्टि से कभी भारत ने दुनिया को अपनी ताकत का एहसास कराया था। कोई आपस में लड़े न, यह भारत की परंपरा है। ऐसा फिर से हो, इसके लिए विकसित और आत्मनिर्भर भारत की आवश्यकता है। इसलिए, हर भारतीय को विकसित भारत के संकल्प से जुड़ना होगा। जब संकल्प अंतःकरण से होता है तो वह अवश्य पूरा होता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि गोरक्षपीठ में पूज्य आचार्यों की स्मृति में साप्ताहिक आयोजन पीठ की परंपरा का हिस्सा है। मंदिर के अलावा आज महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद की सभी संस्थाओं में भी पूज्य आचर्यद्वय के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने के लिए आयोजन हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि परम्पराएं हमारी विरासत होती हैं। वर्तमान और भावी पीढ़ी को इनके जरिये प्रेरणा और सीख लेने की जरूरत होती है। विरासत के संदर्भ में उन्होंने अखंड भारत में दुनिया के पहले विश्वविद्यालय, प्रभु श्रीराम के भाई भरत के पुत्र तक्ष के नाम पर स्थापित तक्षशिला विश्वविद्यालय का उल्लेख भी किया। बताया कि पाणिनि का व्याकरण इसी तक्षशिला विश्वविद्यालय से आगे बढ़ा। महर्षि सुश्रुत और चरक जैसे आयुर्वेद के जनक इसी विश्वविद्यालय से निकले। आयुर्वेद, व्याकरण, अर्थशास्त्र, राजनीतिशास्त्र, कृषि सहित अनेक क्षेत्रों के लिए यही प्राचीनतम विश्वविद्यालय रहा। श्रद्धांजलि सभा को सम्बोधित करते हुए वशिष्ठ आश्रम, अयोध्याधाम से आए पूर्व सांसद डॉ. रामविलास वेदांती ने कहा कि गोरक्षपीठ के महंत दिग्विजयनाथ महाराज महंत अवेद्यनाथ महाराज न होते तो अयोध्या में राम मंदिर बनता ही नहीं। उन्होंने कहा कि राम मंदिर आंदोलन की अगुवाई करने के लिए जब अयोध्या का कोई संत तैयार नहीं हुआ तो महंत अवेद्यनाथ आगे आए। उन्होंने कहा था कि मुझे गोरक्षपीठ नहीं बल्कि श्रीराम जन्मभूमि की चिंता है। उनके नेतृत्व में श्रीराम जन्मभूमि मुक्ति यज्ञ समिति ने जो आंदोलन शुर किया, उसी का परिणाम है कि मंदिर बन गया है। डॉ. वेदांती ने ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ और अवेद्यनाथ को सम सामयिक समस्याओं के समाधान के लिए तत्पर रहने वाला महापुरुष बताया। अयोध्या से आए जगद्गुरु रामानुजाचार्य स्वामी वासुदेवाचार्य ने कहा कि ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ में महाराणा प्रताप की मिट्टी का शौर्य था। श्रीराम मंदिर आंदोलन में उनकी भूमिका अग्रणी रही। जन्मभूमि पर भगवान श्रीरामलला के प्राकट्य की योजना उन्होंने ही मूर्त की। उन्होंने कहा कि दिग्विजयनाथ और महंत अवेद्यनाथ मंदिर आंदोलन के प्राण पुंज रहे।

काशी से आए जगद्गुरु रामानंदाचार्य डॉ. रामकमलाचार्य ने ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ और ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि संत कभी जाति या वर्ग के बंधन में नहीं होते। वह सर्वसमाज के लिए होते हैं। गोरक्षपीठ के ब्रह्मलीन महंतद्वय लोक कल्याण के लिए थे। दोनों महापुरुष सामाजिक समरसता के अग्रदूत थे। श्रीराम मंदिर आंदोलन में दोनों की भूमिका अविस्मरणीय रहेगी। रोहतक हरियाणा से आए और राजस्थान विधानसभा के विधायक महंत बालकनाथ ने कहा कि गोरक्षपीठ के संतों ने ज्ञान का मूलमंत्र दिया। ज्ञान के तीन तत्व धर्म, संस्कृति और संस्कार ही जीवन के आधार हैं। उन्होंने नेपाल की वर्तमान स्थिति पर चिंता प्रकट करते हुए वहां लोकतंत्र की स्थापना के लिए गुरु गोरखनाथ जी से प्रार्थना की।

# नेपाल में जारी राजनीतिक संकट के बीच भारतीय सीमा की गयी सील

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पटना/अररिया/सीतामढ़ी । नेपाल में 'जेन जी' के प्रदर्शन के बाद उत्पन्न हुये राजनीतिक संकट के बाद नेपाली सेना ने कमान ले ली है। भारत-नेपाल सीमा जोगबनी से लेकर विराटनगर तक नेपाली सेना लगातार गश्त (पेट्रोलिंग) कर रही है। अनिश्चितकाल के लिए तराई के कई इलाकों में कर्फ्यू लगा दिया गया है, जिसके कारण लोग अपने घरों में ही रहने को मजबूर हैं। बिहार में नेपाल से लगी सीमाई इलाके से लेकर विराटनगर, दुहबी, इटहरी, धरान, राजविराज, कप्तानगंज, दीवानगंज और रंगेली आदि स्थानों पर नेपाल सेना की गाड़ियां दौड़ रही हैं और माइकिंग कर अनिश्चितकालीन कर्फ्यू लगे होने की सूचना देने के साथ ही घरों में रहने लिए कहा जा रहा है। नेपाली सेना ने बुधवार सुबह सड़क पर वाहनों की साथ निकलते हुए बाजार में खुले दुकानों और प्रतिष्ठानों को बंद करवाया। दुकानदारों और कारोबारियों को दुकान और प्रतिष्ठान बंद रखने की हिदायत नेपाली सेना के द्वारा दी गई। इधर, नेपाल के हालात को लेकर भारतीय सीमा को सील कर दिया गया। सीमा पर बड़ी संख्या में सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के जवानों को तैनात किया गया है। एसएसबी जवानों के द्वारा बॉर्डर पर सघन पेट्रोलिंग कराई जा रही है। अररिया के जिलाधिकारी अनिल कुमार, पुलिस अधीक्षक अंजनी कुमार, एसएसबी 56वीं बटालियन के कमांडेंट शाश्वत कुमार और एसएसबी 52वीं बटालियन के कमांडेंट महेन्द्र प्रताप अररिया से सटे अलग-अलग सीमावर्ती इलाकों में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। भारत-नेपाल सीमा से सटे थानों और आउट पोस्ट्स के पुलिस हाई अलर्ट पर रहते हुए भारतीय सीमा क्षेत्र में लगातार गश्ती कर रहे हैं।

बिहार में सीतामढ़ी जिले से सटे नेपाल के जलेश्वर जेल तोड़ने वाली घटना को लेकर सीतामढ़ी की जिलाधिकारी रिची पाण्डेय ने कहा कि जेल ब्रेक की घटना के बाद एसएसबी, पुलिस और सभी जांच एजेंसियों के बीच बैठक हुई। नेपाल से सटे इलाकों में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। पूरी सीमा पर सुरक्षाकर्मी लगातार गश्त कर रहे हैं। नेपाल की ओर से लोगों की आवाजाही को रोक दिया गया है। केवल एम्बुलेंस और नेपाल में फंसे भारतीयों के किसी तरह बॉर्डर पर पहुंचने के बाद उनका पहचान पत्र देखकर उन्हें प्रवेश करने दिया जा रहा है। नेपाल सेना के हाथ कमान मिलने के बाद सीमा पर स्थित ध्वस्त पुलिस चौकी और चेकपोस्ट आदि को दुरुस्त किया जा रहा है। भारत नेपाल सीमा पर हर आने-जाने वाले लोगों की जांच और प्रवेश को लेकर आउट पोस्ट आदि को सेना के जवान मजदूरों के साथ व्यवस्थित करने में जुटे हैं। भारतीय क्षेत्र में एसएसबी के जवान सभी हालातों पर नजर रखते हुए मुख्यालय को हर पल की जानकारी मुहैया करा रहे हैं।

# दिल्ली हाई कोर्ट ने बिना अनुमति अभिषेक बच्चन की फोटो इस्तेमाल न करने के मामले में फैसला सुरक्षित रखा

कैनविज टाइम्स संवाददाता




नई दिल्ली । दिल्ली उच्च न्यायालय ने फिल्म अभिनेता अभिषेक बच्चन की अनुमति के बिना उनके फोटो, आवाज और अन्य व्यक्तिगत प्रतीकों का इस्तेमाल नहीं करने की मांग करने वाली याचिका पर फैसला सुरक्षित रख लिया है। जस्टिस तेजस करिया की बेंच ने कहा कि वो इस मामले पर विस्तृत आदेश पारित करेंगे। मामले की अगली सुनवाई 15 जून को होगी।

उच्च न्यायालय ने कहा कि वे उन यूआरएल (वेबलिंक) को हटाने का आदेश देंगे, जो अभिषेक बच्चन के व्यक्तित्व से जुड़े अधिकारों का उल्लंघन करते हैं। इसके पहले उच्च न्यायालय ने 9 सितंबर को अभिषेक बच्चन की पत्नी और अभिनेत्री ऐश्वर्या राय की भी ऐसी ही याचिका पर फैसला सुरक्षित रख लिया था।

सुनवाई के दौरान अभिषेक बच्चन के वकील प्रवीण आनंद और ध्रुव आनंद ने कहा कि याचिकाकर्ता की तस्वीर और उनकी पसंद नापसंद का लोग इस्तेमाल कर रहे हैं। लोग अभिषेक बच्चन का व्यावसायिक इस्तेमाल भी कर रहे हैं। यहां तक कि एआई और डीपफ़ेक जैसी तकनीक का इस्तेमाल कर फोटो, वीडियो और दूसरे सेलिब्रिटीज के साथ यूट्यूब चैनलों, इंस्टाग्राम अकाउंट और फ़ेसबुक प्रोफाइल पर अशोभनीय कंटेंट अपलोड किए जा रहे हैं। सुनवाई के दौरान गूगल की ओर से पेश वकील ममता रानी ने कहा कि उनका प्लेटफार्म कोर्ट के आदेश के बाद ऐसे यूआरएल को हटा देगा।

# संक्षिप्त समाचार

## भूटान के गृह मंत्री ने राजगीर नेचर और जू सफारी का दौरा किया

पटना। भूटान के गृह मंत्री ल्योन्पो त्सेरिंग ने बुधवार को राजगीर जू सफारी और नेचर सफारी का विशेष दौरा किया। इनके साथ केंद्रीय संन्यासी निकाय के प्रतिष्ठित आध्यात्मिक नेता महामहोपाध्याय लोपोन सं-नगग येशे दोर्जे रिनपोचे, तथा पुनाखा से वरिष्ठ संन्यासी प्रतिनिधि भी रहे। इस अवसर पर अतिथियों ने शेर, बाघ, तेंदुआ, भालू और विभिन्न शाकाहारी जीवों के पिंजरों का अवलोकन किया। उन्होंने ग्लास ब्रिज पर फोटोग्राफी की और राजगीर की पहाड़ियों के मनमोहक दृश्य का आनंद लिया। उन्होंने वन्यजीव संरक्षण, प्राकृतिक आवासों की सुरक्षा, और पर्यावरण-पर्यटन को बढ़ावा देने के प्रयासों की सराहना की। भूटानी प्रतिनिधियों ने कहा कि राजगीर चिड़ियाघर और नेचर सफारी केवल एक पर्यटन स्थल नहीं है, बल्कि यह वन्यजीव संरक्षण और प्राकृतिक पर्यावरण के संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने इसे ल्संरक्षण और पर्यटन का संगमङ्क बताया।

## महाराजा अग्रसेन की जयंती 28 सितम्बर को,नए सत्र के लिए कमिटी का गठन

अररिया । फारबिसगंज मारवाड़ी अतिथि सदन में बुधवार को अग्रवाल महासभा,अग्रवाल महिला मंच,अग्रवाल युवा मंच ,अग्रवाल युवती मंच की संयुक्त बैठक में हुई,जिसमें आगामी 28 सितंबर को महाराजा अग्रसेन की जयंती धूमधाम से मनाने पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में नए सत्र के लिए कमिटी का गठन किया गया,जिसमें घनश्याम अग्रवाल को महासभा का अध्यक्ष चुना गया। साथ ही अग्रवाल महिला मंच की कमिटी का पुनर्गठन करते हुए चित्रा मित्तल को अध्यक्ष पद पर चयन किया गया। बैठक में मारवाडी सम्मेलन के प्रदेश अध्यक्ष द्वारा पवन अग्रवाल एवं सुभाष अग्रवाल को पूर्णिया प्रमंडलीय क्षेत्र का उपाध्यक्ष बनाने पर शॉल ओढ़ाकर कर सम्मानित किया गया।

## मुख्यमंत्री पेंशन योजना का लाइव प्रसारण

समस्तीपुर । मुख्यमंत्री द्वारा सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत सभी 06 पेंशन योजना के लाभुकों को नई दर 400 से बढ़ाकर 1100 की दर से माह अगस्त की राशि भुगतान हेतु डीबीटी के माध्यम से अंतरण एवं उनके संदेश का लाइव प्रसारण जिला स्तर पर समाहरणालय सभा कक्ष में 267 पेंशनधारियों की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री नितीश कुमार द्वारा सभी पेंशनधारियों/लाभुकों को पेंशन की वर्द्धित दर की स्वीकृति हेतु बधाई दी गई। पेंशनधारियों को सभी 6 पेंशन योजना के लाभुकों को समस्तीपुर जिला अंतर्गत इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना में 1,23,816, मुख्यमंत्री वृद्धजन पेंशन योजना में 2,05,010, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना में 31,039, लक्ष्मीबाई सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना में 42,288, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय निःशक्तजन पेंशन योजना में 4,036, बिहार निःशक्त पेंशन योजना में-74,380, कुल-4,80,569 पेंशनधारियों को कुल-53,33,48,900 की राशि डीबीटी के माध्यम से मुख्यमंत्री के करकमलों से राशि का अंतरण किया गया जिलाधिकारी, समस्तीपुर द्वारा बधाई दी गई एवं मुख्यमंत्री, बिहार द्वारा जारी संदेश पत्र को पढ़ कर योजनाओं का अद्यतन जानकारी से अवगत कराया गया। उपस्थित पेंशनधारियों / लाभुकों को माननीय मुख्यमंत्री द्वारा जारी संदेश पत्र में उल्लेखित सूचनाओं से अवगत कराया गया। सभी उपस्थित पेंशनधारियों में काफी उत्साह एवं सरकार द्वारा की गई पेंशनवृद्धि पर काफी हर्ष व्यक्त किया गया। जिला स्तर पर आयोजित कार्यक्रम में धन्यवाद ज्ञापन जिला पदाधिकारी, समस्तीपुर द्वारा किया गया। मौके पर उप विकास आयुक्त, समस्तीपुर, अपर समाहर्ता, समस्तीपुर, जिला प्रोग्राम पदाधिकारी, आई0सी0डी0एस0, समस्तीपुर, जिला नजारत उप समाहर्त्ता, समस्तीपुर, सहायक निदेशक, जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग, समस्तीपुर एवं अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित हुए।

## आत्महत्या भी एक मनोवैज्ञानिक बीमारी: श्यामलता

हरिद्वार। आज अंतरराष्ट्रीय सुसाइड प्रिवेंशन दिवस जागरूकता दिवस के रूप में विश्व भर में मनाया जाता है। इसी उपलक्ष्य में आज मनोविज्ञान विभाग, गुरुकुल कांगड़ी समविश्वविद्यालय द्वारा सुसाइड प्रीवेंशन डे का आयोजन किया गया, जिसमें सीनियर प्रोफ़ेसर श्यामलता जुयाल, फाइनेंस ऑफिसर प्रोफ़ेसर राकेश कुमार, डॉ अरुण कुमार, डॉ दीपक सिंह, डॉ नवीन पंत, डॉ मनोज कुमार चौहान, डॉ विक्रम सिंह, डॉ अजीत सिंह तोमर एवं विद्यार्थियों ने शिरकत की।

प्रोफ़ेसर श्यामलता ने कहा कि व्यक्ति में आत्महत्या करने के लक्षण पहले ही दिखने लग जाते हैं। अगर इन्हें समय रहते पहचाना जाए और इसकी रोकथाम की जाए तो उस व्यक्ति की जान बचाई जा सकती है। प्रोफ़ेसर राकेश जैन ने कहा की मनोविज्ञान में कई प्रकार की काउंसलिंग एवं थेरेपी उपलब्ध हैं, जिसका समय रहते उपयोग करके हम व्यक्ति को आत्महत्या करने से बचा सकते हैं।

विभाग अध्यक्ष डॉ अरुण कुमार ने कहा कि बचाव ही सबसे बड़ा समाधान है हमें समाज के लोगों को जागरूक करना होगा एवं इसके रोकथाम के लिए समाज में उपाय बताने होंगे। जब हम सब मिलकर इसको एक सामाजिक बीमारी समझेंगे तो इसका समाधान भी निकाल सकेंगे और समय रहते काउंसलिंग करके एवं मनोवैज्ञानिक उपचारों से किसी की जान बचाई जा सकती है। सभी विद्यार्थियों ने इस कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया एवं अपने-अपने विचार रखें धन्यवाद ज्ञापन डॉ दीपक सिंह ने किया।

## पंजाब के सीमावर्ती जिलों में पशुओं को बचाने के लिए आगे आई बीएसएफ

चंडीगढ़। पंजाब के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत एवं बचाव कार्यों को नया मोड़ देते हुए बीएसएफ ने सीमावर्ती जिलों में पशु चिकित्सा शिविर आयोजित करने शुरू कर दिए हैं। यह शिविर अमृतसर, फिरोजपुर और फाजिल्का जिलों में 181 बटालियन, 99 बटालियन, 160 बटालियन और 155 बटालियन ने लगाए। इन शिविरों में ग्रामीणों को न सिर्फ़ पशु-चिकित्सा सहायता मिली, बल्कि यह भरोसा भी मिला कि कठिन समय में बीएसएफ उनके साथ खड़ी है। कुल 537 भैंस, गाय और बकरियां का इलाज किया गया। इससे किसानों की रोज़ी-रोटी सुरक्षित रही और उनकी चिंताएं भी कम हुईं। बीएसएफ के पशु चिकित्सकों और जवानों ने पानी से भरे रास्तों और डूबे हुए खेतों को पार कर हर गांव तक पहुंचने का प्रयास किया। उनका यह समर्पण ग्रामीणों के लिए उम्मीद और विश्वास की नई किरण लेकर आया है। बीएसएफ ने एक बार फिर साबित किया कि उसका मकसद केवल सीमा की रक्षा करना नहीं है, बल्कि हर परिस्थिति में देशवासियों के साथ खड़ा रहना है।

# अंतरराष्ट्रीय साहित्य उत्सव 'उन्मेष' का तीसरा संस्करण 25 सितंबर को पटना में होगा शुरू

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय साहित्य उत्सव 'उन्मेष' के तीसरे संस्करण का आयोजन इस बार 25 से 28 सितंबर तक बिहार के पटना स्थित सम्राट अशोक कन्वेंशन सेंटर में होगा।

केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय के सचिव विवेक अग्रवाल ने इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र में बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि इसका आयोजन संस्कृति मंत्रालय और साहित्य अकादमी संयुक्त रूप से बिहार सरकार के सहयोग से कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस चार दिवसीय उत्सव में देश-विदेश के 550 लेखक शामिल होंगे। इस दौरान कुल 90 सत्रों में 100 भाषाओं का प्रतिनिधित्व होगा। अग्रवाल ने बताया कि उत्सव में बिहार के राज्यपाल आरिफ़ मोहम्मद खान, फिल्म अभिनेता अमोल पालेकर, जावेद अख़्तर, गिरीश कासरवल्ली, सोनल मानसिंह सहित देश में नियुक्त कुछ देशों के राजदूत एवं अनेक विशिष्ट व्यक्तित्वों की सहभागिता संभावित है। पिछले दो उत्सव क्रमशः 2022 में शिमला और 2023 में भोपाल में आयोजित किए गए थे। उन्होंने बताया कि कविता एवं कहानी पाठ के अतिरिक्त उत्सव के कुछ अन्य महत्वपूर्ण सत्र हैं- साहित्य और अन्य कलाओं की साझी दुनिया, उत्तर-आधुनिक भारतीय साहित्य और सिनेमा, सोशल मीडिया एवं साहित्य, प्रवासन तथा आदिवासी समुदायों की पहचान का संकट, विदेशी भाषाओं में भारतीय साहित्य का प्रचार-प्रसार, सौंदर्यपरक भारतीय संवेदनाएं और भारतीय फिल्में, बिहार की साहित्यिक विरासत, राष्ट्रीय शिक्षा नीति में साहित्य की भूमिका, भारतीय नाटकों में प्रवासन एवं विस्थापन आदि। उत्सव में शामिल हो रहे कुछ अन्य लेखक, विद्वान एवं कलाकारों में नवतेज सरना, प्रतिभा राय, अरुण कमल, विश्वास पाटील, जेरी पिंटो, विश्वनाथ प्रसाद तिवारी, कपिल कपूर, उदय नारायण सिंह, अनीसुर रहमान, सुबोध सरकार, शीन काफ़ निज़ाम, हरिवंश, भरत गुप्त, रामवचन राय, लक्ष्मण गायकवाड, अनामिका, ममंग दई, वामन केंद्रे, भानु भारती, एम.के. रैणा, शरण कुमार लिंबाले, हृषीकेश सुलभ, महादेव टोप्पो, होशांग मर्चेंट, कंजी पटेल, एचएस शिवप्रकाश, अभिराज राजेंद्र मिश्र, हरप्रसाद दास, अशोक चक्रधर, पी. शिवकामी, लिलिट दुबे, मालिनी अवस्थी आदि शामिल हैं। इस दौरान प्रतिदिन शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जाएगा जिसमें ग्रेमी पुरस्कार से पुरस्कृत संगीतज्ञ रिकी केज़ की लाइव प्रस्तुति के साथ ही राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय, संगीत नाटक अकादेमी एवं पूर्वी क्षेत्रीय सांस्कृतिक केंद्र की प्रस्तुतियाँ भी शामिल होंगी। संस्कृति मंत्रालय के सचिव अग्रवाल ने बताया कि संस्कृति मंत्रालय दिल्ली के विज्ञान भवन में 11 से 13 सितंबर तक एक अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन करेगा जो 'ज्ञान भारतम्' के तहत पांडुलिपि धरोहर के माध्यम से देश की विरासत को पुनः जीवित करने का प्रयास है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में संस्कृति मंत्रालय की अपर सचिव अमिता प्रसाद सरभाई, इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय कला केंद्र के सदस्य सचिव डॉ. सच्चिदानंद जोशी एवं साहित्य अकादमी के सचिव डॉ. के. श्रीनिवासराव भी उपस्थित थे।

## वित्तीय साक्षरता के लिए युवाओं को दिया प्रशिक्षण

देहरादून । दून पुस्तकालय एवं शोध केंद्र ने बुधवार को वित्तीय साक्षरता सत्र नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का एक परिचयात्मक सत्र का आयोजन किया। इस सत्र का संचालन सेबी-प्रमाणित प्रतिभूति बाजार प्रशिक्षक डॉ. सुनील मदान ने किया। सुनील मदान ने युवाओं वित्तीय साक्षरता के इस सत्र में 'जीवन लक्ष्यों के लिए एक मजबूत आधार का निर्माण' शीर्षक के तहत कई आवश्यक बिन्दुओं को पर व्यापक प्रकाश डाला। उन्होंने इस क्रम में वित्तीय साक्षरता के 6 स्तंभों यथा- ज़रूरतें बनाम चाहत, 50-30-20 नियम, निवेश के सिद्धांत (निवेश के सूत्र), म्युचुअल फंड और उनके लाभ के अलावा बाजार में धोखाधड़ी के प्रकार और उनसे कैसे बचा जाय पर इस पर भी अपनी बात रखी। प्रतिभागियों को वित्त का बुद्धिमानी से प्रबंधन करने, भविष्य के लक्ष्यों की योजना बनाने, तथा संभावित जोखिमों के बारे में जागरूक रहते हुए सूचित निवेश निर्णय लेने के लिए व्यावहारिक उपकरण और ज्ञान की जानकारी दी गयी। यह कार्यक्रम सभी के लिए निःशुल्क रखा गया था।

# सुदृढ़ डिजिटल गवर्नेंस के लिए आधार सबसे प्रमुख माध्यम है : डॉ एस सिद्धार्थ

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पटना । बिहार के विकास आयुक्त डॉ एस सिद्धार्थ ने बुधवार को यहां कहा कि सुदृढ़ डिजिटल गवर्नेंस के लिए ल्आधारङ्क सबसे प्रमुख माध्यम है। इससे लोगों को न सिर्फ विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराया जा सकता है, बल्कि योग्य लाभार्थियों की सही पहचान सुनिश्चित हो सकती है। डॉ एस सिद्धार्थ राजधानी पटना में बिहार सरकार के सूचना प्रावैधिकी विभाग द्वारा ल्आधार सत्यापन सह सुदृढ़ डिजिटल सुशासन विषय पर आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला को बतौर मुख्य अतिथि सम्बोधत कर रहे थे।

इस कार्यशाला को बिहार सरकार के सूचना प्रावैधिकी विभाग के सचिव अभय कुमार सिंह के अलावा विभाग के विशेष सचिव, यूआईडीएआई के उप महानिदेशक सहित वरीय अधिकारियों ने संबोधित किया। इस कार्यशाला में बिहार सरकार के विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

डॉ सिद्धार्थ ने कहा कि आधार सत्यापन के माध्यम से बिहार में कई फर्जी राशन कार्ड की पहचान की गई है और उन्हें रद्द किया गया है। आधार कार्ड का मामला सरकार के विभिन्न विभागों से जुड़ा है। उन्होंने कहा कि एक व्यक्ति के पास आधार के साथ-साथ कई तरह के कार्ड और उसके नंबर उपलब्ध हैं। जैसे आपके आधार का नंबर कुछ है और आपके मतदाता पहचान पत्र, पैन, बैंक खातों में कुछ और नंबर दिए गए हैं जिससे सही व्यक्ति की पहचान सुनिश्चित करने में कई तरह की समस्याएं सामने आती हैं। यदि एक व्यक्ति के पास एक ही पहचान पत्र और एक ही यूनिक नंबर उपलब्ध हो तो सही लाभार्थी की पहचान करना आसान हो जाएगा। डॉ सिद्धार्थ ने कहा कि इससे डिजिटल सुशासन में भी पार्दर्शिता आएगी। आधार संख्या किसी भी व्यक्ति के लिए आजीवन वैध होती है और इसे विभिन्न पहचान उद्देश्यों के लिए प्रस्तुत किया जा सकता है।

# छेड़छाड़ के पुराने केस में तरनतारन की अदालत ने आआपा विधायक समेत सात को दिया दोषी करार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

चंडीगढ़। पंजाब के तरनतारन की जिला अदालत ने एक युवती के साथ छेड़छाड़ व मारपीट के करीब दस साल पुराने मामले में बुधवार को खडूर साहिब से आम आदमी पार्टी के विधायक मनजिंदर सिंह लालपुरा समेत 7 लोगों को दोषी करार दिया है। सभी सात दोषियों को 12 सितंबर को सजा सुनाई जाएगी। पुलिस ने सभी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गांव उसमां निवासी हरबिंदर कौर उसमां अपने पिता कश्मीर सिंह व परिवार के अन्य सदस्यों के साथ एक विवाह समारोह में भाग लेने के लिए 4 सितंबर, 2013 को गई थी। उस समय मौजूदा विधायक लालपुरा बतौर टैक्सी ड्राइवर वहां मौजूद थे। उन्होंने अपने अन्य टैक्सी चालकों के साथ हरबिंदर कौर उसमां के साथ कथित तौर पर छेड़छाड़ की। विरोध करने पर युवती के परिजनों के साथ मारपीट की गई। आरोप है कि मौके पर पहुंची पुलिस ने भी कथित तौर पर लड़की के साथ मारपीट की, जिसके बाद इस घटना का वीडियो वायरल हो गया।

सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले का संज्ञान लिया और परिवार को सुरक्षा मुहैया कराने के आदेश दिए थे। यह मामला सड़क से लेकर संसद तक गूंजा था। आरोपित टैक्सी चालकों में मनजिंदर सिंह लालपुरा 2022 में खडूर साहिब हलके से आम आदमी पार्टी के विधायक चुने गए। एडिशनल सेशन जज प्रेम कुमार की अदालत में बचाव पक्ष के वकील पेश हुए और सजा घटाने की अपील की। अदालत ने आरोपितों को दोषी करार देते सभी को पुलिस हिरासत में लेने के आदेश दिए, जिसके बाद अदालत परिसर पुलिस छावनी में बदल गया।


# अंतर मंत्रालयी टीम के सदस्यों ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात, आपदा प्रबंधन की प्रशंसा की

कैनविज टाइम्स संवाददाता



देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि उत्तराखंड आपदा की दृष्टि से अति संवेदनशील राज्य है। मानसून में राज्य को अतिवृष्टि के कारण भूस्खलन, बाढ और जल भराव की गंभीर समस्याओं से जूझना पड़ता है। उन्होंने कहा कि भूस्खलन से होने वाले नुकसान को कम करने के लिए राष्ट्रीय स्तर के संस्थानों को मिलकर पूर्वानुमान प्रणाली को और अधिक विकसित करने की दिशा कार्य करना होगा। मुख्यमंत्री धामी ने राज्य में आपदा से हुए नुकसान का जायजा लेने आई केंद्र सरकार की अंतर-मंत्रालयी टीम से मुलाकात की। मुख्यमंत्री केंद्रीय टीम सेआपदा प्रबंधन नी फीडबैक लिया। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि इस वर्ष अत्यधिक वर्षा के कारण राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में काफी नुकसान हुआ है। जनहानि के साथ ही परिसंपत्तियों को भी अत्यधिक क्षति पहुंची है। उन्होंने कहा कि राज्य के पर्वतीय क्षेत्रों में बादल फटने व भूस्खलन की घटनाओं से जमीन का स्थाई नुकसान होता है, ऐसी जगहों को दोबारा खेती-बाड़ी या निर्माण कार्यों के लिए प्रयुक्त करना संभव नहीं हो पाता है। इसके लिए प्रभावी कार्ययोजना पर भी उन्होंने बल दिया।

भारत सरकार की अंतर मंत्रालयी टीम के सदस्यों ने उत्तरकाशी, रूद्रप्रयाग, पौड़ी गढवाल, चमोली, बागेश्वर एवं नैनीताल जिले के विभिन्न क्षेत्रों में जाकर आपदा से हुए नुकसान का जायजा लेने के बाद बुधवार को सचिवालय में मुख्यमंत्री से भेंट की। गृह मंत्रालय भारत सरकार के संयुक्त सचिव आर. प्रसन्ना के नेतृत्व में आई इस टीम में अनु सचिव शेर बहादुर, अधीक्षण अभियंता सुधीर कुमार, उप निदेशक विकास सचान, मुख्य अभियंता पंकज सिंह, निदेशक डॉ. वीरेन्द्र सिंह शामिल थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि अंतर मंत्रालयी टीम ने आपदा प्रभावितों से बातचीत के दौरान मिले फीडबैक का उल्लेख करते हुए प्रभावित क्षेत्रों में संचालित राहत कार्यों को सराहनीय बताया।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - **राकेश कुमार पाण्डेय** कार्यकारी सम्पादक* - **अरशद सईद खान** स्टेट हेड - **संदीप मिश्रा**

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 **e-mail** : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063